CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

मेरठ, शनिवार 14 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 255 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश : योगी पेज 2



जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया खेल टाइम्स




नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि सम्पादकीय



बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी, संयुक्त निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोर्स कोऑर्डिनेटर पदों की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार बिसेन को निलंबित कर दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या लापरवाही प्रमाणित होने पर उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। निलंबन अवधि में वे निदेशालय से संबद्ध रहेंगे तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करेंगे। चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की एक गोपनीय शिकायत विभागीय मंत्री असीम अरुण को प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर जांच कराई गई। जांच के दौरान संयुक्त निदेशक की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इतना ही नही जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का मूल अभिलेखों से समुचित सत्यापन नहीं किया गया।

### महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर घिरे दयानिधि मारन

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से (सदेह) उपस्थित होने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, हाल में दिए एक बयान में दयानिधि मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं, जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इस बयान के बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई।

### सरकार की 25 लाख टन गेहूं व चीनी निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं के निर्यात के साथ-साथ 5 लाख टन गेहूं उत्पादों और चीनी के निर्यात की अनुमति दी। यह कदम पर्याप्त स्टॉक की स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। यह फैसला घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को पर्याप्त लाभ दिलाने के लिए लिया गया है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और कीमतों के आकलन के बाद यह निर्णय लिया गया है। अभी निजी संस्थाओं के पास 2025-26 के दौरान गेहूं का स्टॉक लगभग 75 लाख टन है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है, जो देश में पर्याप्त आपूर्ति स्थिति का संकेत देता है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में कुल गेहूं की उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्यात अनुमतियों से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में स्थिर गति से होगा सुधार!

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान को शुक्रवार सुबह बधाई देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के साथ भारत की असहजता जगजाहिर रही है। संबंध तब और निचले स्तर पर पहुंच गए थे जब यह संदेह जताया गया था कि वर्तमान शासन ने बांग्लादेश में भारतीय मिशनों के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए थे, जिनमें हमले की घटनाएं भी शामिल थीं। हालांकि, विश्लेषकों को तुरंत बहुत अधिक आत्मीयता बढ़ने की उम्मीद नहीं है, बल्कि वे एक नपे-तुले और व्यवस्थित दृष्टिकोण की आशा करते हैं।

■ पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने को व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं पीएम मोदी



### मोदी ने तारिक रहमान से की बात, जीत पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के प्रमुख तारिक रहमान से बात कर उन्हें बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के लोगों की शांति और प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री रहमान को बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके प्रयासों के लिए समर्थन और शुभकामनाएं दी। बाद में श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तारिक रहमान से बातचीत कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश के हाल के चुनावों में मिली उल्लेखनीय विजय पर बधाई दी। मैंने बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया। गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों वाले दो निकट पड़ोसी देशों के रूप में, भारत दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता दोहराता है।

**कहा: बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों में भारत साथ**

वहीं श्री रहमान द्वारा भारत के साथ संबंधों को सुधारने में बहुत तेजी दिखाने की भी संभावना कम है। बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में भारत-विरोधी भावना लंबे समय से एक शक्तिशाली राजनीतिक हथियार रही है। भारत के साथ बहुत अधिक उत्सुकता दिखाने की किसी भी धारणा से उनके राजनीतिक विरोधियों को हथियार मिल सकता है, जो नई सरकार को राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता करने वाली सरकार के रूप में चित्रित करने की कोशिश करेंगे। नतीजतन, दो सबसे संवेदनशील द्विपक्षीय मुद्दों, व्यापार और नदी जल बंटवारे, पर स्थिर प्रगति होने की उम्मीद है। बांग्लादेश ने लगातार बाजार तक व्यापक पहुंच और लंबे समय से लंबित जल-बंटवारा समझौतों के समाधान की मांग की है। भारत अपनी ओर से सुरक्षा सहयोग और क्षेत्रीय रणनीतिक तालमेल के बारे में चिंतित रहता है। एक प्रमुख बांग्लादेशी बुद्धिजीवी और संपादक जफर शोभन का तर्क है कि आने वाली बीएनपी सरकार के सामने विदेश नीति के पुनर्गठन के अलावा भी कई चुनौतियां हैं। वह कहते हैं कि भारत के साथ संबंध निश्चित रूप से उनमें से एक है, लेकिन यह कई बड़ी परीक्षाओं में से केवल एक है। दूसरी बड़ी चुनौती अवामी लीग के राजनीतिक भविष्य को संभालना होगा। बीएनपी ने लंबे समय से अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पर प्रतिबंधों की मांग की है।

### उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश में फरवरी के दूसरे हफ्ते में मैदानी राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पारा 30 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर चुका है। इन राज्यों में कई जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है और सुबह-शाम सर्दी हो रही है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में पारा 31 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं मध्य प्रदेश के 15 शहरों में तापमान ने 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के कर्नाटक में शुक्रवार को गर्मी का अलर्ट था। हिमालय के राज्यों में उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। गुरुवार को सबसे कम तापमान मुनस्यारी में माइनस 26 डिग्री रहा।

# मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अब मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें। साथ ही, सरकार को पीड़ितों के पुनर्वास के लिए बनी कमेटी की सिफारिशें जल्द लागू करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मणिपुर में 2023 में हुई जातीय हिंसा के मामलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि वह जातीय हिंसा से जुड़ी 11 एफआईआर की जांच पर दो हफ्ते के अंदर स्टेटस रिपोर्ट पेश करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बजाय मणिपुर हाई कोर्ट या गुवाहाटी हाईकोर्ट को इन मामलों के ट्रायल और जांच की निगरानी करनी चाहिए। बेंच के अनुसार, मणिपुर हाईकोर्ट में अब नए चीफ जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

**कहा: मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें**



### हिमाचल में पंचायत चुनाव की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पंचायत और नगर पालिका चुनावों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को स्वीकार कर लिया और चुनाव कराने की समय सीमा बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया 31 मई, 2026 तक या उससे पहले पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि आरक्षण सूची को 31 मार्च, 2026 तक अंतिम रूप देकर लागू कर दिया जाए। महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) अनूप रतन ने बताया कि शीर्ष न्यायालय ने एसएलपी स्वीकार कर ली है और राज्य में पंचायत चुनाव की समय सीमा बढ़ा दी है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने राज्य को 28 फरवरी तक आरक्षण सूची जारी करने और 30 अप्रैल, 2026 से पहले चुनाव कराने का निर्देश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर की थी।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किसानों के हक में, राहुल उन्हें भड़का रहे: गोयल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को पूरी तरह देश के किसानों के हित में बताते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर इस समझौते को लेकर किसानों को गुमराह करने और उन्हें आपस में भिड़ाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

श्री गोयल ने कहा है कि अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा, खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उनके उत्पादों मांग बढ़ेगी, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और किसानों की खुशहाली होगी। उन्होंने किसानों को समझौते को लेकर आश्वस्त किया है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा किसानों के साथ हमदर्दी रखते हैं तथा समझौते में देश के किसानों के हित को सबसे ऊपर रखा गया है। श्री गोयल ने शुक्रवार तड़के जारी एक बयान में कहा कि राहुल गांधी जी को मिथ्याचार की आदत है। उन्हें भारत मां या हमारे किसानों और युवाओं की भलाई की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने जारी एक वीडियो में, झूठ बोलने और बेबुनियाद आरोप लगाने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।



■ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले: अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा

### लोकसभा में हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगे

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। इधर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे थे।

**संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित, भाजपा ने कहा: सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते थे राहुल**

# साउथ ब्लॉक ब्रिटिश हुकूमत का प्रतीक: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ से कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया। साथ ही डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आजादी के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक में कई अहम फैसले हुए और नीतियां बनीं लेकिन ये इमारतें ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। इनका मकसद भारत को सदियों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था। इनसे निकलना जरूरी था।

■ गुलामी की मानसिकता से निकलना जरूरी, पीएमओ की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए बोले पीएम

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब कोलकाता शहर देश की राजधानी हुआ करता था। 1905 के बंगाल विभाजन के दौर में कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन चुका था। इसलिए 1911 में अंग्रेजों ने भारत की राजधानी को दिल्ली शिफ्ट किया। उसी के बाद अंग्रेजी हुकूमतों की जरूरतों और उसकी सोच को ध्यान में रखकर नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें बनी। मोदी ने कहा कि भवन ब्रिटेन के महाराज के सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम था। रायसीना हिल्स को इसलिए चुना गया ताकि ये इमारते अन्य इमारतों से ऊंची रहे। सौभाग्य से सेवा तीर्थ की इमारतें जमीन से जुड़ी हैं, पहाड़ पर नहीं हैं। पीएम ने एक्स पर लिखा- सेवा तीर्थ कर्तव्य, करुणा और भारत सर्वोपरि के सिद्धांत का प्रतीक है।




नई दिल्ली: सेवा तीर्थ नागरिक देवो भव भवन का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी।

### कंगना रनौत प्रकरण: अंतिम बहस अब छह मार्च को

**आगरा।** आगरा की विशेष एमपी-एमएलए अदालत में भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत से जुड़े प्रकरण में अंतिम बहस की अगली तारीख छह मार्च तय की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने फाइनल बहस के लिए यह तिथि निर्धारित की। अंतिम बहस के उपरांत अदालत यह निर्णय देगी कि कंगना रनौत के खिलाफ वाद चलाया जाएगा या नहीं। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा द्वारा 11 सितम्बर 2024 को स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया गया था।

# भारतीय पासपोर्ट मजबूत, रैंकिंग में पांच पायदान की उछाल

**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

साल की शुरुआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। इससे पहले 2025 में यह 85वें स्थान पर था, जिससे कुल मिलाकर 10 स्थानों की छलांग लगी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि उस देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के या वीजा ऑन अराइवल के साथ जा सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के ट्रैवल आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है। इस इंडेक्स में पाकिस्तानी पासपोर्ट 97वें नंबर है। उसकी पोजिशन फलस्तीन (91), नार्थ कोरिया (94) और सोमालिया (96) से भी नीचे हैं। नई रैंकिंग में सुधार का मतलब है कि भारतीय नागरिकों के लिए विदेश यात्रा पहले से आसान हुई है। छुट्टियों, कारोबार और सांस्कृतिक यात्राओं के लिए अब ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। एशिया, कैरेबियन, अफ्रीका और ओशिनिया के कई देश भारतीयों को आसान वीजा सुविधा दे रहे हैं। भारत की रैंकिंग पिछले दस साल में लगातार ऊपर-नीचे होती रही है। साल 2006 में भारत 71वें पायदान पर था, जो उसकी अब तक की सबसे अच्छा पोजिशन थी। इसके बाद रैंकिंग गिरती गई और पिछले साल तो 85वें स्थान पर पहुंच गई थी। 2026 की शुरुआत में भारत 80वें पायदान पर आया और अब 75वें स्थान पर पहुंच गया है। मजबूत पासपोर्ट का मतलब है कि उस देश के लोग ज्यादा देशों में बिना पहले से वीजा लिए जा सकते हैं। ऐसे पासपोर्ट पर वीजा-फ्री, वीजा-ऑन-अराइवल -शेष पृष्ठ दो पर

**56 देशों में वीजा फ्री एंट्री, पाकिस्तान की पोजिशन फलस्तीन और नॉर्थ-कोरिया से भी नीचे**




# राहुल गांधी किसान संगठनों के नेताओं से मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की।

इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा।

■ बोले: किसान हितों से समझौता नहीं
■ भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन पर हुई बात

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में मुख्तार अंसारी के शूटर और अधिवक्ता की हत्या

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को ज्ञात बदमाशों ने मुख्तार अंसारी के शूटर और अधिवक्ता सुएब उर्फ बॉबी की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली नगर अंतर्गत असैनी मोड पर अधिवक्ता सुएब उर्फ बॉबी लखनऊ से बाराबंकी की ओर अपनी कार से आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार असैनी मोड़ ब्रिज के पास पहुंची, पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिग शुरू कर दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय और अपर पुलिस अधीक्षक विकास त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पफॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि एडीजी जोन लखनऊ भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

### काशी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में शुक्रवार को जिला न्यायालय (कचहरी) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसके बाद परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस उपायुक्त (वरुणा जोन) प्रमोद कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। कचहरी परिसर को तत्काल खाली कराया जा रहा है तथा सभी वकीलों को घर लौटने की अपील की जा रही है। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि जिला जज संजीव शुक्ला को ई मेल के माध्यम से खबर दी गई है। बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वायड के साथ कई थानों के फोर्स के साथ परिसर को खाली कराया गया।

### विधानसभा में योगी बोले-उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश

# अब न कर्फ्यू है, न दंगा, यूपी में अब सब चंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अब न कर्फ्यू है, न दंगा है, अब यूपी में सब चंगा है।

सीएम योगी ने दावा किया कि पिछले 9 सालों में कानून-व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, अपराधियों पर बुलडोजर चला, माफिया का सफाया हुआ और यूपी अब सुरक्षित राज्य बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग दंगा-कर्फ्यू की बात करते हैं, वे पुरानी यादें ताजा कर रहे हैं। आज यूपी के हर जिले में एक साइबर थाने हैं, हर थाने में साइबर डेस्क है, आज हजारों करोड़ रुपए ठगों से वापस दिलाने में सहयोग किया है। आज सेफ सिटी की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने पीएसी का पुर्नगठन किया है, तीन महिला पीएसी का गठन किया है, आगे हम तीन और करेंगे, पीएसी वाहिनियों से ही दंगाई डरते हैं।



■ 2017 से पहले राज्य में सत्ता के संरक्षण में गुंडे व माफिया पनप रहे थे, हमारी सरकार ने पहले ही दिन से जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई

वहीं उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र (वित्तीय वर्ष 2026-27) में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए कानून-व्यवस्था, विकास, महिला सुरक्षा और प्रदेश की बदली छवि पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा।

उन्होंने दोहराया कि यह कर्फ्यू से कानून तक, समस्या से समाधान तक और अव्यवस्था से सुशासन तक की यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे। अपराधी, अपराधी होता है। हमारी सरकार ने पहले दिन 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है। योगी ने कहा कि पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे। पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है। उन्होंने दावा किया कि 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है।

#### महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है और वर्तमान में प्रदेश में 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता को भी कई गुना बढ़ाया गया है। पफॉरेंसिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में दो-तीन फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब कार्यरत हैं। नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार पिछले आठ वर्षों में 6 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि उन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित किया जाएगा। राशन, स्वास्थ्य और अन्य सभी सुविधाएं यथावत मिलती रहेंगी।

# उप्र के बड़े करदाताओं को सरकार से बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 20 फरवरी से प्रदेश में व्यक्तिगत सुनवाई वर्चुअल माध्यम से करेगा राज्य कर विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में करदाताओं को बड़ी सहूलियत देते हुए राज्य कर विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रदेश के बड़े करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई वर्चुअल माध्यम से की जाएगी। यह व्यवस्था 20 फरवरी से प्रभावी होगी। इस पहल का उद्देश्य टैक्स प्रणाली को सरल बनाना, तकनीकी का अधिकतम उपयोग करना और 'ईज आफ डूइंग' को बढ़ावा देना है।

शासन स्तर पर मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है, जिससे न्याय निर्णयन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और करदाता-हितैषी बन सके। यह व्यवस्था संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर लागू होगी। शुक्रवार को प्रमुख सचिव, राज्य कर, कामिनी रतन चौहान ने बताया कि प्रदेश के सभी संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर पंजीकृत करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई सामान्य परिस्थितियों में अनिवार्य रूप से वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं के अनुरूप होगी। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।

यदि कोई करदाता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि किसी विशेष कारण से वर्चुअल के बजाय भौतिक रूप से उपस्थित होकर सुनवाई कराना चाहता है, तो उसके प्रार्थना पत्र पर विचार कर अधिकारी द्वारा अवसर प्रदान किया जाएगा। आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश डा. नितिन बंसल ने बताया कि कारपोरेट सर्किल का गठन बड़े करदाताओं को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा उठा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अभी नियमितीकरण संभव नहीं: योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण और किशोरों को ड्राइविंग लाइसेंस दिए जाने का मामला सदन में उठाया गया।

सरकार ने दोनों ही मामले में सदन में जवाब दिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक संग्राम यादव ने आजमगढ़ राजकीय मेडिकल कॉलेज से जुड़े 100 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाए जाने का मामला उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से कार्यरत संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित क्यों नहीं किया जा रहा है और उन्हें सेवा सुरक्षा क्यों नहीं दी जा रही। जवाब में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की वर्तमान नीति के तहत आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक पृथक निगम का गठन किया गया है, जिससे वेतन भुगतान और सेवा शर्तों में मनमानी की शिकायतों को रोका जा सके। विपक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कंपनियों के माध्यम से वेतन वितरण में पारदर्शिता की कमी है तथा ईपीएफ की कटौती के बावजूद कई मामलों में राशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही। सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एनकाउंटर व रोजगार पर विपक्ष ने घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने राज्य सरकार को कई अहम मुद्दों पर घेरते हुए भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे विषयों पर गंभीर सवाल उठाए।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे अधिक भ्रष्टाचार से ही परेशान है। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं और कई अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन उनकी स्थिति की कोई स्पष्ट जानकारी सदन को नहीं दी गई। उनका कहना था कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशें सदन के पटल पर लाई जातीं, तो सदस्य भी उनकी समीक्षा कर सकते थे।



■ कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर पूछे सवाल

उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनका कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त आठ वर्षों से पद पर हैं, इस विषय पर सरकार को स्पष्टता लानी चाहिए। कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के मामलों में पुलिसकर्मियों का नाम आपराधिक घटनाओं में सामने आना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि डीजीपी कार्यालय प्रभावी ढंग से काम करता नहीं दिख रहा है और राज्य में कार्यवाहक व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि उच्चतम न्यायालय की मंशा के अनुरूप स्थाई डीजीपी की नियुक्ति की जाए, ताकि अधिकारी बिना किसी दबाव के काम कर सकें। एनकाउंटर की घटनाओं पर भी माता प्रसाद पांडेय ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी का भविष्य बर्बाद करने वाली गलत परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए। यदि आज गलत मिसाल कायम की जाएगी तो आने वाली सरकारें उससे भी आगे बढ़ सकती हैं। गैंगस्टर कानून में संशोधन की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के कार्यकाल में यह अधिनियम लाया गया था और तब भी उन्होंने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि केवल गोली से अपराध खत्म नहीं होगा, बल्कि व्यवस्था में भरोसा पैदा करना जरूरी है। साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि संगठित साइबर गिरोह आम लोगों को घर बैठे निशाना बना रहे हैं।

## विधानसभा में सपा सदस्य रागिनी सोनकर के सवाल को लेकर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में भर्तियों में आरक्षण के मुद्दे पर शुक्रवार को जोरदार हंगामा देखने को मिला। समाजवादी पार्टी विधायक रागिनी सोनकर ने राज्य स्तरीय भर्तियों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को दिए जा रहे आरक्षण को लेकर सरकार से सवाल पूछा। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब देते हुए बताया कि अप्रैल 2017 से अब तक कुल 47 हजार पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इनमें 18 हजार सामान्य वर्ग, 2081 (ईडब्ल्यूएस), 9580 अनुसूचित जाति, 447 अनुसूचित जनजाति और 17,295 ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी दी गई है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट रागिनी सोनकर ने पूरक प्रश्न पूछते हुए आरक्षण के अनुपालन को लेकर दोबारा स्पष्टीकरण मांगा। इसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्य भी खड़े होकर हंगामा करने लगे, जिससे सदन का माहौल गरमा गया। स्थिति को संभालते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्तापक्ष के सदस्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ष्जब हम विपक्ष से बात कर रहे हैं, तो आप लोग हंगामा क्यों कर रहे हैं। सदन हमें चलाना है या आपको। इसके बाद अध्यक्ष ने नाराजगी में अपना हेडफोन टेबल पर रख दिया और सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82626.76
निफ्टी 25471.10

सोना रु. 154000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 250000
प्रति किलो




## शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स 1,048 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,048.16 अंक (1.25 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,626.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 25,471.10 अंक पर बंद हुआ।

प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन टूटे हैं। यह दोनों सूचकांकों का 2 फरवरी के बाद का निचला स्तर है।मझौली और छोटी कंपनियों पर और भी अधिक दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.69 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.79 फीसदी गिर गया। आईटी, एफएमसीजी, धातु, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।आईटी कंपनियों में सुबह तेज गिरावट थी, लेकिन बाद में उनमें काफी सुधार हुआ। सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस (करीब ढाई प्रतिशत) और भारतीय स्टेट बैंक की तेजी को छोड़कर अन्य कंपनियों गिरावट में रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और इटरनल के शेयर चार प्रतिशत से अधिक गिर गए। टाटा स्टील, टाइटन, टीसीएस, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटे। बीईएल, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, इंफोसिस, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही।



## सोना और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड कीमतों के बाद पहली बार भारत में सोना डिस्काउंट रेट पर बिक रहा है, लेकिन खरीददार फिर भी दूरी बनाए हुए हैं। करीब एक महीने बाद इस हफ्ते भारतीय बाजार में सोना आधिकारिक कीमत से नीचे यानी डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहा है। एक ज्वैलर ने बताया कि मेकिंग चार्ज में छूट देने के बावजूद ज्वैलरी की मांग नहीं सुधरी है। मौजूदा ऊंची कीमतों पर रिटेल खरीदार सहज महसूस नहीं कर रहे। 13 फरवरी शुक्रवार को घरेलू बाजार में सोने का भाव करीब 1,54,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास रहा। हालांकि पिछले हफ्ते कीमत फिसलकर 1,33,687 रुपए प्रति 10 ग्राम तक आ गई थी। यानी रिकॉर्ड हाई से गिरावट आई है, लेकिन कीमत अब भी आम खरीदार की पहुंच से ऊपर मानी जा रही है। रॉकेट की रफ्तार से भागने के बाद अब चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर चांदी फिसलकर करीब ढाई लाख रुपये प्रति किलो के स्तर तक आ गई है। इससे पहले चांदी ने 4.20 लाख रुपये प्रति किलो का ऐतिहासिक उच्च स्तर छुआ था। उस रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद से लगातार मुनाफावसूली और वैश्विक दबाव के कारण कीमतों में गिरावट जारी है। फिलहाल यह 2.30 लाख रुपये से 2.70 लाख रुपये प्रति किलो के दायरे में कारोबार कर रही है। मुंबई के एक निजी बैंक से जुड़े बुलियन डीलर ने बताया कि ज्यादातर ज्वैलर्स और डीलर फिलहाल बैंकों से खरीदारी से बच रहे हैं।

## चावल, गेहूं और खाद्य तेल मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी तेजी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत सात रुपये चढ़कर 2,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। आटे की कीमत गत दिवस के स्तर पर रही।

दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल औसतन 34 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 22 रुपये और चना दाल की 16 रुपये बढ़ी। मूंग दाल पांच रुपये चढ़ गई। वहीं मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा तीन रिंगिट की बढ़त में 4,046 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.52 प्रतिशत टूटकर 57.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल और वनस्पति की औसत कीमत 101 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 75 रुपये और सरसों तेल में 51 रुपये महंगी हुई। मूंगफली तेल में 14 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सोया तेल के भाव लगभग गत दिवस से स्तर पर पड़े रहे। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी में टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7785.08 रुपये, मसूर काली 8104.70 रुपये, मूंग दाल 10132.57 रुपये, उड़द दाल 10628.72 रुपये, तुअर दाल 11085.05 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.84 रुपये और चावल 3859.09 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3317.20 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मणिपुर हिंसा...** आ चुके हैं, इसलिए वे स्थानीय हालात को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं। कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वे जस्टिस गीता मित्तल कमेटी की सिफारिशों को हर हाल में लागू करें। यह कमेटी पीड़ितों के पुनर्वास और उनके कल्याण के लिए बनाई गई थी। इस कमेटी में तीन पूर्व महिला जज शामिल हैं, जो अब तक पीड़ितों की मदद के लिए कई रिपोर्ट सौंप चुकी हैं। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। हजारों लोग बेघर हुए हैं और कई घायल हुए हैं। यह हिंसा तब भड़की थी जब मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित की तरफ से पेश हुई वकील वृंदा ग्रोवर ने एक पीड़ित महिला का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि गैंगरेप की शिकार एक कुकी महिला की पिछले महीने सदमे और बीमारी से मौत हो गई। वकील ने आरोप लगाया कि सीबीआई ने चार्जशीट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और मुख्य आरोपी भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा है। उन्होंने जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस पर सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मणिपुर में अब हालात पहले से बेहतर और शांतिपूर्ण हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि पीड़ितों को मुफ्त कानूनी मदद मिलनी चाहिए। अगर स्थानीय स्तर पर वकील उपलब्ध नहीं हैं, तो गुवाहाटी बार से वकील भेजे जा सकते हैं। वहीं, वकील कॉलिन गोंसाल्वेस ने शिकायत की कि उन्हें कमेटी की रिपोर्ट नहीं मिल रही है, जिससे पुनर्वास का काम धीमा पड़ा है। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में कुछ संवेदनशील जानकारी हो सकती है, इसलिए उसे सावधानी से साझा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर 26 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने जस्टिस गीता मित्तल कमेटी का कार्यकाल भी 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है ताकि राहत कार्य जारी रह सके।

**भारतीय पासपोर्ट...** या ई-वीजा की सुविधा मिलती है। वीजा के लिए कम कागजी काम और कम इंतजार करना पड़ता है। विदेश घूमने, पढ़ाई करने या बिजनेस ट्रिप पर जाना आसान हो जाता है। यह दिखाता है कि दूसरे देश उस देश के नागरिकों पर भरोसा करते हैं। 2026 की रैंकिंग में सिंगापुर पहले स्थान पर है। सिंगापुर के पासपोर्ट से 192 देशों में वीजा-फ्री यात्रा की जा सकती है। दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिनके नागरिक 187 देशों में बिना वीजा जा सकते हैं। तीसरे स्थान पर स्वीडन और यूएई हैं, जहां से 186 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। चौथे स्थान पर बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड्स और नार्वे हैं, जिनके पासपोर्ट से 185 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा संभव है। पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रिया, ग्रीस, माल्टा और पुर्तगाल हैं, जहां से 184 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। छठे से दसवें स्थान तक न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया और अमेरिका शामिल हैं। अमेरिका के पासपोर्ट से 179 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा की जा सकती है।

## मेरे भाषण से संसदीय कामकाज पर टिप्पणी और प्रधानमंत्री की नीतियों की आलोचना हटाई गई: खड़गे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सदन में कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा 'बिना किसी औचित्य के' कार्यवाही से हटा दिया गया, जिसमें उन्होंने संसदीय कामकाज पर टिप्पणियां और प्रधानमंत्री की चंद नीतियों की आलोचना की थी। शून्यकाल की समाप्ति के बाद खड़गे ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा में उन्होंने सामाजिक न्याय से लेकर संसदीय तथ्यों पर अपनी बातें रखी थीं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भाषण की समीक्षा करने पर मैंने पाया कि मेरे भाषण का बड़ा हिस्सा बिना किसी औचित्य के हटा दिया गया है। ए वे हिस्से हैं, जिनमें मैंने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संसदीय कामकाज पर तथ्यों के साथ टिप्पणियां की हैं और प्रधानमंत्री की चंद नीतियों की आलोचना की है, जो नेता प्रतिपक्ष होने के नाते मेरा दायित्व भी है, क्योंकि मुझे लगता है कि वे नीतियां भारतीय जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। पांच दशक से अधिक के संसदीय जीवन में वह हमेशा भाषा की मर्यादा के प्रति सजग और सचेत रहे हैं। राज्यसभा के नियम एवं संचालन प्रक्रिया का नियम 261 केवल विशिष्ट और सीमित परिस्थितियों में ही लागू होता है। उन्होंने कहा कि जो टिप्पणियां हटाई गई हैं, उनमें कुछ भी असंसदीय नहीं है।

## आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य व नैतिक ढांचा प्रदान करती है: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां ब्रह्मा कुमारीज के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रपति ने गुरुग्राम स्थित ओम शांति 'रिट्रीट सेंटर' के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया। मुर्मू ने कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का भौतिक प्रगति के साथ समन्वय आवश्यक है। आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है और तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता तथा प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। किन्तु नैतिकता के बिना आर्थिक और



■ ओम शांति सेंटर के रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया

तकनीकी विकास समाज में असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। उदाहरण के लिए, अनैतिक आर्थिक प्रगति से धन और संसाधनों का केंद्रीकरण, पर्यावरण को क्षति तथा समाज के कमजोर वर्गों का शोषण हो सकता है। नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है, जो हमें कर्मयोग अर्थात निस्वार्थ सेवा का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करता है। आध्यात्मिकता सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और सेवा जैसे गुणों पर भी बल देती है। ये एक शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक सिद्धांत हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग की शिक्षा देता है। यह केवल एक स्थान पर बैठकर आत्मचितन करने तक सीमित नहीं है। कर्मयोग इसका एक मूलभूत अंग है। कर्मयोग का अर्थ है अपनी सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उच्च आध्यात्मिक सिद्धांतों का पालन करना। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि ब्रह्मा कुमारीज से जुड़े लाखों लोग नियमित रूप से कर्मयोग का अभ्यास कर सार्थक जीवन जी रहे हैं।

# मवाना में रोडवेज बस ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, मौत

### लिसाड़ी गेट निवासी तहेरे व चचेरे भाई थे मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** शुक्रवार शाम मवाना मेरठ मार्ग स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मेरठ की ओर से आ रही रोडवेज बस ने सामने से अपाचे बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। मृतक मेरठ के लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रहने वाले तहेरे चचेरे भाई थे। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपाचे बाइक सवार युवक मेरठ की दिशा में जा रहे थे, जबकि रोडवेज बस मवाना की ओर आ रही थी। शाम करीब 4:30 बजे दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल सहायता का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान आहद पुत्र एहसास एवं उमर पुत्र गुलफाम, निवासी आशियाना कॉलोनी, लिसाड़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई है। मृतकों के ताऊ के बेटे नावेद अंसारी पुत्र मुस्तफा अंसारी ने दोनों की शिनाख्त की। परिजनों के अनुसार, आहद सिलाई का कार्य करता था, जबकि उमर पावरलूम पर काम करता था। दोनों आपस में तहेरे चचेरे भाई लगते थे और एक ही परिवार से थे। असमय मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्रीय लोगों में भी घटना से गम का माहौल है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में





लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भिजवा दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर फरार चालक व परिचालक की तलाश शुरू की है।

## रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग, एसएसपी से मिला पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/मवाना।** थाना मवाना क्षेत्र के ग्राम खेड़की जदीद में हुई मारपीट के मामले में पीड़ित ने एसएसपी से को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। इस मामले में एसएसपी मेरठ ने थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के लिए आदेशित किया है। खेड़की जदीद निवासी सतबीर पुत्र ज्ञान सिंह व कार्तिक उर्फ भूरा ने बताया कि 11 फरवरी को गांव में ट्रैक्टर-बुग्गी की साइड लगने पर गांव निवासी गौरव, निशांत, गोलू, सुंदर व धीर सिंह ने उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की थी। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया था। आरोप है कि पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनीं और डाक्टरी नहीं कराई, जबकि उनके खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ितों की शिकायत के बाद एसएसपी अविनाश पांडेय ने थाना पुलिस को मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई का आदेश दिया है।

# रमजान माह को लेकर तमाम व्यवस्थाएं सुचारू करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** रमजान महीने को लेकर साफ-सफाई, जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति को लेकर राजद के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम मवाना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तमाम व्यवस्थाओं को लेकर रमजान के अनुरूप करने की मांग की। जिससे रोजेदारों को परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे पार्टी के प्रदेश महासचिव यूसुफ कुरैशी ने कहा कि 19 फरवरी से रमजान माह शुरू होने की संभावना है। सेहरी में तड़के 2 बजे से 6 बजे तक व अफतार के समय शाम 6 बजे से रात के 11 बजे तक जल व विद्युत आपूर्ति पूरे तहसील क्षेत्र में होनी चाहिए। तहसील क्षेत्र के सभी कस्बों में मस्जिदों व मदरसों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहनी चाहिए। खंभों पर लगी खराब लाइटों को रमजान माह से पहले ठीक कराया जाना चाहिए। जलनिगम द्वारा डाली गई पाइप लाइन से बने गड्ढों को जल्द भरा जाना चाहिए, क्योंकि इसमें गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। इस पर एसडीएम संतोष सिंह ने जल्द ही सभी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया। राजेंद्र प्रसाद जाटव, नवेद आलम, जावेद अंसारी, राहत अली, मोहम्मद शाह, मोहित, फरहाज आदि मौजूद रहे।

## डीएन पॉलिटेक्निक में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डी.एन. पॉलिटेक्निक, मेरठ में सोमवार से चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुक्रवार को सफलता पूर्वक समापन हो गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन स्टाफ सदस्यों के बीच आयोजित क्रिकेट मैच दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कप्तान आशीष प्रवक्ता, सिविल की टीम ने जीत दर्ज की। मैच में आशीष, कपिल, कुलदीप, अमित और सागर ने शानदार बल्लेबाजी की, जबकि अमित कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। नेहा शर्मा और निशांत चैंपियन ऑफ द ईयर बने। प्रतियोगिताओं के समग्र परिणाम के आधार पर व्यक्तिगत उपलब्धियों की घोषणा की गई। छात्र वर्ग नेहा शर्मा अंतिम वर्ष, इलेक्ट्रिकल को छात्र चैंपियन और सादिया चौहान द्वितीय वर्ष, कंप्यूटर साइंस को छात्र कैप्टन की उपाधि दी गई। छात्र वर्ग निशांत प्रथम वर्ष, मैकेनिकल मिस्टर चैंपियन बने, जबकि अभिषेक तृतीय वर्ष, सिविल को कैप्टन चुना गया। विभिन्न स्पर्धाओं के परिणाम संस्था द्वारा जारी विस्तृत सूची के अनुसार, प्रमुख स्पर्धाओं के विजेता इस प्रकार रहे। लंबी कूद छात्र रचित प्रथम, रीतिका शर्मा द्वितीय रहे।

# एकता बाजार मार्केट में अतिक्रमण अभियान का विरोध

### व्यापारियों ने दुकान बंद कर चाबियां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजने की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना देहली गेट क्षेत्र स्थित एकता बाजार मार्केट में रविवार को परवर्तन दल टीम के द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान के दौरान एकता बाजार व्यापार संघ नगर निगम मेरठ बाजार के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान व महामंत्री सुरेश सिंघल के अलावा वहां इकट्ठा हुए व्यापारियों ने नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान का विरोध किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सलाहकार सदस्य रेल मंत्रालय भारत सरकार और एकता बाजार मार्केट के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी और परवर्तन दल की टीम बिना किसी नोटिस के व्यापारियों का उत्पीड़न करने चली आती है। जिसका हम विरोध करते हैं, जिस तरह से आज नगर निगम की टीम और अधिकारियों द्वारा व्यापारी का समान जब्त किया गया और समान देने की एवज में 1000 से लेकर 5000 तक की धनराशि की मौके पर ही उगाई की गई है। इस तरह की कार्यवाही



गलत है क्योंकि व्यापारी कारोबार से टूटा हुआ है और हम सरकार से मांग करते हैं कि व्यापारीयों का उत्पीड़न बंद करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारे बाजार में बड़े वाहनों की आवाजाही के कारण जाम लगता है, ना कि दुकानदारों की वजह से जिसके ऊपर अभी तक कोई अधिकारी अंकुश नहीं लगा पा रहा है। मोहम्मद इमरान और सुरेश सिंघल ने व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि अगर व्यापारियों का उत्पीड़न बंद नहीं किया गया तो उसके विरोध में हम अपनी दुकानों की चाबी डाक द्वारा मुख्यमंत्री को भेज देंगे, जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा।

## बिजेन्द्र सूद बने मंडल अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद एवं भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह द्वारा बिजेन्द्र सूद को मेरठ मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर आसपास के जिलों में खुशी की लहर दौड़ गई है।



कार्यकताओं का कहना है कि बिजेन्द्र सूद ने दिन-रात अथक परिश्रम करते हुए हर गरीब, शोषित और पीड़ित की आवाज को बुलंद करने का कार्य किया है। मेरठ में हर जनसमस्या को मजबूती के साथ उठाकर उन्होंने न्याय दिलाने का सराहनीय प्रयास किया। उनकी संघर्षशील कार्यशैली, निष्ठा और समर्पण को देखते हुए यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है। बिजेन्द्र सूद के समर्थकों ने कहा कि उनकी नियुक्ति न केवल उनके संघर्ष का सम्मान है, बल्कि संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और जनसेवा की भावना का भी प्रमाण है। उनके समर्थकों का कहना है कि है कि उनके नेतृत्व में मेरठ मंडल में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय की आवाज पहुंचेगी। बिजेन्द्र सूद को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### दिनभर जाम के झमेले में रहा महानगर

**मेरठ।** महानगर आज कल दिनभर जाम के झमेले में उलझा रहता है। एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हापुड़ अड्डा चौराहा, घंटाघर चौराहा, लिसाड़ी गेट चौराहे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं इस जाम से व्यापारियों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि जाम ने पूरा कारोबार चोपट कर दिया है।

## ललित कला संस्थान में पुलवामा दिवस पर शहीदों को कलात्मक श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला संस्थान में पुलवामा दिवस के अवसर पर वर्ष 2019 के आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, संवेदनशीलता और कर्तव्य बोध की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पुलवामा के शहीदों के हस्तनिर्मित चित्र बनाकर उन्हें अपनी सृजनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की। कला के माध्यम से व्यक्त यह सम्मान न केवल स्मरण का प्रतीक था, बल्कि नई पीढ़ी को शौर्य, त्याग और समर्पण के आदर्शों से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास भी रहा। इस अवसर पर प्रोफेसर अलका तिवारी ने पुलवामा की घटना का संदर्भ प्रस्तुत करते हुए शहीदों की वीरता, राष्ट्रनिष्ठा और बलिदान की गाथा विद्यार्थियों को सुनाई। उन्होंने कहा कि कला केवल सौंदर्यबोध का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय मूल्यों के संवहन का प्रभावी साधन भी है। यह आयोजन विश्वविद्यालय की उस शैक्षिक परंपरा का प्रतीक है। जिसमें ज्ञान, संवेदना और राष्ट्रीय उत्तर दायित्व का समन्वय करते हुए विद्यार्थियों को जागरूक एवं मूल्यनिष्ठ नागरिक बनाने का सतत् प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया तथा मौन रखकर उनकी स्मृति को श्रद्धासुमन अर्पित किए। आयोजन की सफलता में डॉ. पूर्णिमा वशिष्ठ, डॉ. शालिनी धामा, डॉ. रीता सिंह, दीपांज. लि, खालिद एवं कृतिका का विशेष योगदान रहा। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों ने पूरे वातावरण को भावनात्मक एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

## आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 के साथ अपने बच्चे का भविष्य करें सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया दीर्घकालिक बचत प्लान आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 लॉन्च किया है। यह योजना माता-पिता को अपने बच्चे की भविष्य की आर्थिक जरूरतों की योजना बनाने में मदद करेगी और इसमें गारंटीड लाभ शामिल हैं। आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 के तहत स्कूलिंग, उच्च शिक्षा या युवावस्था की जरूरतों जैसे तय पड़ावों पर मनीबैक या पहले से तय भुगतान की सुविधा मिलती है। खास बात यह है कि ग्राहक भुगतान राशि को स्थिर या हर साल बढ़ने वाली राशि के रूप में चुन सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने कहा, आईसी आईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 को इस सोच के साथ तैयार किया गया है कि माता-पिता अपने बच्चे का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित कर सकें।

# वार्षिक खेल पुरस्कार लेकर झूम उठे डीपीएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं

### सचिव व प्रोफेसर ने छात्रों को वितरित किए स्मृति चिन्ह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम स्कूल में वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत भव्य, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण बड़े हरशु लाश के साथ में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों के अभिभावकों को ससम्मान आमंत्रित किया गया। भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने कार्यक्रम की शोभा को चार चाँद लगा दिये। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के यशस्वी एवं दूरदर्शी सचिव जगदीश त्यागी तथा प्रधानाचार्य जिया जैदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम की मंगलमयी शुरुआत गणेश वंदना से हुई। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सचिव का विशिष्ट योगदान एवं प्रेरक विचार इस भव्य आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा तैयार करने एवं उसे सफल बनाने में सचिव जगदीश त्यागी का विशेष योगदान रहा। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता, अनुशासनप्रियता एवं विद्यालय



स्मृति चिन्ह देते हुए सचिव जगदीश त्यागी, प्रो. हरेंद्र सिंह तथा प्रधानाचार्य जिया जैदी।

के प्रति समर्पण भावना ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी की तथा प्रत्येक शिक्षक एवं स्टाफ का मार्गदर्शन किया। सचिव जगदीश त्यागी ने अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल जीवन का आधार हैं। खेल हमें अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं संघर्ष की शक्ति प्रदान करते हैं। डीपीएम स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, ताकि वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। अभिभावकों का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

प्रधानाचार्य जिया जैदी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, अनुशासित एवं संस्कारी नागरिक बनाना है। उन्होंने सभी विजेता विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### शोभित विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट द्वारा...

# भारत यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर मास्टर क्लास का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा प्रबंधन छात्रों के लिए भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता विषय पर मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। यह सत्र वैश्विक व्यापार, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों एवं उभरते अवसरों की समझ विकसित करने हेतु विशेष रूप से बी-स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित किया गया।





कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, डॉ. अभिषेक कुमार डबास द्वारा सत्र के संसाधन वक्ता प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर निदेशक, नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्ट्डीज, प्रो. विकास गुप्ता उपस्थित रहे। अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने कहा कि आज के वैश्विक परिदृश्य में भारत एक हॉट मार्केट के रूप में उभर रहा है, और ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों की जानकारी प्रबंधन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत मुक्त व्यापार समझौता 27 जनवरी 2026 को लगभग दो दशकों की लंबी वार्ता के पश्चात संपन्न हुआ है, जिसे विशेषज्ञ मदर ऑफ ऑल डील्स की संज्ञा दे रहे हैं। यह समझौता वैश्विक व्यापार, निवेश एवं आपूर्ति श्रृंखला के नए अवसरों को जन्म देगा। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने अपने विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान में मुक्त व्यापार की अवधारणा, इसके लाभ एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने बताया कि मुक्त व्यापार का अर्थ है अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर न्यूनतम या शून्य सरकारी प्रतिबंध, जिससे उपभोक्ताओं को कम कीमतों पर बेहतर उत्पाद मिलते हैं, उद्योगों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने निर्यात आधारित विकास का उदाहरण देते हुए दक्षिण कोरिया, ताइवान, सिंगापुर और चीन जैसे देशों की प्रगति का उल्लेख किया तथा बताया कि किस प्रकार निर्यात को बढ़ावा देकर आर्थिक सशक्ति करण संभव है। प्रो. गुप्ता ने यूरोपीय संघ की संरचना, उसके सदस्य देशों की भूमिका और भारत व्यापार के बढ़ते आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। वस्त्र एवं परिधान, औषधि, आईटी सेवाएं, इंजीनियरिंग उत्पाद, रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है। उन्होंने डिजिटल व्यापार, साइबर सुरक्षा, डेटा प्रवाह, निवेश संरक्षण, बौद्धिक संपदा अधिकार एवं सतत् विकास जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की और बताया कि भविष्य के प्रबंधकों को केवल राष्ट्रीय नहीं बल्कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को भी समझना आवश्यक है। सत्र के दौरान समस्त प्रबंधन विद्यार्थी उपस्थित रहे और उन्होंने सक्रिय सहभागिता करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार, वैश्विक बाजार में भारत की भूमिका तथा भविष्य के करियर अवसरों पर अपने प्रश्न एवं विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर नेहा यजुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर, डॉ. गार्गी चौधरी, डॉ. प्रीति, रूपाली कनौजिया आदि रहे।

# केंद्र सरकार के फैसलों का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा का नाम एवं नियम बदलने के विरोध में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत विशाल पैदल मार्च निकाला गया। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस कार्यालय पर इकट्ठा हुए जहां से क्रांतिकारी वीर मंगल पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पदयात्रा का शुभारंभ किया गया।



यह पदयात्रा मंगल पांडे की प्रतिमा से आरंभ होकर बुढ़ाना गेट, सत्यम प्लाजा, खैर नगर चौराहा, छतरी वाला पीर, अहमद रोड, अस्पताल रोड होते हुए टाउन हाल स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर समाप्त हुई। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही रवैये से देश चला रही है, जिससे गरीब एवं श्रमिक वर्ग का भविष्य खतरे में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई मनरेगा योजना करोड़ों श्रमिक परिवारों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि मनरेगा गरीब परिवारों के लिए सम्मान जनक रोजगार का अधिकार है। यदि इसके नियमों में बदलाव कर इसे कमजोर किया गया तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा। किठौर विधानसभा से चुनाव लड़ चुकी बबीता गुर्जर ने इसे केंद्र सरकार की तानाशाही बताया और कहा कि मनरेगा ने देश को मजबूत किया लेकिन भाजपा द्वारा इसके नियम बदलने से देश के मजदूरों का नुकसान होगा। इस दौरान मॉनिंदर सूद वाल्मीकि, सलीमुद्दीन शाह, शमसुद्दीन चौधरी, मो. बदर, तेजपाल डाबका, नसीम राजपूत, यासर सैफी, गफ्फार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस के इकबाल को लगातार चुनौती

## गुरुवार को महानगर व शुक्रवार को ग्रामीण बने चोरों की पसंद, सौंदत में बड़ी घटना

■ लाखों के आभूषण व नकदी चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सौंदत में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सोने, चांदी के आभूषण व लाखों की नकदी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम सौंदत में देर रात बड़ी चोरी की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार रात करीब 2:30 बजे अज्ञात चोरों ने इसरार के मकान को निशाना बनाते हुए घर में घुसकर लाखों रुपये के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार के मुताबिक चोर घर में रखी करीब एक किलो चांदी, लगभग दस तोला सोना और करीब 17 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह करीब 3 बजे होने पर परिवार में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटानी शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के अन्य आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से पूरी घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने गांव और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया है। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पीड़ित इसरार ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी अविनाश पांडे, डीआईजी कलानिधि निधि नैथानी, एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा, सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह, पंकज लवानिया आदि पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे।

बता दें कि गुरुवार को महानगर में चोरी की तीन घटनाएं हुईं लेकिन पुलिस सोती रही और ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोरों ने कुंबल कर दिए।

# विज्ञान और गणित प्रदर्शनी में उभरी नई प्रतिभाएं, एआई व रोबोटिक्स मॉडल रहे केंद्र

■ पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सरधना में हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शुक्रवार पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सरधना में आयोजित विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता और तकनीकी समझ को नया आयाम दिया। विद्यालय परिसर में लगे विभिन्न स्टॉलों पर विद्यार्थियों ने अपने अभिनव मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें देखने के लिए शिक्षकों व अभिभावकों में खासा उत्साह रहा।

प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, स्वचालित सिंचाई, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित परियोजनाओं ने विशेष आकर्षण बटोरा। कई प्रोजेक्ट्स अटल टिंकरिंग लैब में तैयार किए गए, जहां विद्यार्थियों ने कोडिंग और सेंसर तकनीक का प्रयोग कर अपने विचारों को वास्तविक रूप दिया। कार्यक्रम प्रभारी एवं रसायन विज्ञान शिक्षिका आकांक्षा भटनागर ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं। भौतिक विज्ञान शिक्षक राजीव कुमार ने कहा कि एआई मल्टी-स्किल लैब विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विज्ञान शिक्षिका पंकज दीक्षित ने कहा कि प्रदर्शनी विद्यार्थियों की तार्किक सोच और समस्या समाधान क्षमता का प्रत्यक्ष उदाहरण है। निर्णायक मंडल में केके पब्लिक स्कूल के गणित शिक्षक प्रतीक जैन तथा भौतिक विज्ञान शिक्षक गौरव दीक्षित ने विभिन्न मॉडलों का मूल्यांकन कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. आरसी पांडेय, रजत रेखा, नीरज खंडूरी, अरुण पुनिया, डॉ. शिखा, प्रतिभा कौशिक, मंजू दूबे, नीतू सिंह, शिल्पा मेश्रम, मानव माथुर एवं दीपक बाबूराव गोस्वामी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बिनेश उर्फ टिन्नू के रूप में हुई नहर में कूदे युवक की पहचान, सर्च ऑपरेशन जारी

■ देर शाम तक तलाश जुटे रहे गोताखोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना थाना क्षेत्र के दौराला गंगनहर पुल पर गुरुवार को गंगनहर में छलांग लगाने वाले युवक की पहचान बिनेश उर्फ टिन्नू पुत्र सोमनाथ निवासी मवीं मीरा (थाना लावड़ क्षेत्र) के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि पीएसी के गोताखोर देर शाम तक युवक की तलाश में जुटे रहे, लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी। जानकारी के अनुसार बिनेश उर्फ टिन्नू 40 वर्षीय पिछले कई दिनों से मोदीपुरम में रह रहा था और परिवार से अलग रह रहा था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह टिन्नू ने अपने पिता सोमनाथ को फोन कर नहर में कूदने की बात कही थी। हालांकि परिवार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, क्योंकि इससे पहले भी वह इस तरह की बातें कर चुका था। शुक्रवार सुबह अखबा. रों में गंगनहर में युवक के कूदने की खबर प्रकाशित होने के बाद परिजनों को घटना की गंभीरता का एहसास हुआ। इसके बाद परिवार और रिश्तेदार तत्काल मौके की ओर रवाना हुए। दिनभर परिजन नानू गंगनहर पुल और दौराला गंगनहर पुल के आसपास डटे रहे। पुलिस प्रशासन ने पीएसी के गोताखोरों की मदद से नहर में सर्च अभियान चलाया। गोताखोरों ने कई स्थानों पर गहराई तक तलाश की, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना की सूचना पर क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र रहे। देर शाम पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान नानू गंगनहर पुल पर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। पुलिस और गोताखोरों की टीम नहर क्षेत्र में तलाश अभियान जारी रखे हुए है।

# प्रबंध निदेशक ने ट्रांसफार्मरों का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** शुक्रवार को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) द्वारा बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत ग्राम बम्हेटा मे लाल बत्ती स्थित ट्रांसफार्मर का औचक निरीक्षण किया गया। गहन निरीक्षण के दौरान ट्रांसफार्मर मे स्थापित प्रोटेक्शन युनिट, फ्यूज सैट, टेललैस तथा अर्थिंग आदि व्यवस्थाए सही पाई गई। निरीक्षण के समय ट्रांसफार्मर पर सिलिका जैल नही पाए जाने पर प्रबन्ध निदेशक ने तत्काल सिलि. का जैल लगाने के निर्देश दिए जिससे ट्रांसफार्मर को संभावित क्षति से बचाया जा सके। उन्होनें निर्देशित किया की आगामी ग्रीष्म ऋतु से पूर्व विद्युत लाईनों, ट्रांसफार्मर, एवं संबंधित उपकरणों का अनुरक्षण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्ता पूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। लाल बत्ती स्थित ट्रांसफार्मर के निरीक्षण के उपरान्त प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा ग्राम बम्हेटा के अन्तर्गत बल्ले का जोडा स्थान पर लगें, ट्रांस्फ़ार्मर का भी निरीक्षण किया गया जहां पर ट्रांसफार्मर पर प्रोटेक्शन युनिट, अर्थिंग, टेललैस आदि व्यवस्थाए संतोषजनक पाई गई। प्रबन्ध निदेशक ने सभी क्षेत्रीय अभियंताओं को, निर्देशित किया की वे अपने-अपने क्षेत्रों मे उपकेन्द्रों का अनुरक्षण, ट्रांसफार्मरों, 33 केवी लाईनों का अनुरक्षण एवं 11 केवी विद्युत लाईनों का निरीक्षण एवं अनुरक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण करें साथ ही पेडों की टहनियों की कटाई-छटाई, जम्पर एवं अन्य तकनीकी बिन्दुओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए जिससे ग्रीष्म काल में की भी प्रकार की विद्युत व्यवधान की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रबन्ध निदेशक ने बताया की पश्चिमांचल डिस्कांम द्वारा उपभोक्ताओं को सुचारू, सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर निगरानी एवं सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान पी.के. अग्रवाल मुख्य अभियंता गाजियाबाद क्षेत्र प्रथम, गाजियाबाद ऐ.के. सिंह, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल गाजियाबाद, ऐश्वर्य सिंह 11 केवी एल.टी. साउथ गाजियाबाद सहित उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियंता आदि उपस्थित रहे।

# ओवरलोड ट्रक पलटा, दो बाइक व तीन फलों की ठेली दबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के मवाना बस स्टैंड पर गन्ने का ओवरलोड ट्रक अचानक पलट गया जिसके नीचे दो बाइक व तीन फलों की ठैली दब गई। ट्रक पलटने से हड़कंप मच गया। नगर का मवाना बस स्टैंड अतिव्यस्त रहता है जिसके चलते वहां हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसी स्थिति में शुक्रवार दोपहर बाद अचानक गन्ने का भरा हुआ ट्रक पलट गया ट्रक पलटता देख बाइकों पर सवार युवक बाइक छोड़कर कर भाग गए और अपनी जान बचाई। वहीं ट्रक चालक ट्रक से कूद कर फरार हो गया। बता दें कि नगर में ओवरलोड ट्रक चलने से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं दुर्घटना का भी अंदेशा रहता है। लोगों ने इसकी शिकायत अनेक बार उच्च अधिकारियों से की है मगर शुगर मिल की तरु से अधिकारियों को सुविधा शुल्क दी जाती है जिसके चलते वह उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं करते हैं ऐसे में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने किया नूरपुर ब्लॉक का निरीक्षण

### ब्लॉक प्रमुख ने स्मृति चिन्ह भेंट किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड नूरपुर के ग्राम गाजीपुर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम की समाप्ति के बाद खंड विकास कार्यालय नूरपुर का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने खंड विकास कार्यालय में एसआईआर के अंतर्गत फर्जी वोटर की चेकिंग कक्ष का निरीक्षण किया और कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर से उसकी चेकिंग करने के तरीके के बारे में पूछा और प्रैक्टिकल रूप से उसको चेक किया, जो सही पाया गया। उन्होंने निर्देश दिए की ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जितने भी गौशालाएं हैं सभी में गोवंशों के लिए पानी, चारा सहित सभी व्यवस्थाएं रखी जाएं। उन्होंने यह भी निर्माण निर्देश दिए की ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, सभी को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार पूर्ण कारण और समय-समय पर निर्माण सामग्री का निरीक्षण करते रहे, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता न होने पाए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत पाया जाए उसे उक्त योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर खंड विकास अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि ब्लॉक में युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए मिनी स्टेडियम के लिए जगह का चिन्हांकन करें और निर्माण के लिए इसका प्रस्ताव उनके द्वारा शासन को प्रेषित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए की एनआरएलएम योजना के अंतर्गत गठित महिलाओं समूह के उत्पादों को अच्छा बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करें व कैफे खुलवाएं तथा खंड विकास कार्यालय प्रांगण में सूक्ष्म जलपान के साथ-साथ लंच आदि की व्यवस्था के लिए भी कैफे खुलवाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान खंड विकास कार्यालय में सफाई व्यवस्था सही पाई गई तथा अभिलेखों का व्रत बताओ भी सही पाए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया।

कार्यालय के निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आकांक्षा चौहान द्वारा जिलाधिकारी को स्मृति

# मॉडर्न एरा स्कूल में क्लास शो

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के valley of flowers विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा बालवाटिका 2 के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था। कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावको ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर प्रिंसिपल ने अभिभावकों के साथ दीप प्रज्वलन करके की। उसके बाद ग्रुप सॉग सुबह सवेरे, योगस, फैंसी ड्रेस, कविता पाठ कोशिश, ग्रुप डांस देश रंगीला, रेसेस -टर्टल रेस, बनी रेस, ग्रुप डांस पापा कहते हैं, सोलो सॉग छोटी छोटी गईया, बैंड टीम का प्रदर्शन, कविता पाठ शिक्षक, सोलो डांस मैया यशोदा, ग्रुप डांस बम बम बोले, कहानी, टग ऑफ वॉर, स्केटिंग और ताइक्वांडो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान पाएंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर अपने माता पिता और अपने विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने जिले और देश का नाम भी रोशन करेंगे। समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ।

### सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जतिन गोयल ने स्वयं को **एसोसिएशन ऑफ इन्टीरियर डिजाइनर्स वेस्टर्न यूपी**, ए-284, लोवर ग्राउण्ड डिफेन्स एन्क्लेव, कंकरखेड़ा, मेरठ का अध्यक्ष बताते हुए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व आलेख प्रस्तुत किये हैं। आलेखों के अनुसार सर्वश्री सचिन अग्रवाल उपाध्यक्ष, पूजा बत्रा सचिव, अनुभव शर्मा उपसचिव, मौ. फराज कोषाध्यक्ष, गुन्जन चौहान व अदिति अग्रवाल सदस्य दर्शाये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसाइटीज रजिस्ट्रीकरण की धारा-3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**-आज्ञा से, डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मेरठ मण्डल, मेरठ।**

# मुस्लिम फंड ने की शिव भक्तों की सेवा



**शेरकोट।** कांवड़ यात्रा के पावन अवसर पर कांवड़तियों के स्वागत एवं सेवा के लिए शेरकोट मुस्लिम फण्ड तथा शेरकोट मुस्लिम फण्ड गर्ल्स इंटर कॉलेज की ओर से विशेष सेवा शिविर लगाया गया, जहां भोले भक्तों को फल एवं शीतल जल वितरित किया गया। नेशनल हाईवे पर शेरकोट मुस्लिम फण्ड व शेरकोट मुस्लिम फण्ड गर्ल्स इंटर कॉलेज की ओर से विशेष सेवा शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान जनरल सेक्रेटरी मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने बताया कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर जा रहे कांवड़तियों की सेवा करना मानवता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से अमन, सद्भाव और आपसी प्रेम का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में लगातार आने-जाने वाले कांवड़तियों के लिए पेयजल, फल की व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान राहत मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना मजबूत होती है तथा सभी धर्मों और समुदायों के बीच भाईचारे का संदेश फैलता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**केन फिन होम्स लिमिटेड**

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)

#5, प्रथम तल, पिनैकल टॉवर पंचशील कॉलोनी वैशाली कॉर्नर गढ़ रोड, मेरठ, यू.पी. पिन-250004
फोनः 0121-4060006 मोबाईल सं. 7625079159 ईमेलः meerut@canfinhomes.com, CIN: L85110KA198PLC008699

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना, परिशिष्ट IV-A [ नियम 8(6) के परंतुक देखें ]**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना।**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा **केन फिन होम्स लिमिटेड, मेरठ शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, की तरफ से दिनांक **21.03.2026** को **"जैसी है जहाँ है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहाँ है"** आधार पर दिनांक 13.02.2026 के अनुसार संबंधित उधारकर्ताओं और गारंटरों से कैन फिन होम्स लिमिटेड के ब्याज और अन्य शुल्क जिनका नीचे उल्लेख किया गया है, वसूलने के लिए बेचा जाएगा।

| क्र. सं. | उधारकर्ताओं और गारंटरों का नाम | देय राशि आज की तिथि अनुसार | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि | कब्जे का प्रकार | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री शान मोहम्मद पुत्र अब्दुल सलाम (उधारकर्ता) और श्रीमती बानो परवीन पत्नी अब्दुल सलाम (सह-उधारकर्ता) और (1) श्री अब्दुल सलाम पुत्र हाजी मुश्ताक सैफी (2) श्रीमती रफत जहान पत्नी शान मोहम्मद (3) मुहम्मद फैज सैफी पुत्र शान मोहम्मद (गारंटर) | रु.16,91,783/- (रुपये सोलह लाख इक्यानबे हजार सात सौ तिरासी मात्र) | रु.33,80,000/- (रुपये तैंतीस लाख अस्सी हजार मात्र) | रु.3,38,000/- (रुपये तीन अड़तीस हजार मात्र) | रचनात्मक | आवासीय मकान नंबर-1648, पुराना नंबर 302/3, खसरा नंबर-3706 के अंदर, आशियाना कॉलोनी, फतेहउल्लापुर रोड, तहसील और जिला- मेरठ, यूपी- पिन- 250001। चौहद्दीः उत्तर में: 17 फीट/12 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में: 17 फीट/अशरफ का घर, पश्चिम में: 54 फीट/अमतुल बेगम की प्रॉपर्टी, पूर्व में: 54 फीट/हाजी सलीम की प्रॉपर्टी। भार - शून्य |
| 2. | श्री नूर मोहम्मद पुत्र अब्दुल सत्तार (उधारकर्ता) और श्रीमती राबिया बेगम पत्नी अब्दुल सत्तार (सह-उधारकर्ता) और (1) मोहम्मद फैसल पुत्र नूर मोहम्मद (गारंटर) | रु.11,26,643/- (रुपये ग्यारह लाख छब्बीस हजार छः सौ तिरालिस मात्र) | रु.32,20,000/- (रुपये बत्तीस लाख बीस हजार मात्र) | रु.3,22,000/- (रुपये तीन लाख बाईस हजार मात्र) | रचनात्मक | नगर निगम का मकान भाग संख्या - 544, वर्तमान संख्या - 924, खसरा संख्या - 3638, (क्षेत्रफल - 83.61 वर्ग मीटर) जाकिर हुसैन कॉलोनी, हापुड़ रोड, तहसील और जिला- मेरठ, उत्तर प्रदेश- पिन- 250001 घिराः उत्तर में: 16 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में: खालिद का मकान, पश्चिम में: अलीमुद्दीन का मकान, पूर्व में: 20 फीट चौड़ा रास्ता भार - शून्य |
| 3. | श्रीमती शहनाज पत्नी नूरुद्दीन (उधारकर्ता) और श्री शाकिब पुत्र नूरुद्दीन (सह-उधारकर्ता) और श्री नूरुद्दीन पुत्र अब्दुल शकूर और श्री आसिफ अहमद सैफी पुत्र नूरुद्दीन (गारंटर) | रु.8,05,719/- (रुपये आठ लाख पाँच हजार सात सौ उन्नीस मात्र) | रु.14,00,000/- (रुपये चौदह लाख मात्र) | रु.1,40,000/- (रुपये एक लाख चालीस हजार मात्र) | रचनात्मक | आवासीय मकान नगरपालिका नंबर -75, खसरा नंबर -2756/3 के भीतर, ब्लॉक-डी, समर कॉलोनी, हापुड़ रोड, तहसील और जिला-मेरठ, यूपी-पिन-250002। इससे घिराः उत्तर में: 16 फीट/20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में: 16 फीट/मदरसा, पश्चिम में: 36 फीट 3 इंच/सलीम का मकान, पूर्व में: 36 फीट 3 इंच/अन्य मकान भार - शून्य |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें **केन फिन होम्स लिमिटेड** की आधिकारिक वेबसाइट **(https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx)**. में उपलब्ध कराई गई हैं। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए लिंक **www.bankeauctionwizard.com** देखें।

**दिनांकः 13.02.2026, स्थानः मेरठ** — **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, कैन फिन होम्स लिमिटेड**

# तेज रफ्तार ऑटो विद्युत पोल से टकरा, 7 लोग घायल

## बागपत के चमरावल रोड पर हुआ हादसा, सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में कराया भर्ती








**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक तेज रफ्तार ऑटो विद्युत पोल से टकरा गया। यह दुर्घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के चमरावल रोड पर हुई। हादसे में ऑटो में सवार छह लोग और सड़क किनारे चल रही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। कुल सात लोग घायल हुए, जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं।

घायलों में ऑटो सवार दो महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि सड़क किनारे चल रही महिला भी गंभीर रूप से घायल हुई है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। स्थानीय निवासी राकेश असलम ने बताया कि ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी। सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में ऑटो अनियंत्रित होकर अचानक विद्युत पोल से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को सड़क किनारे हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## साक्षी शर्मा ने सांसद व प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन से की शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे बसे गाँव जागोस की लाडली बेटी युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक शिष्टाचार भेंट के दौरान साक्षी ने अपनी स्वरचित पुस्तक सफलता की ओर आसान कदम की प्रथम प्रति गोरखपुर के सांसद और प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन को भेंट की। इस अवसर पर रवि किशन ने साक्षी के लेखन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकल. कर साहित्य जगत में पहचान बनाना प्रेरणादायक है। उन्होंने साक्षी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। सफलता के सरल सूत्रों पर आधारित यह पुस्तक पाठकों को जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। साक्षी शर्मा की इस उपलब्धि से पूरे बागपत जनपद और जागोस गाँव में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस संबंध में साक्षी शर्मा का कहना है कि यह सब मेरे गुरुजनों मेरे परिजनों के आशीर्वाद से ही में सफलता की पूंजी की तरफ दौड़ रही हूं। इससे पूर्व में भी मेरे द्वारा कई पुस्तकों का उत्तर प्रदेश में विमोचन हो चुका है। उन्होंने अपनी सफलता के बारे में बताया कि मेरे माता-पिता के आशीर्वाद से ही मुझे इतना सम्मान मिल रहा है।

## युवक से मारपीट कर हजारों की नगदी लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिंगोली तगा मार्ग पर रात्रि तीन बदमाशों ने एक शराब की दुकान पर सेल्समेन का काम करने वाले युवक से मारपीट कर हजारों की नगदी और मोबाइल लूट लिया।

पीड़ित ने रटौल पुलिस चौकी पहुंच तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सरफाबाद निवासी अंकित पुत्र विधाराम अहैड़ा में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समेन का काम करता है,उसने बताया की रात्रि लगभग 10 बजें वह रटौल सिंगोली मार्ग से अपनी स्कूटी से गांव लौट रहा था, जब वह कुटी के समीप पहुंचा तो तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया और मारपीट कर 6700 रूपये और एक मोबाइल लूट लिया जिसके बाद उसे जंगल में खीचने का प्रयास किया लेकिन एक कार आती देख वह फरार हो गये। पीड़ित ने किसी तरहा गांव पहुंचा और अपने साथ हुई घटना के बारे मे बताया सुबह वह रटौल पुलिस चौकी पहुंचा तो सीमा चांदीनगर की बताते हुए उन्होंने वहा जाने को कहा जहा सीमा विवाद भी सामने आया बाद में रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की गयी है।

उधर रटौल चौकी ईन्चाज भूपेन्द्र सिंह ने बताया की मामला लूट का नही मारपीट का है। युवक की अन्य युवकों से कहासुनी हुई थी जिससे लेकर मारपीट हुई लूट का आरोप निराधार है।

## टीम द्वारा दिया गया जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल टीम द्वारा दिया गया जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण को नगर पालि. का परिषद बड़ौत के वार्ड 4 तहसील में उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार कई अलग अलग विभागों (नगर विकास विभाग, विधुत विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग, स्वाथ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग द्वारा अपने अपने स्टॉल लगाकर भारत सरकार एव राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसी दौरान नगर पालिका परिषद बड़ौत एव आईटीसी मिशन सुनहरा कल टीम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत होम कंपोस्टिंग स्टॉल लगाकर जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया गया। किस प्रकार गीले कचरे से जैविक खाद बनाकर अपने कचरे का निस्तारण कर सकते है। इस अवसर पर अंकिता सिंह एडीजे, एडवोकेट हरबीर सिंह जिला मीडिया प्रभारी बीजेपी मंडल उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक स्टाल का निरीक्षण किया गया एव सभी विभागों की तारीफ़ की गई।

इस कार्यक्रम के दौरान सफ़ाई एव खाद निरक्षक वीरेंद्र सिंह तेवतिया, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मीनाक्षी सिसोदिया स्वच्छता चैंपियन राजेश उजवाल आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार, आसिफ चौधरी, मोहित शर्मा, राकेश अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मंडलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने किया कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को प्रशासनिक व्यवस्था की मजबूती और जनसेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेरठ मंडल के मंडलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने बागपत कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शाखाओं और अनुभागों का गहन अवलोकन कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को रिकॉर्ड प्रबंधन, फाइल निस्तारण, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट की समग्र व्यवस्था, कार्यालयों की साफ-सफाई और कार्य वातावरण का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई, सुव्यवस्थित रिकॉर्ड और कार्यालयीन वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर कार्य वातावरण कर्मचारियों की कार्यक्षमता को बढ़ाता है और इससे जनसेवा की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट प्रशासनिक व्यवस्था का केंद्र होता है, जहां से जिले के विकास, राजस्व, कानून व्यवस्था और जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं, इसलिए यहां रिकॉर्ड और फाइलों का सुव्यवस्थित होना अत्यंत आवश्यक है।

### 15 फरवरी को शाम पांच बजकर छह मिनट पर चर्तुदशी का प्रवेश होगा:शास्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और शक्ति के मिलन का महापर्व है। शास्त्रों में कहा गया है कि भावी मेट सकें त्रिपुरी अर्थात भगवान शिव सभी संकटों का नाश कर भावी संकट और विपदाओं को मिटाने की सामर्थ रखते है। भगवान शिव पर बेल पत्र चढ़ाने का भी महत्व बताया गया है। भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाने से पूजा का कई गुणा फल मिलता है और भगवान शिव साधक को उसके तीन जन्मों के पापों से मुक्ति दिलाते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडिज राजकुमार शास्त्री ने बताया कि 15 फरवरी को शाम पांच बजकर छह मिनट पर चर्तुदशी का प्रवेश होगा। 15 फरवरी को ही महाशिवरात्री का पर्व मनाया जाएगा। शास्त्रों में महाशिवरात्री पर चार पहर ही पूजा का विधान बताया गया है। इनमें निशीथ काल को सबसे उत्तम बताया गया है। महाशिवरात्री पर रात 12 बजकर 10 मिनट से लेकर रात एक बजकर 30 मिनट तक निशीथ काल रहेगा। चारों प्रहर में भगवान शिव की पूजा और अभिषेक करने से साधक का मन व कर्म पवित्र होता है और जीवन में खुशहाली आती है। भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन करने से साधक को कर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्री पर भगवान शिव का भांग, धतूरा, घी, दूध, दही, शहद से अभिषेक करने से जीवन में आ रही बाधाओं और विपत्तियों का विनाश होता है और सुख-समृद्धि का विकास होता है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव भावी को भी मेटने की सामर्थ रखते है, जिसके लिए उन्हें देवों के देव महादेव कहा गया है। भगवान शिव अपने आप में संपूर्ण है और इन्हीं की कृपा से संसार का संचालन हो रहा हैं।

### 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा को लेकर परिषद ने जारी की गाइडलाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा को लेकर परिषद ने गाइडलाइन जारी कर दी है। परीक्षा में दिव्यांग छात्रों को निर्धारित अवधि से प्रति घंटा 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेगा।

बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का समय 3.15 मिनट निर्धारित किया गया है। इसमें पहले 15 मिनट छात्रों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित किए गए है। परीक्षा में दिव्यांग व दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रति घंटा 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान केंद्र में मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेगा। राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को कम से कम 20 पाली में डयूटी की अनिवार्यता की गई है। परीक्षा के दौरान केंद्र बाहरी व्यक्ति का प्रवेश और फोटोग्राफी वर्जित रहेगी। प्रश्नपत्रों क सुरक्षा नाइट विजन कैमरों से 24 घंटे की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक केंद्र पर 50 प्रतिशत स्टॉफ वाह्य विद्यालयों से नियुक्त किया जाएगा। परीक्षा को लेकर जिला स्तर पर भी तैयारी तेज हो गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

## जिलाधिकारी का लंगूर के साथ खेलते हुए का वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट में जिला. धिकारी अस्मिता लाल का एक लंगूर के साथ खेलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गुरुवार को डीएम किसानों की समस्याएं सुनने पहुंची थीं।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता और पदाधिक. ारी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। इसी दौरान, डीएम के किसानों के बीच पहुंचने पर एक लंगूर भी वहां आ गया। यह लंगूर, जिसे लोग (मटरू) के नाम से जानते हैं, अक्सर डीएम कार्यालय के आसपास देखा जाता है और लोगों से घुलमिल जाता है। किसानों की समस्या सुनते हुए डीएम अस्मिता लाल ने लंगूर से बातचीत की और करीब पांच मिनट तक उसके साथ खेलती रहीं। इस पूरे मामले का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया, जो अब सोशल मीडिया पर खूब साझा किया जा रहा है। बागपत की जिला. धिकारी अस्मिता लाल अपनी पशु प्रेम के लिए जानी जाती हैं और अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। उन्होंने बेजुबान जानवरों को सर्दी से बचाने के लिए अस्थाई रैन बसेरों का निर्माण कराया था। इसके अतिरिक्त, पक्षियों के लिए भी कलेक्ट्रेट परिसर में कृत्रिम घोंसले तैयार करवाए थे। अस्मिता लाल 2015 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और उन्हें पहली बार जिलाधिक. ारी का प्रभार मिला है। इससे पहले, वह गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के पद पर कार्यरत रह चुकी हैं। डीएम का लंगूर के साथ खेलने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और लोग उनकी इस सहजता तथा पशु प्रेम की सराहना कर रहे हैं।

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने अमेरिका से हुए कृषि ट्रेड डील का फूंका पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने गुरुवार शाम दोघट कस्बे के नांगल गेट पर अमेरिका से हुए कृषि ट्रेड डील का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने इस समझौते को किसान विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान, कार्यकर्ताओं ने ट्रेड डील की प्रतिलिपि भी जलाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह समझौता किसानों को किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। भाकियू युवा जिलाध्यक्ष धीरज राठी ने कहा कि सरकार ने किसानों की सलाह के बिना अमेरिका से कृषि पर जो ट्रेड डील की है, वह किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इस समझौते से किसानों को कोई लाभ नहीं मिलेगा और भाकियू इसका पुरजोर विरोध करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में राजेंद्र चौधरी, सहदेव सिंह राठी, पवन राठी, पप्पू राठी, मनीष राठी, प्रताप सिंह, देवेंद्र पंवार, बबलू, विकास राणा, अक्षय तोमर और नितिन सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गावों मे मनरेगा बचाओ पद यात्रा का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर तहसील क्षेत्र के गांव गांव में प्रदेश व्यापी अभियान के तहत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के मंशा के अनुरूप शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह एवं शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व मे न्याय पंचायत बरवाला, सिनोली जागस लुहारी के अन्तर्गत मलकपुर चोबली ओढापुर कोताना जोनमाना गावों मे मनरेगा बचाओ पद यात्रा का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने गांवो मे नुकड सभाओं के दोरान मनरेगा मे किये गये बदलाव श्रमिकों के साथ हो रहे अन्याय शोषण उत्पीड़न को लेकर रोष प्रकट किया। कहा केंद्र व गरीब दलित मजदूर के अधिकार समाप्त करने पर तुली है। मजदूरो के हितो की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। काम व मज़दूरी की गारंटी जबाबदेही की गारंटी मनरेगा मे किये गये बदलावो की तत्काल वापसी काम के संवेधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली न्युनतम वेतन 400 रूपये कांग्रेस मजदूरों की भलाई के लिए कन्धे से कन्धा मिलाकर हमेशा साथ खडी रहेगी। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने मनरेगा के नियमो मे बदलाव को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया की कहा 17 फरवरी 2026 को विभिन्न मुद्दो को लेकर विधानसभा लखनऊ का घेराव किया जायेगा। अवसर पर किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेन्दर राणा किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव अशोक शर्मा महिला जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह प्रवेश तोमर सोनू त्यागी मुनेश सुमन संजीव तोमर रामरंग पंवार दीपक त्यागी आर्यन कुरबान बिजेन्द्र शर्मा इरशाद देवेन्द्र शर्मा गोरव डा.सुभाष शर्मा औमवीर दुहण सोमपाल शर्मा मो प्रवेज नन्दकिशोर मोहसिन रामजिस्टर मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## यूपीएमएसआरए ने चार श्रम संहिताओं का किया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा 44 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नई श्रम संहिताएं लागू किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को तहसील परिसर में प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में तहसीलदार को सोपा।

यूपीएमएसआरए के सदस्यों ने अपने ज्ञापन में बताया कि सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को नियोक्ताओं द्वारा विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें अवैध स्थानांतरण, जबरन कार्य रुकवाना, बर्खास्तगी और वेतन व यात्रा भत्ता रोकने जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) अधिनियम 1976 सहित अन्य श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि इससे कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। संगठन की प्रमुख मांगों में चारों नई श्रम संहिताओं को निरस्त कर पुराने श्रम कानूनों को बहाल करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, फिक्स्ड टर्म रोजगार पर रोक लगाने, न्यूनतम वेतन 26,910 घोषित करने, ईपीएस पेंशन 9,000 सुनिश्चित करने और 8 घंटे कार्य दिवस लागू करने की मांग भी उठाई गई। साथ ही दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी शून्य करने, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने और स्वास्थ्य बजट को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत करने की भी मांग की। संगठन ने श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त कार्रवाई की भी अपील की। संगठन ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को इन समस्याओं से राहत दिलाने का आग्रह किया है। इस दौरान राजीव शर्मा, सूर्य दत्त शर्मा, प्रदीप पुरी, राजकुमार चौहान, पवन शर्मा, विपिन शर्मा, सूरज तोमर आदि मौजूद रहे।

## लापता व्यक्ति की परिजनों ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली क्षेत्र के ग्राम लूम्ब निवासी एक 56 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गए हैं। परिजनों ने इस संबंध में थाना छपरौली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, लूम्ब निवासी राहुल कुमार पुत्र संजीव कुमार ने 10 फरवरी को थाना छपरौली में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनके पिता संजीव हलवाई, जिनकी उम्र लगभग 56 वर्ष है, 7 फरवरी को बिना बताए घर से कहीं चले गए थे। संजीव हलवाई तब से अब तक वापस नहीं लौटे हैं। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। तहरीर के आधार पर, थाना छपरौली में रपट संख्या 18 पर सुबह 10:30 बजे गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हुलिए वाले व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो वे तत्काल थाना छपरौली को सूचित करें। इससे गुमशुदा व्यक्ति को सुरक्षित बरामद किया जा सके। मामले की जांच प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार और उप निरीक्षक महेंद्र सिंह द्वारा की जा रही है।



## डीएम व एसपी ने मेले की तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाल्गुन मास की महा. शिवरात्रि पर ऐतिहासिक परशुरामेश्वर महादेव मंदिर, पुरा में प्रसिद्ध मेला 14 से 16 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिला. धिकारी अस्मिता लाल और एसपी सूरज कुमार राय ने मेले की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

इस वर्ष प्रशासन ने मेला (जीरो वेस्ट महोत्सव) के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संतुलन स्थापित करना है। डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक महत्व के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने का अवसर भी है। मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की निगरानी के लिए गेस्ट हाउस में 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां अधिकारी और कर्मचारी सतर्क रहेंगे। अपराध और भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा बल यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तत्पर रहेंगे। मेले के सुचारू संचालन के लिए पूरे जनपद को 10 जोन और 16 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात हैं। मंदिर परिसर में अधिकारी दो शिफ्टों में 24 घंटे डयूटी पर रहेंगे। डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य बागपत को एक ऐसा मॉडल बनाना है, जहां



धार्मिक आयोजन भी पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से संपन्न हों।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र हैदर व उसकी पत्नि साहिस्ता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। नवाब अली पुत्र मजीद अली निवासी ग्राम सूरजपुर महनवा निकट काले. सिंह, थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र इरशाद व उसकी पत्नि अलफिशा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। दिलशाद पुत्र सकरू निवासी मौहल्ला गढी कस्बा व थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट नम्बर एन.9387714 में मेरा नाम त्रुटिवश विकास कुमार जैन (VIKAS KUMAR JAIN) के स्थान पर विकास कुमार जैन (VIKASH KUMAR JAIN) गलत दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में मेरा नाम विकास कुमार जैन (VIKAS KUMAR JAIN) सही दर्ज है।-पुत्र विनोद कुमार जैन निवासी 19/137 शांतिपुरा गली न.5 गांधी रोड बडौत, बागपत उत्तर प्रदेश 250611.

## अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, 58 हजार वर्ग मीटर प्लाटिंग ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के खिलाफ हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चार स्थानों पर बुलडोजर चलाया। प्राधिकरण की इस सख्त कार्रवाई में करीब 58 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई से अवैध तरीके से कॉलोनी काटने वालों में हड़कंप मच गया।

प्राधिकरण की टीम ने गांव चक्रसेनपुर में लगभग 20 हजार वर्ग मीटर भूमि पर बिना स्वीकृति विक. सित की जा रही प्लाटिंग को जेस. ीबी से हटवा दिया। इसी प्रकार गांव फतेहपुर में करीब 25 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में काटे जा रहे अवैध प्लॉटों को भी ध्वस्त किया गया। इसके अलावा एक अन्य स्थान पर लगभग 10 हजार वर्ग मीटर जमीन पर की जा रही प्लाटिंग पर भी कार्रवाई की गई। नए बाईपास क्षेत्र में लगभग तीन हजार वर्ग मीटर भूमि पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को भी मौके पर ही जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार के विरोध की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। टीम ने मौके पर पड़ी निर्माण सामग्री को जब्त करते हुए संबंधित लोगों को कड़ी चेता. वनी दी कि बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लाटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एचपीडीए के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड़ ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान



निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी भूखंड की खरीदारी से पहले प्राधिकरण से उसकी वैधता की जांच अवश्य कर लें, अन्यथा भविष्य में होने वाले नुकसान के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## गांव में मगरमच्छ की दहशत, वन विभाग खाली हाथ लौटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** क्षेत्र के छपकोली गांव में पिछले दो दिनों से मगरमच्छ की दहशत बनी हुई है। बृहस्पतिवार को गांव के झोड़ के पास चारा चरने गई दो गायों पर मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मगरमच्छ ने गायों को पकड़कर पानी की ओर खींचने की कोशिश की, लेकिन खेतों में काम कर रहे किसानों ने शोर मचाकर और साहस दिखाते हुए किसी तरह गायों को उसके मुंह से छुड़ा लिया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

मगरमच्छ के दिखने और हमला करने की खबर आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेंजर मनोज कांडपाल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और झोड़ तथा आसपास के खेतों में मगरमच्छ की तलाश शुरू कर दी। टीम ने घंटों सर्च अभियान चलाया और झोड़ में जाल भी बिछाया, लेकिन देर शाम तक मगरमच्छ का कोई सुराग नहीं लग सका। जाल में मगरमच्छ की जगह कूड़ा-करकट फंसता रहा। मगरमच्छ के नहीं पकड़े जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल कायम है। किसानों का कहना है कि खेतों पर जाने में डर लग रहा है। पशुपालक भी अपने मवेशियों को झोड़ के पास ले जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि मगरमच्छ आसपास ही कहीं छिपा हो सकता है, जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। रेंजर मनोज कांडपाल ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर टीम ने मौके



पर पहुंचकर सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन मगरमच्छ नहीं मिला। एहतियात के तौर पर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि दोबारा मगरमच्छ दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते रेस्क्यू अभियान चलाया जा सके।

# पिलखुवा 64 लाख की लूट का खुलासा, 5 पकड़े



**हापुड़।** 31 जनवरी को हुई पिलखुवा क्षेत्र में 64 लाख रुपए की लूट का खुलासा स्वाट टीम और पिलखुवा पुलिस ने 5 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लूटी हुई रकम से 47 लाख बरामद कर किया है। सूत्रों के अनुसार 31 जनवरी को हुई लूट से पहले का षडयंत्र करीब 2 महीने पहले हुई पिलखुवा क्षेत्र मे 85 लाख की लूट से जुड़ा है। 85 लाख रुपए की लूट होने से पहले व्यापारियों की बड़ी रकम लूटने की साजिश रची गई थी। भोला जो कि 85 लाख रुपए की लूट में मास्टरमाइंड था उसने और उसके साथियों ने लूट करने की योजना कुछ इस तरह बनाई कि बैंकों में रौनक अली और सरताज दोनों रेकी करते थे हाथों में चेक बुक लेकर ये दोनों बैंकों में अंदर जाते थे और निगरानी करते थे कि बड़ी रकम लेकर कौन बैंक से जा रहा है। और बड़ी रकम बैंक से निकलते देख तुरंत सरगना को फोन पर सूचना दी जाती थी। रेकी के द्वारा 85 लाख की लूट को अंजाम दिया गया जिसके बाद हापुड़ पुलिस और स्वाट टीम ने शत प्रतिशत 85 लाख रुपए बरामद कर लुटेरों को सलाखों के पीछे भेजा था। जिसके बाद रौनक अली, जुनेद, सरुराज, दानिश, रहीस और तीन अन्य बदमाशों ने ठीक 85 लाख की लूट की तर्ज पर योजना बनाई और सरफराज और रौनक अली ने बैंक में रेकी की और व्यापारी के बैंक से निकलते ही व्यापारी का पीछा किया और सूचना अपने गैंग को दी। जैसे ही सरस्वती मेडिकल और जीएस मेडिकल के बीच व्यापारी मोटरसाइकिल पर 64 लाख रुपए की रकम लेकर पहुंचा वहां पहले से ही हथियारों के साथ घात लगाए हुए बदमाशो ने व्यापारी को तमंचे के बल पर रोका एक तमंचे से फायर किया और 64 लाख रुपए लूट के फरार हो गए।

## बहुत स्मार्ट है आपका स्मार्ट मीटर स्मार्ट एप से करें बिल की निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** आपका प्रीपेड या स्मार्ट मीटर बेहद स्मार्ट है, यह आपकी बिल संबंधी अनियमिताओं और कई अन्य समस्याओं का स्थाई समाधान हैं। इसके लिए स्मार्ट मीटर में मौजूद तकनीक का आपको समझदारी से उपयोग करना होगा। स्मार्ट मीटर समस्या नहीं समाधान का हिस्सा है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर आ रहीं उपभोक्ताओं की शिकायतों पर चीफ इंजीनियर यूपीपीसीएल मथुरा राजीव गर्ग ने बताया कि यूपीपीसीएल स्मार्ट एप को अपने मोबाइल में डाउन लोड करें। जिस मोबाइल में आप ऐप डाउनलोड कर रहे हैं वही नम्बर कनेक्शन के साथ जुडा होना जरूरी है। गूगल प्ले स्टोर पर जाकर आप एप डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद आप सीधे मीटर की हर गतिविधि के साथ अपने मोबाइल के माध्यम से जुड जाएंगे और बिल और रीडिंग पर सीधी नजर रख सकेंगे। आप कहीं भी हों अपने शहर अथवा गांव में हों अथवा बाहर खपत, चार्ज, लोड, रीडिंग, बिल हर जानकारी आपके पास रहेगी। एप को साइन अप करने के लिए आपके कनेक्शन से लिंक मोबाइल पर ओटीपी आएगा, साइन अप कर ऐप को एक्सप्लोर करें और घर बैठे बिजली खपत की निगरानी करें। एप के माध्यम से आप ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं। नेगेटिव बैलेंस से आशय उस धन राशि से है जिस जितनी बिजली का आपने उपयोग वर्तमान स्थिति तक किया है और उसका भुगतान नहीं किया है।

## पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव मिश्र ने पुलिसकर्मियों को कराई शस्त्र ड्रिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी–112 की गाड़ियों (पीआरवी) को चेक किया गया तथा उनके चालकों से गाड़ी की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही पीआरवी पर उपलब्ध जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता की जांच की गई और आपात स्थिति में उनके प्रयोग से संबंधित दिशा–निर्देश दिए गए। सभी पुलिसकर्मियों को शस्त्रों के सही रख–रखाव एवं प्रयोग के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में स्थित परिवहन शाखा, भोजनालय, आरटीसी बैरक, आरटीसी भोजनालय, क्वाटरगार्ड, कम्पोजिट कन्ट्रोल रूम, वात्सल्य कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## गढ़मुक्तेश्वर में टोलकर्मी पर कार चढ़ाने की कोशिश करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** टोल शुल्क को लेकर हुए विवाद में टोलकर्मी पर कार चढ़ाने का प्रयास करने वाले आरोपी को थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और कुछ ही घंटों में आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार ब्रजघाट टोल प्लाजा पर टोल शुल्क मांगने को लेकर कार सवार युवक का टोलकर्मी से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान युवक ने गुस्से में कार को तेज रफ्तार से टोलकर्मी की ओर बढ़ा दिया और उसे कुचलने का प्रयास किया। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई और देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गढ़मुक्तेश्वर थाना पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, वाहन नंबर और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान गोविन्द पुत्र जीराज निवासी मनीमाजरा, न्यू इन्द्रा कॉलोनी, थाना आईटी पार्क, चंडीगढ़ के रूप में हुई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को ब्रजघाट टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आई–20 कार बरामद कर ली है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संस्कति विवि में बही हास्य, ओज व श्रृगार की त्रिवेणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों को जमकर मनोरंजन किया। जहां एक ओर ओज के कवियों ने विद्यार्थियों में देश, संस्कृति के प्रति जोश भरा तो वहीं श्रृंगार के कवियों ने युवा ह्रदयों को अपनी रचनाओं से सुखद एहसासों में डुबो दिया। इस विशाल कवि सम्मेलन में आए हास्य कवियों ने अपने व्यंग्य बाणों से सबको खूब हंसाया और गुदग. ुदाया। प्रसिद्ध कवि सुरेश अलब. ेला कवि सम्मेलन में मुख्य आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने अपने तीखे व्यग्य वाले चुटकुलों से विद्यार्थियों और अतिथिओं को हंसते–हंसते पेट पकड़ने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि, नर को नर माला पहनाए ये भी गजब तरीका है, जनसंख्या कम करने का ये भी अजब तरीका है। उन्होंने पाकिस्तान को लेकर अपने छोटे–छोटे चुटकुलों से खूब हंसाया। उन्होंने कहा, हम जिसको सिंदूर लगाते वो अपना हो जाता है, पर मोदी जी की तो आदत है सिंदूर लगाकर छोड़ देते हैं। उन्होंने जहां राहुल गांधी को हास्य कवियों का कुल देवता बता दिया तो अपने व्यग्यों से अपने को भी नहीं बख्शा। अपनी पंक्तियों में उन्होंने गुटखे का प्रचार करने वाले फिल्मी कलाकारों की टांग भी जमकर खींची। मंच पर आसीन काकसगंज के कवि डा. अजय अटल ने मां सरस्वती को समर्पित अपनी रचना सुनाकर सबको प्रभावित किया। हरियाणा के कवि पुनीत पंचाल ने अपनी वीर रस की कविताओं से विद्यार्थियों में खूब जोश भरा। देश के जवानों के लिए भी उन्होंने समर्पित रचना पढ़ी। पंतनगर के मशहूर गजलकार डा के.पी सिहं ने अपनी रचना पढ़ते हुए कहा, चरण मां–बाप के धोकर खुशी से झूम लेता हूं मैं, मुझे मंदिर जाने की जरूरत नहीं पड़ती, मां के चरण अदब से चूम लेता हूं मैं। उन्होंने बेटियों के लिए समर्पित कविता पाठ कर छात्राओं की तालियां लूटीं। इटावा से आए वीर रस के कवि बृजेंद्र प्रताप ने अपनी ओज भरी रचनाओं से खूब जोश भरा तो अपनी रचनाओं से समाज की समस्याओं पर भी जमकर चोट की। गाजियाबाद से आईं कवियित्री डा. शिखा दीप्ति दीक्षित ने अपनी श्रृगार से ओतप्रा. ेत जब रचना पढ़ी तो विद्यार्थी झूम उठे, उन्होंने कहा कि, इशक की कैसे खुमारी जाएगी, लग रहा है जान हमारी जाएगी, कृष्ण को जब भी बुलाया जाएगा, सिर्फ राधा ही पुकारी जाएगी। दिल्ली के वीर रस के कवि मोहन सिंह निर्भीक ने कहा, व्यक्तित्व बड़ा करके हमको सूरजमल बनना होगा। युवाओं में जोश भरते हुए उन्होंने वीर रस की रचनाएं सुनाईं। मथुरा की उभरती हुई युवा कवियित्री मीरा चौधरी एडवोकेट ने बेटियों को अपनी रचनाओं से अपनी रक्षा स्वयं करने को प्रेरित किया।

## कांग्रेस द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी को निरस्त करने का किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आवाहन पर जिला शहर कांग्रेस द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को निरस्त करने का विरोध करने के लिए पदयात्रा की कांग्रेस कार्यकर्ता कॉन्ग्रेस पर्यवेक्षक राफ़िया शबनम जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा शहर अध्यक्ष श्री कृष्ण गंगवार के नेतृत्व में काशीराम बरातघर पर इकट्ठा हुए तथा पदयात्रा निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर गांधी प्रतिमा पार्क को बन्द देखकर कॉन्ग्रेस कार्यकर्ता उद्वेलित हो गए ताला खोलने की मांग करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए तभी अपर जिलाधिकारी पवन कुमार ने आकर गांधी पार्क का ताला खुलवाया कॉन्ग्रेस कार्यकर्ताओं गाँधी प्रतिमा पर नमन किया। पदयात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथ में गांधी जी का फोटो लिए चल रहे थे मनरेगा कानून निरस्त करो गांधी जी का अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शित कर रहे थे गांधी जी की प्रतिमा के पास कॉन्ग्रेस पर्यवेक्षक राफिया शबनम ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदल कर गांधी का अपमान किया है गोडसे को पूजने बाले गांधी की विचारधारा को कभी खत्म नही कर पाएंगे। जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार महात्मा गांधी से इतनी नफरत करती है कि वह उनके नाम को भी योजनाओं से मिटा रही है यह गांधी जी का अपमान है कांग्रेस पार्टी मनरेगा के कानून को खत्म करने का विरोध कर रही है। इस दौरान शहर अध्यक्ष श्री कृष्ण गंगवार, युवक कॉन्ग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अयान खान, अल्पसंख्यक कॉन्ग्रेस प्रदेश अनवर अनीस, मुनेंद्र सक्सेना, छात्र संघ अध्यक्ष राजेश वर्मा, असगर अल्वी, और राहुल वर्मा, ममता देवी,उर्मिला ,इरफान, युसूफ मलिक, पुष्पा गंगवार, डॉ नागेश चन्द्र पाठक, ज्ञानेंद्र गौतम, प्रवक्ता हेमन्त मिश्रा एडवोकेट , शिखा, गुड़िया, कामरान, रिहान , नफीसा बी ,अभिनव गुप्ता गोल्डी, कमल कुमार गौड़, हरीश कुमार सिंह मौर्य ,दानिश हसन, प्रवक्ता हेमन्त मिश्र सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

## ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन ने शिकायत की है कि वार्ड नंबर 25 नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र के अनुसूचित जाति के दर्जनों महिला पुरुषों ने गांव छरोरा थाना जैंत मथुरा में सार्वजनिक अनुसूचित जाति के सैकड़ो वर्ष पुराने मंदिर थान कुआं एवं सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर लोगों के द्वारा सरकारी आबादी की जमीन सहित गैर कानूनी तरीके से स्थाईरूप से निर्माणकार्य कर जबरन अवैध कब्जा कर रहे हैं। निर्माण कार्य अवैध रूप से जारी है की शिकायत लेकर जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के नाम नगर मजिस्ट्रेट मथुरा अनुपम कुमार मिश्र को शिकायती पत्र ज्ञापन देकर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने नगर मजिस्ट्रेट को अवगत कराते हुए कहा कि अवैध कब्जा करने वाले सत्ता व राजनीतिक रसूल के चलते अनुसूचित जाति के सार्वजनिक प्रयोग की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं साथ ही शिकायतकर्ताओं को झूठा फंसाने जीवन बर्बाद करने की धमकी देते हैं। प्रदर्शन एवं ज्ञापन के दौरान प्रमोद कुमार, धर्म सिंह, बृजमोहन, गोविंद, सोहनलाल ,छोटू, अंशुल,चंद्रावती ,कमलेश, विमलेश, पुरण देवी, नगीना, शीला देवी, सर्वेश कुमारी, सुंदरी देवी, सुरेश कुमार, वेदराम, बिल्ला, महावीर सिंह ,सुमित कुमार, आकाश बाबू ,राज गब्बर नेता, ओम प्रकाश, सागर सिंह आदि जमीन मुक्त कराकर अवैध निर्माण रुकवा कर कार्रवाई की मांग की।

## व्यापार मंडल ने किया सम्मानित

**राजा का ताजपुर।** एसबीआई शाखा में नकबजनी की घटना को एक हफ्ते में खोलने तथा घरेलु विवाद को निपटाने में सराहनीय भूमिका के लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई ने चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह, अनूप सिंह व भूप सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। चोरियों का खुलासा कर पुलिस ने जनता में एक बार फिर विश्वास बनाया है। इस मौके पर सरदार कमलजीत सिंह नूर, महबूब सलमानी, डॉ. अरुण अग्रवाल, सुनील त्यागी, उस्मान अंसारी, सतेन्द्र कुमार आर्य, मदन सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## लियाकत हुसैन का इंतकाल

**राजा का ताजपुर।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य लियाकत हुसैन उर्फ बबलू का देर शाम इंतकाल हो गया। उनकी एक महीने पहले हार्ट सर्जरी हुई थी। उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं आ रहा था। इंतकाल की खबर सुनकर को. हराम मच गया। सपा सरकार के दौरान वह सपा मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष थे। वह एक नेक दिल व मिलनसार व्यक्ति के साथ-साथ गरीबों, बेसहारों व कमजोरों के मददगार थे। सपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिवार के लोगों से मोबाइल पर बातचीत कर दुख जाहिर करते हुए कहा कि वह संवेदना व्यक्त करते है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनकी बेटी रोशना परवीन से करीब पांच मिनट मोबाइल पर बात की। उनके जनाजे की नमाज जुमे की नमाज के मदरसा इस्लामिया रहमानिया में अदा की गई। मुरादाबाद की सपा सांसद रूचि वीरा, सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी, पूर्व मंत्री नईमुल हसन, पूर्व मंत्री कुतुबुद्दीन अंसारी, जिला पंचायत सदस्य इमरान आदि रहे।

## गर्मी की दस्तक से पहले ही तरौली में पेयजल समस्या गहराई

**मथुरा।** विकास खंड चौमुंहा के गांव तरौली जनूबी में पीने के पानी की समस्या गहरा गई है। गांव में खारा पानी होने कारण पीने योग्य नहीं है। ग्रामीण व महिलाएं दूर दराज से नलकूपों से पानी लाने को मजबूर हैं। बताते चलें कि गांव तरौली में 45 वर्ष पहले जल निगम विभाग द्वारा पानी की टंकी बनाई गई थी। उसमें पानी स्टॉक के लिए गांव से बाहर दो ट्यूबैल लगे थे। गांव में पानी सप्लाई के लिये अंदर जमीन में लोहे की पाइप लाइन बिछी है।जिस पाइपलाइन से ग्रामीणों को सप्लाई मिलती थी। बुधवार को प्रशासन के आदेश पर ठेकेदार ने बम लगाकर पानी की टंकी को ध्वस्त कर दिया गया है। जिसके कारण अब ग्रामीणों को पानीं नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं को गांव से एक किलोमीटर दूर रोड किनारे लगे नलकूपों से पानी भरकर लाना पड़ रहा जिससे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जल निगम विभाग की लापरवाही इतनी हे कई दिन से गांव में पानी का संकट गहराया हुआ है लेकिन अभी तक किसी जिम्मेदार ने सुध नहीं ली है। जबकि पेयजल सप्लाई के गांव में दो ट्यूवैल लगे हुए है जिनसे ऐसी स्थिति में बिजली आने पर गांव में सीधे पाइप लाइन से जलापूर्ति की जा सकती है ।लेकिन ग्रामीणों की इस समस्या की ओर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण सुन्दर सिंह का कहना है कि कई दिन से ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे है लेकिन किसी अधिकारी ने अभी तक सुध नहीं ली है । ग्रामीणों ने पानी की समस्या के जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। जल निगम जेई हेमंत कुमार ने बताया एक ट्यूबल की लाइन को पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क पर पुल बनाते समय तोड़ दिया है उनको लाइन ठीक करने को पत्र भेज दिया है।

## पुलिसकर्मियों को टक्कर मारने वाला अरेस्ट

**बिजनौर।** बीती रात मंडावर मार्ग के चक्कर चौराहे पर चालक सुमित कश्यप ने तेजी व लापरवाही के साथ कार चलाते हुए वहां पर ड्यूटी पर तैनात हैड कांस्टेबिल ललित कुमार व सिपाही हरेन्द्र को टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों पुलिसकर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। कार ने ऑटो में भी टक्कर मारी थी। जिससे ऑटो चालक व उसमें मौजूद सवारियां भी घायल हो गई थी। पुलिस ने सुमित कश्यप पुत्र बालेश कश्यप निवासी ग्राम इनामपुरा, थाना मंडावर को मुकदमा अपराध संख्या 110/2026 धारा 281, 125बी, 221, 121 (1), 132 व 324 (4) बीएनएस में गिरफ्तार कर लिया है।

## देवसेरस में शादी के दौरान 'गदर काटने' की घटना में कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस टीम द्वारा ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन मथुरा में शादी समारोह में मंहगी मंहगी गाड़ियों को गांव में दौड़ाकर, हूटर बजाते हुए, डीजे को उच्चतम आवाज में बजाते हुए, तमंचा व अवैध हथियार को लहराकर, फायर करते हुए गांव में दहशत फैलाने वाले वाहनों में से तीन वाहनों को थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा बरामद किया गया है तथा शेष वाहनों की तलाश की जा रही है। 10 दिसम्बर 2025 को थाना गोवर्धन जनपद मथुरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवसरेस में स्थानीय निवासी की पुत्री की शादी थी। जिसमें ग्राम अंगरावली कामा राजस्थान से बारात आयी थी, जिसमें ज्यादातर लोग काफी महंगी महंगी गाड़ियां लेकर आये थे। जिनके द्वारा गांव में गाड़ियों को गलियों में घुमाया गया था तथा गाड़ियों के ऊपर छत पर बैठकर व खड़े होकर सनरुफ से निकलर अवैध असलाह तमंचा, पिस्टल लहराते हुए व हूटर बजाते हुए गलियों से बारात को निकाला गया था, जिनके भय से गांव के सीधे साधे लोग दहशत में आ गये थे, तथा अपने अपने घरों के खिड़की दरबाजे बन्द कर अपने अपने घरों में छुप गये थे। जिसके सम्बन्ध में गांव के कुछ लोगों द्वारा वीडियो भी बनाई गयी थी जो वायरल हो गयी। गोवर्धन पुलिस के द्वारा की गयी जांच में घटना का सही होना पाया गया। इस घटना में कुछ वाहन प्रकाश में आये थे जिनके विरुद्ध थाना गोवर्धन पर 16 दिसम्बर 2025 को धारा 191(2), 191(3), 190




बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट बनाम करीब 20 अज्ञात कार सवार व्यक्तियों के विरुद्ध पंजीकृ त किया गया था। गोवर्धन पुलिस द्वारा महिन्द्रा थार आरजे 60 सीई 3055, महिन्द्रा थार आरजे 05 सीडी 2997, महिन्द्रा थार आरजे 02 सीजे 0535 को बरामद किया गया है।

हुड़दंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और 16 दिसंबर को करीब 20 अज्ञात कार सवारों के खिलाफ बीएनएस और सीएलए एक्ट की गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया था। गोवर्धन पुलिस ने दबिश देकर राजस्थान नंबर की तीन थार गाड़ियाँ बरामद कर ली हैं। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य वाहनों और हुड़दंगियों की तलाश में जुटी है।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नई कार्यकारणी का किया गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कॉन्ग्रेस विधि विभाग की नव नियुक्त कमेटी को कॉन्ग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अनुमोदित कर दी है कॉन्ग्रेस विधि विभाग के प्रदेश चेयरमैन अली आसिफ जमा रिजवी एडवोकेट ने विधि विभाग की नई टीम की घोषणा कर दी है नई टीम में कॉन्ग्रेस प्रवक्ता हेमन्त मिश्रा एडवोकेट को प्रदेश महासचिव, मनोज कुमार मिश्रा एडवोकेट को विधि विभाग का प्रदेश सचिव, राजीव गंगवार को पीलीभीत का जिला चेयरमैन, मनोज कुमार को पीलीभीत शहर चेयरमैन नियुक्त किया है। हेमन्त मिश्रा पहले भी प्रदेश महासचिव एवं बरेली मण्डल के इंचार्ज रह चुके हैं।

## प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय की छत पर लटकता मिला कर्मचारी का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** शहर के एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय की छत पर कर्मचारी का शव लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के परि. जनों ने प्रॉपर्टी डीलर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। अनिल, जो पिछले 5 वर्षों से वहां काम कर रहा था, उनका शव शुक्रवार सुबह रस्सी के फंदे से कार्यालय की बिल्डिंग से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने प्रॉपर्टी डीलर पर युवक को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार सुबह कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी 25 वर्षीय अनिल मोहल्ला श्रीनगर कॉलोनी स्थित प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में पिछले 5 वर्षों से नौकरी करता था। गुरुवार रात उसका शव छत की रेलिंग से सड़क की ओर रस्सी के फंदे से लटका मिला। शुक्रवार सुबह लोगों ने शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी।

# हर-हर महादेव के उद्घोष से भक्तिमय हुआ वातावरण

## कांवड़ियों के आगमन से धनौरा मार्ग पर हाइवे हुआ शिवमय, गूंजे 'बम-बम भोले' के जयकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**गजरौला।** भगवान शिव की भक्ति में चूर होकर कांवड़िए धीरे धीरे अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को मण्डी धनौरा मार्ग और हाइवे पर दूर दूर तक कांवड़ियों के जत्थे दिखाई दे रहे थे। कांवड़ियों के आवागमन से नगर का वातावरण भी शिवमयी हो गया। जगह जगह लगे सेवा शिविरों पर कांवड़ियों का सेवा सत्कार किया गया। पुलिस दिन के साथ साथ रात में भी कांवड़ियों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रही।

कल रविवार 15 फरवरी को देश भर में महाशिवरात्रि पर्व का मनाया जाएगा। हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़िए हाइवे पर बुलंदशहर को जाने के लिए कुमराला चौकी से शहबाजपुर डोर बाईपास होकर निकल रहे हैं। वहीं अमरोहा दिशा, हसनपुर रोड पर भी कांवड़ियों की धूम मची है। भगवान शिव के भक्तों का स्वागत और सेवा करने के लिए नगर के हसनपुर रोड, हाइवे के साथ साथ धनौरा रोड पर कई स्थानों पर का सेवा विश्राम स्थल की व्यवस्था की गई। शुक्रवार को शहर

### महाशिवरात्रि से पहले उमड़ा आस्था का सैलाब

से खुर्जा, बरेली, मुरादाबाद, सम्भल आदि दूर दूर के रहने वाले जत्थे पास हुए। स्थानीय एवं क्षेत्रीय शिवभक्तों की भीड़ शनिवार को ज्यादा रहेगी। मण्डी धनौरा मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या ज्यादा होने के कारण चार पहिया वाहनों को भी डायवर्ट करके निकाला जा रहा है। वहीं हाइवे पर भी भारी वाहनों को डायवर्ट करके परिवर्तित मार्गों से निकाला जा रहा है। वहीं शिवभक्तों के हरिद्वार से आवागमन के चलते गजरौला से नजीबाबाद को जाने वाली पैसेंजर ट्रैन, दिल्ली से गजरौला होकर हरिद्वार जाने वाली मंसूरी एक्सप्रेस, लक्सर तक जाने वाली लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस और दिल्ली से चलकर कोटद्वार तक जाने वाली सिद्धबली एक्सप्रेस में भी और दिनों की अपेक्षा इस समय भारी भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। दिन के साथ साथ रात में भी पुलिस पिकेट तैनात रही। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने दिन के साथ ही रात में भी कांवड़ मार्ग का भ्रमण करके कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## विधायक ने कांवरियों का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार को हसनपुर क्षेत्र के शाहपुर कला स्थित भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के कैंप कार्यालय पर भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। हर वर्ष की परंपरा को जीवंत रखते हुए इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया गया। इसके पश्चात क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए प्रसाद वितरण शुरू हुआ।

भंडारे के साथ-साथ शिव भक्तों की सेवा के लिए विशेष इंतजाम किए गये थे। रहरा-हसनपुर मार्ग से गुजर रहे शिवभक्त कांवड़ियों का विधायक और उनके समर्थकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूरा मार्ग श्हर-हर महादेवश के जयघोष से गुंजायमान रहा। भोले के भक्त डीजे की धुनों पर थिरकते नजर आए, जिससे माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। इस सेवा कार्य और धार्मिक आयोजन में विधायक के साथ मुख्य रूप से देवेंद्र खड़गवंशी, अजय पॉल,संजय राणा, नंदन राणा रहे। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करना ही सच्ची पूजा है और यह परंपरा आगामी वर्षों में भी इसी श्रद्धा के साथ जारी रहेगी

## एएसपी ने कांवरियों पर की पुष्पवर्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** कांवड़ यात्रा के दौरान गांव पत्थरकुटी में भक्ति और सुरक्षा का अनोखा संगम देखने को मिला। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार तथा थाना पुलिस बल के साथ शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। पुष्प वर्षा के बीच हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं के चेहरों पर उल्लास और उत्साह साफ नजर आया। शिवभक्तों ने अमरोहा पुलिस प्रशासन की ओर से की गई यातायात, सुरक्षा और व्यवस्था प्रबंधन की मुक्तकंठ से सराहना की। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस बल को सतर्कता व संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों व श्रद्धालुओं ने भी पुलिस प्रशासन के इस स्वागत भाव की प्रशंसा करते हुए इसे आस्था और सेवा का सुंदर उदाहरण बताया

## कांवड़ यात्रा के बीच फर्जी कॉल से हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** कांवड़ यात्रा के दौरान शुक्रवार सुबह एक नशे में धुत युवक ने शेरपुर गांव में आग लगने की झूठी सूचना देकर फायर ब्रिगेड को दौड़ा दिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम गजरौला से धनौरा की ओर रवाना हुई, लेकिन शेरपुर पहुंचने पर कोई आग नहीं मिली। जांच में सामने आया कि कॉल पूरी तरह फर्जी थी। इस घटना से विभाग का समय और संसाधन व्यर्थ हुए। अधिकारियों ने नाराजगी जताई और कहा कि आपात सेवाओं से मजाक करना अपराध है। मोबाइल नंबर के आधार पर युवक की तलाश जारी है।

## शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

### चेयरमैन व ईओ ने दिये कर्मियों को निर्देश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महाशिवरात्रि पर नगर वासियो को बेहतर नगरीय व्यवस्था दिये जाने के लिए पालिका प्रशासन ने पूरी तैयारी कर लीं है। महाशिवरात्रि पर्व इस वर्ष आगामी दिनांक 15 फरवरी को देशभर मे मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ के भक्तो द्वारा कांवर (जल ) लाकर भगवान महादेव का नगर के शिवालयो विशेषकर वासुदेव तीर्थ व बाबा गंगानाथ मंदिर मे जाकर जलाभिषेक किया जाता है। महाशिव. रात्रि पर्व पर नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा प्रत्येक वर्ष कांवड़ यात्रियों, श्रद्धांलुओं की सुविधा एवं इस पर्व के दृष्टिगत सम्पूर्ण नगर क्षेत्र मे विशेष व्यवस्थाएं की जाती हैं। इस वर्ष नगरवासियो को गत वर्षो से बेहतर व्यवस्था दिये जाने के उद्देश्य से पालिका प्रशासन ने तैयारी की है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन व पालिका उपनगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार द्वारा इस महाशिवरात्रि पर्व पर गत वर्षो से बेहतर नगरीय सुविधाएँ दिये जाने के लिए पालिका उप नगर आयुक्त द्वारा अधीनस्थ पालिका अधिकारियो व कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं। नगर के वासुदेव तीर्थ व बाबा गंगानाथ मंदिर सहित नगर के प्रमुख मंदिरो, शिवालयो के आस पास बेहतर सफाई, जल छिड़काव व चूना आदि की व्यवस्था के लिए पालिका के समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों की ड्यूटी लगायी गयी है।

**मुनाफ का लालच देकर 98 लोगों को बनाया शिकार, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत**

## सचिवालय में गाड़ी लगवाने का झांसा देकर 5.61 करोड़ ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्वास्थ्य विभाग व लखनऊ सचिवालय में किराए पर लगवाने का झांसा देकर 98 लोगों से पांच करोड़ 61 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि शहर के एक नामचीन कार कारोबारी ने पहले मुनाफा देकर भरोसा जीता और बाद में भुगतान बंद कर दिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मामले की जांच सीओ सदर को सौंप दी है।

नगर के मुहल्ला जामा मस्जिद निवासी मोहम्मद अजहर कारोबारी हैं। उनका कहना है कि 2022 में उनकी मुलाकात नगर के बिजनौर रोड निवासी शहर के नामचीन कार कारोबारी से हुई थी। कार कारोबारी ने अजहर को झांसे में लेकर लखनऊ सचिवालय के साथ ही स्वास्थ्य विभाग में किराए पर कार लगवाने का झांसा दिया था। कहा था कि कार खरीद कर वहां लगवा देगा तथा हर महीना किराए के पैसे मिलेंगे। अजहर ने पहले 20 लाख रुपये दे दिए। उसके साथ तीन लोग और शामिल हैं। आरोपितों ने अजहर को भरोसे में लेने के लिए पहले मुनाफे के तौर पर पैसे भी दिए। उसके बाद अजहर से और लोगों के पैसे कारोबार में लगाने का झांसा दिया। आरोपितों ने अजहर, मोहम्मद आसिफ, सुब्हान समेत लगभग 98 लोगों के पांच करोड़ 61 लाख रुपये लेकर कारोबार में लगाने की बात कही थी। 18 महीना तक पैसों का लेनदेन चलता रहा तथा आरोपित पीड़ितों को मुनाफे के तौर पर पैसे देते रहे। इस दौरान उन्होंने एक करोड़ रुपये वापस कर दिए। परंतु उसके बाद पैसे लौटाना बंद कर दिया। कारोबार में घाटा दिखाने के साथ ही बात करना बंद कर दिया। खरीदी गई कारें कहां गई इसकी भी जानकारी नहीं दी है। कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन आरोपितों ने पैसे लौटाने से साफ इन्कार कर दिया। जिसके बाद पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को शिकायती पत्र दिया था। एसपी ने मामले की जांच सीओ सदर अभिषेक यादव को सौंपी है।

## नीलगाय का वध करने में चार को तीन साल की सजा

### कोर्ट ने एक लाख चार हजार का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिकार के दौरान नीलगाय का वध करने के मामले में कोर्ट ने चार दोषियों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सभी दोषी जमानत पर थे।

8 मई 2014 का मामला आदमपुर थाने से जुड़ा था। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने कुछ लोगों को नीलगाय का शिकार करने के आरा. `प में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान क्षेत्र के गांव मदारीपुर निवासी शकील, गांव मच्छरिया के रहने वाले नजाकत, बंदू और जाहिद के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध शस्त्र भी बरामद किए थे। मामले में थाने में तैनात तत्कालीन दरोगा संजीव कुमार ने शकील, नजाकत, बंदू और जाहिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने कोर्ट पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल चारों इस मुकदमे में जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई एडीजे तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। कोर्ट ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई करते हुए पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर शकील, नजाकत, बंदू और जाहिद को वन्य जीव जंतु संरक्षण अधिनियम तथा अवैध शस्त्र अधिनियम में दोषी करार दिया। चारों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई तथा 1 लाख चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## अज्ञात लोगों ने बुलैरों में लगायी आग



### पुलिस मामले की जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** कस्बा डिडौली में गुरुवार तड़के में अज्ञात लोगों ने एक बोलेरो में आग लगा दी। घटना में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

डिडौली निवासी देवराज सिंह पुत्र स्वर्गीय होराम सिंह पेशे से किसान हैं। उन्होंने अपनी बोलेरो घेर में खड़ी कर रखी थी। देर रात अज्ञात लोगों ने कार में आग लगा दी। आग की लपटें उठने पर देवराज सिंह की आंख खुल गई। उन्होंने तुरंत घर में लगे सबमर्सिबल को चालू कर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक कार पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पीड़ित देवराज सिंह ने बताया कि घटना में उनका करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। तहरीर मिली है। अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पुराने से पुराने रेडियो, कैमरे, घड़ियां आदि देखकर छात्र-छात्राएं हुए हतप्रभ**

## रेडियो दिवस पर 'रेडियो मैन' राम सिंह बौद्ध सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 'विश्व रेडियो दिवस' के अवसर पर दुनिया भर में सर्वाधिक रेडियो संग्रहीत करने का रिकार्ड कायम कर गिनीज

### गिनीज बुक में भी दर्ज है राम सिंह बौद्ध का नाम

बुक ऑफ द वर्ल्ड में नाम दर्ज कराने वाले 'रेडियो मैन' के नाम से विभूषित राम सिंह बौद्ध का अंगवत्र एवं बुके भेंट करके स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने संग्रहालय का भ्रमण करके देश विदेश के पुराने से पुराने रेडियो, कैमरे, फोन, पाण्डुलिपि, घड़ियां आदि देखीं, जिन्हें देखकर वह अवाक रह गए।



बता दें कि नगर के मुहल्ला नाईपुरा में सेवानिवृत्त भंडार अधीक्षक राम सिंह बौद्ध ने रेडियो सग्रहालय बनाकर पूरे विश्व का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में उन्हें रेडियोमैन की संज्ञा से विभूषित किया। जिसके बाद से राम सिंह बौद्ध को रेडियोमैन के रूप में जाना व पहचाना जाने लगा है। शुक्रवार को 'विश्व रेडियो दिवस' के अवसर पर नगर के सिद्धार्थ इण्टर कॉलेज के ऊपरी तल पर स्थित रेडियो संग्रहालय में राम सिंह बौद्ध को अंगवस्त्र पहनाकर व बुके भेंट करके स्वागत किया गया। इस दौरान श्री बौद्ध ने रेडियो के इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुराने से पुराने रेडियो व अन्य चीजें दिखाईं, जिन्हें देखकर वे हतप्रभ हो गए। कई रेडियो, घड़ियां और फोन तो ऐसे थे, जिन्हें बच्चों ने केवल फिल्मों में देखा था। राम सिंह बौद्ध ने कहा कि उनकी मांग है कि शासन-प्रशासन इस संग्रहालय की महत्ता समझते हुए इसके उत्थान का काम करे, ताकि इसका लाभ देश दुनिया के लोगों को पहुंच सके और वे रेडियो सहित संग्रहालय में मौजूद अन्य दुर्लभ वस्तुओं के बारे को देख व समझ सकें। बताया कि आज रायपुर छत्तीसगढ़ में भी रेडियो दिवस के उपलक्ष्य में, 'रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता: एआई एक उपकरण है, आवाज नहीं' थीम पर एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम हुआ जिसमें उन्हें भी बुलाया गया था मगर वे किन्हीं कारणों से नहीं जा सके। इस मौके पर स्टेट बैंक ऑफ इडिया अल्लीपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक अनुज श्रीवास्तव, प्रबंधक रविराज सिंह, प्रधानाचार्य रोहताश कुमार राणा, यतीश कुमार, विनोद कुमार, नीतू गौतम, राजकुमारी, राहुल गौतम आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ पदयात्रा

### बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है मोदी सरकारः कटारिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा को बचाने के लिए संविधान एवं मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में करीब 20 किलोमीटर पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे अमरोहा कैलसा रोड पर स्थित ग्राम पंचायत तेलीपुरा से डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को नमन करके वंदे मातरम गीत गाकर किया गया। पदयात्रा का समाप. नशहर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्या अर्पण करके गांधी जी को नमन करके किया गया। पदयात्रा तेलीपुरा से कैलसा बॉर्डर, मानकजुड़ी, जलाल. पुर घना, नगला मझोला मझौली, रघुनाथपुर, दरियापुर, नगला सिरसा खुमार, अंबरपुर चौराहा, मालीपुर धनौरी, कंकरसराय, मीरा सराय होती हुई अमरोहा शहर में पहुंची। नुक्कड़ सभाओं में बोलते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह से मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बाबा साहब के



संविधान को बदलना चाहती है, संविधान भारत की आत्मा है और संविधान से छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दूसरा केन्द्र की सरकार ने जन कल्याणकारी योजना मनरेगा को समाप्त कर दिया है। मनरेगा से राष्ट्रपिता गांधी जी का नाम हटा दिया है। भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी की सरकार गांधी जी के नाम से नफरत करती और उनके विचारों को मिटाना चाहती है। महात्मा गांधी एक विचार है उसे कभी मिटाया नहीं जा सकता भारत के रोम रोम में गांधी जी बसते हैं। मनरेगा ग्रामीण अंचल में रहने वाले बेरोजगार लोगों के लिए रोजगार का अवसर था, उसको मोदी सरकार ने समाप्त कर दिया और गरीबों के रोजगार पर मोदी सरकार ने बुलडोजर चला दिया मनरेगा को बहाल करने के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रही है और लड़ती रहेगी। पदयात्रा में चौधरी सुखराज सिंह, शाहिद सिद्दीकी, राज. कुमार अरुण, फैज आलम रायनी, मयंक कुमार गुर्जर, डॉक्टर मेराज हुसैन, मनोज कटारिया, महिपाल सिंह जाटव, हरिओम पुष्कर, शमशाद अली सैफी, शहाबुद्दीन सैफी, नफीस अहमद, रोहतास कुमार, इकबाल अंसारी, रिजवान अहमद, मोहसिन अली आदि मौजूद रहे।

# फारूख हत्याकांड से उबाल पर शहर, अधिवक्ताओं का चक्का जाम

## दिल्लीझलखनऊ हाईवे पर घंटों प्रदर्शन, सिविल लाइंस कोतवाल को निलंबित करने की मांग पर अड़े अधिवक्ता

**>>> डीएम-एसपी के समझाने के बावजूद नहीं माने प्रदर्शनकारी, देर शाम तक जारी रहा हंगामां**









शाह टाइम्स

**रामपुर।** अधिवक्ता फारूख खां की हत्या के बाद शुक्रवार को जनपद का माहौल पूरी तरह उबाल पर आ गया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर से जुलूस निकालते हुए अंबेडकर पार्क के सामने दिल्लीझलखनऊ हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। घंटों तक चले इस प्रदर्शन से शहर में अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनकी प्रमुख मांग सिविल लाइंस कोतवाल को तत्काल निलंबित करने की रही। इसके साथ ही मृतक अधिवक्ता के परिजनों को मुआवजा और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग भी दोहराई गई।

**डीएम-एसपी मौके पर पहुंचे,** हंगामा बढ़ने पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र मौके पर पहुंचे। डीएम-एसपी ने अधिवक्ताओं से बातचीत कर ज्ञापन लिया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन प्रदर्शनकारी सिविल लाइंस कोतवाल संजीव कुमार को निलंबित करने की मांग पर अड़े रहे। अधिवक्ताओं और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। डीएम-एसपी के समझाने के बावजूद जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो अधिकारी उच्चाधिकारियों से सलाह लेने की बात कहकर अलग हो गए। खबर लिखे जाने तक हाईवे पर धरना-प्रदर्शन जारी था।

**बुधवार से लगातार गरमाया हुआ है माहौल**

गौरतलब है कि बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय में तैनात बाबू असगर अली ने अधिवक्ता फारूख खां की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद से अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

घटना वाले दिन ही अधिवक्ताओं ने जिला अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ और हंगामा किया था। गुरुवार को कचहरी परिसर में धरना दिया गया, जहां मृतक के परिजनों को पांच करोड़ रुपये मुआवजा, आरोपी बाबू के साथ-साथ नीरज रस्तोगी की गिरफ्तारी और सिविल लाइंस कोतवाल के निलंबन की मांग उठाई गई थी।

बताया जा रहा है कि गुरुवार को एसपी ने 24 घंटे में कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन निलंबन की कार्रवाई न होने पर अधिवक्ता शुक्रवार को भड़क गए और चक्का जाम का ऐलान कर दिया।

**जौहर मार्ग से हाईवे तक अफरा-तफरी**

चक्का जाम के अल्टीमेटम को देखते हुए शुक्रवार सुबह से ही कचहरी परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। अधिवक्ता जुलूस की शक्ल में कचहरी से निकले और जौहर मार्ग, एसपी आवास व जिला पंचायत कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचे। इसके बाद दिल्लीझलखनऊ हाईवे पर धरना शुरू कर दिया गया।

**कई जिलों की फोर्स तैनात, ड्रोन से निगरानी**

स्थिति को देखते हुए रामपुर के अलावा संभल, अमरोहा और मुरादाबाद जिलों से पुलिस बल बुलाया गया। पीएसी के जवान भी तैनात किए गए। धरनास्थल पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा और ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की जाती रही। पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई।

**हाईवे जाम से यात्री परेशान, रूट डायवर्ट**

हाईवे पर जाम लगते ही पुलिस ने रूट डायवर्ट कर दिया। मुरादाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को कोसी पुल से अजीतपुर बाईपास की ओर भेजा गया, जबकि बरेली की ओर से आने वाले वाहनों को राम-रहीम पुल से निकाला गया। रूट डायवर्जन के चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**परिजनों का आरोप–पुलिस ने घर आकर दी धमकी**

धरनास्थल पर पहुंचे मृतक अधिवक्ता के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि कुछ पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचकर दबाव बना रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सिविल लाइंस कोतवाल ने फोन कर रात में ही बयान दर्ज कराने की बात कही। एसपी ने मामले की जांच कराने और भविष्य में ऐसी शिकायत न होने का आश्वासन दिया।

# तीन वीडियो तीन कहानियाँ भ्रम में उलझी अधिवक्ता फारूख खां हत्याकांड की जांच

शाह टाइम्स

**रामपुर।** अधिवक्ता फारूख खां की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर सामने आ रहे लगातार वीडियो पुलिस की जांच के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। अब तक इस मामले से जुड़े तीन अलग-अलग वीडियो वायरल हो चुके हैं, जिनमें हर वीडियो घटनाक्रम की अलग तस्वीर पेश कर रहा है। पहला वीडियो घटना वाले दिन का बताया जा रहा है। इसमें वारदात के बाद आरोपी जिला पंचायत में तैनात बाबू असगर अली महिला बाबू गौशिया निशा को पिस्टल की बट से मारकर घायल करता नजर आता है। इस वीडियो में कहीं भी यह संकेत नहीं मिलता कि आरोपी बाबू को भी गोली लगी थी, जिससे शुरू से ही जांच इस बिंदु पर अटकी रही। इसके बाद गुरुवार को करीब ढाई मिनट का दूसरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में अधिवक्ता फारूख खां कुछ लोगों के साथ बाबू असगर अली के चैंबर में पहुंचते हैं। आते ही कहासुनी और मारपीट शुरू हो जाती है। वीडियो में थप्पड़ मारने, बहस और बीच-बचाव के दृश्य सामने आते हैं। इसके बाद बाबू पिस्टल निकालता है, जिस पर अधिवक्ता दोबारा कमरे में आते हैं और दोनों के बीच छीना-झपटी शुरू हो जाती है। इसी दौरान गोली चलने की बात सामने आती है, जिसके बाद बाबू अन्य लोगों को धमकाते हुए मौके से फरार हो जाता है। तीसरा वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ, जिसने पूरे मामले को और उलझा दिया। इस वीडियो में आरोपी बाबू घायल अवस्था में जिला अस्पताल में दिखाई देता है और कैमरे के सामने दावा करता है कि पहले अधिवक्ता ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की थी। उसने कहा कि डराने के लिए उसने पिस्टल निकाली थी, लेकिन छीना-झपटी के दौरान गोली चल गई और इसी दौरान उसे भी गोली लगी। लगातार सामने आ रहे इन वीडियो के चलते पुलिस ने जांच का दायरा और विस्तृत कर दिया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के तकनीकी परीक्षण के आधार पर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। उधर, इस हत्याकांड को लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने अन्य आरोपी नीरज रस्तोगी की गिरफ्तारी और सिविल लाइंस कोतवाल के निलंबन की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन भी किया था।

# अतिक्रमण के कई दिन बीत जाने के बाद हटा मलबा



शाह टाइम्स

**शाहबाद।** भमौरा शाहबाद बिलारी स्टेट हाइवे चौड़ीकरण की जद में आ रहे पार्क के गोल चक्कर का मलबा लगभग 9 दिनों तक यूंही रोड किनारे पड़ा रहा। लोगो को होने वाली परेशानियों और सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर पंचायत शाहबाद ने जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली से पार्क के गोल चक्कर के मलबे को हटवाया। बताते चले कि शाहबाद शहर के सीएचसी के ठीक सामने सड़क चौड़ीकरण के लिए अवैध अतिक्रमण पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चार फरवरी को जेसीबी चलवाई गई थी। अतिक्रमण की जद में कई वर्ष पूर्व नगर पंचायत कुएं पर बनाए गए पार्क का गोल चक्कर भी आ गया। जिसको पीडब्ल्यूडी विभाग की जेसीबी के द्वारा गिराया गया। गोल चक्कर गिराने के बाद उसका मलबा कई दिनों तक सड़क किनारे ही पड़ा रहा, अब जब सड़क चौड़ीकरण के लिए कार्य किया जाना है तो शुक्रवार को नगर पंचायत ने जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली लगाकर गोल चक्कर के मलबे को हटवाया।

# दिव्यांगजन योजनाओं में जनपद की सराहनीय प्रगति

शाह टाइम्स

**रामपुर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के अनुसार पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिम अंगझसहायक उपकरण, स्वरोजगार, विवाह प्रोत्साहन तथा कॉक्लियर इम्प्लांट योजनाओं के अंतर्गत हजारों लाभार्थियों को आर्थिक व चिकित्सीय सहायता प्रदान की गई। उन्होंने पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु संबंधित कार्यालय में आवेदन करें।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों संग डीएम ने की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स

**रामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष रोल प्रेक्षक निखिल गजराज की अध्यक्षता में तथा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में संतशिरोमणि गेस्ट हाउस में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जा चुका है तथा प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। शेष प्रकरणों में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर दिया जा रहा है। मतदाता सूची की तार्किक विसंगतियों को दूर कर शुद्ध एवं त्रुटिरहित सूची तैयार की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से पूरा किया जा रहा है तथा राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार वर्मा, समस्त ईआरओ एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आरसेटी में सीसीटीवी प्रशिक्षण 24 फरवरी से

शाह टाइम्स

**रामपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदाझआरसेटी पहाड़ी गेट में 18 से 50 वर्ष के युवाओं के लिए सीसीटीवी कैमरा व सिक्योरिटी अलार्म इंस्टॉलेशन का निःशुल्क प्रशिक्षण 24 फरवरी 2026 से शुरू होगा। कुल 35 सीटें हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 फरवरी 2026 है। प्रशिक्षण के दौरान भोजन, यूनिफॉर्म व सामग्री निःशुल्क मिलेगी। जानकारी के लिए 9012183432, 9058382486, 6397879587 पर संपर्क करें।

# रठौंडा किसान मेले का उद्घाटन करेंगे मुख्तार अब्बास नकवी

शाह टाइम्स

**रठौंडा।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी शनिवार 14 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे रठौंडा में जिला पंचायत द्वारा आयोजित ऐतिहासिक किसान मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। महाशिवरात्रि के अवसर पर शुरू होने वाला यह ऐतिहासिक रठौंडा मेला लगभग एक माह तक चलेगा, जिसमें धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# सींगनखेड़ा उर्स में अकीदतमंदों ने कव्वालियों का लुत्फ उठाया

## सय्यद हबीब हसन मियां की दरगाह पर दुआएं मांगीं, चादरपोशी का सिलसिला जारी रहा





शाह टाइम्स

**सैदनगर ।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के सींगनखेड़ा स्थित सैयद हबीब हसन शाह मियां की दरगाह पर 44 वां सालाना उर्स जारी है। उर्स के चौथे दिन कव्वालियों की धूम रही, जिसमें अकीदतमंदों ने रात भर लुत्फ उठाया। इस दौरान चादरपोशी का सिलसिला भी चलता रहा। आठ दिवसीय सालाना उर्स बुधवार को शुरू हुआ था। इसके चौथे दिन रात 10 बजे कव्वाली का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बाहर से आए कव्वालों ने मौला अली की शान और अल्लाह की शान में एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए, जिन्हें अकीदतमंदों ने खूब सराहा। विशेष रूप से सूफियाना कलामों पर अकीदतमंद झूम उठे। रात भर दरगाह पर सींगनखेडा देबीपुरा बिलासपुर रामपुर से चादरपोशी कर दुआऐ मांगी जिसके बाद चादरपोशी करने वाले अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। आस्ताना-ए-आलिया जमालिया गुलाब और इत्र की खुशबू से महक उठा। पूरे दिन दरगाह पर चादरपोशी का सिलसिला जारी रहा। दरगाह को सुंदर सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। जिसमे इंतेजाम मेले की देखरेख मे अजहर अली सलामत नजाकत आसिफ मुकासिफ मेहरवान अली हरुन अनस मुताहिर वकार अली मसाहूर अली सबिर आदि मौजूद रहे।

# मुरादाबाद के प्राइवेट अस्पताल में आरोपी का हुआ ऑपरेशन

शाह टाइम्स

**रामपुर।** बुधवार को जिला पंचायत परिसर में एक अधिवक्ता को गोली मारने के बाद घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचे आरोपी बाबू असगर अली का इस वक्त मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। गुरुवार को आरोपी बाबू असगर अली का तीन डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन किया। सूत्रों के अनुसार ऑपरेशन के बाद उसकी हालत ठीक है, पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं आरोपी के इलाज के दौरान उस अस्पताल में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। एक इंस्पेक्टर समेत आठ पुलिसकर्मियों को अस्पताल में तैनात किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की हालत में सुधार होते ही उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय में मासिक बैठक आयोजित

## स्वयं को काउंसलर मानकर तंबाकू उपयोगकताओं को छोड़ने के लिए प्रेरित करें : सीएमओ





शाह टाइम्स

**रामपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय रामपुर के सभागार में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपा सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सलाहकार डॉ शहजाद हसन खान द्वारा किया गया।

**परिवार से शुरूआत करने का आह्वान**

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपा सिंह ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी से अपील की कि वे स्वयं को काउंसलर मानते हुए तंबाकू उपयोगकताओं की नियमित काउंसलिंग करें और उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज की शुरूआत अपने परिवार से होनी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाए कि परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार के तंबाकू का सेवन न करे।

**तंबाकू छोड़ने के उपायों पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी**

मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ अजमी ने तंबाकू छोड़ने के व्यावहारिक उपायों, काउंसलिंग प्रक्रिया और संपूर्ण चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं जनरल फिजिशियन डॉ हबीब ने तंबाकू सेवन से होने वाले विभिन्न गंभीर रोगों और उनके दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**स्वास्थ्य कर्मियों की रही सक्रिय भागीदारी**

*इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सक, फार्मासिस्ट, नर्सिंग अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य पैरामेडिकल कर्मियों ने प्रतिभाग किया।*

**अंत में जताया आभार**

*कार्यक्रम के अंत में जिला सलाहकार डॉ शहजाद हसन खान ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और तंबाकू नियंत्रण को जन-आंदोलन बनाने की अपील की।*

**एक व्यक्ति नहीं, पूरा परिवार बचता है**

*मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी.सी. सक्सेना ने कहा कि तंबाकू सेवन से किसी व्यक्ति को रोकना केवल एक जीवन बचाना नहीं है, बल्कि इससे पूरा परिवार बर्बाद होने से बचता है। उन्होंने तंबाकू से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक नुकसान पर भी प्रकाश डाला।*

# जेल अधीक्षक के नेतृत्व में कारागार में चला स्वास्थ्य अभियान





शाह टाइम्स

**रामपुर।** जिला कारागार रामपुर में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों को विभिन्न रोगों से बचाव, स्वच्छता, संतुलित आहार और समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सा टीम ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श भी दिया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक राजेश यादव की उपस्थिति रही। आयोजन जेलर सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। चिकित्सा टीम का नेतृत्व चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार ने किया। अभियान में डिप्टी जेलर, उप-जेलर, फार्मासिस्ट दुबे तथा जयवीर सिंह (अधीक्षक श्रेणी) सहित कारागार का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। जेल प्रशासन ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों से बंदियों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार होता है और समय रहते बीमारियों की पहचान संभव हो पाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कारागार प्रशासन और चिकित्सा स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री नकवी ने जौहरी परिवार को दी सांत्वना

शाह टाइम्स

**बिलासपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने नगर पालिका परिषद बिलासपुर के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय प्रमोद जौहरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। श्री नकवी बिलासपुर स्थित जौहरी निवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। इस मौके पर मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि प्रमोद जौहरी एक ऐसी सामाजिक व सियासी शख्सियत थे, जिन्होंने निरंतर समाजहित में कार्य किया। उनका निधन न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री नकवी ने स्वर्गीय जौहरी की पत्नी रजनी जौहरी, उनके पुत्र एवं पुत्रियों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और



दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, नगर पालिका परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख, जागेश्वर दयाल दीक्षित, महा सिंह राजपूत, अनिल मदान, आलोक जौहरी, सतनाम सिंह, गुरकीरत औलख, राजेश सैनी, धर्मवीर मित्तल, दीपांकर बैरागी, प्रमोद मित्तल, चिरंजीव गुड्डू सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रमजान व महाशिवरात्रि को लेकर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने दिए निर्देश

शाह टाइम्स

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने पवित्र रमजान माह एवं महाशिवरात्रि के मद्देनजर नगर पालिका अधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई, पेयजल और पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सफाई निरीक्षकों को आदेशित किया कि मंदिरों व मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए, चूना डलवाने के साथ नियमित स्वच्छता रखी जाए तथा रमजान के दौरान प्रत्येक शुक्रवार (जुम्मा) को विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। पेयजल व्यवस्था के लिए जलकल



अभियंता को सहरी व इफ्तार के समय निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं अवर अभियंता सिविल को धार्मिक स्थलों के आसपास क्षतिग्रस्त नालियों व पुलियाओं की मरम्मत कराने के आदेश दिए गए। बैठक में स्टैनो विल्सन कुमार, प्रकाश निरीक्षक अरुण, जलकल अभियंता मूलचन्द, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, सफाई निरीक्षक अविनाश, द्वारिकानाथ, राजीव वालियान, मुकेश, पथ प्रकाश प्रभारी अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

शाह टाइम्स

**सैफनी/रामपुर ।** थाना क्षेत्र के ग्राम अलफगंज निवासी युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अलफगंज निवासी जगत सिंह पुत्र करन सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका 20 वर्षीय पुत्र भोला मेहनत-मजदूरी कर गुरुवार रात सैफनी से अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस (UP22AU4933) से घर लौट रहा था। जैसे ही वह शाहबाद-बिलारी रोड स्थित धनौरा भट्ठ के समीप पहुंचा, तभी पीछे से तेज गति और



लापरवाही से आ रही एक एर्टिगा कार (UP16AL8792) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। तहरीर के अनुसार कार को ग्राम अलफगंज निवासी यामीन पुत्र मोहम्मद शेन चला रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि भोला आगे चल रही ट्रॉली में जा घुसा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।युवक की असमय मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# साइबर ठगी गैंग का वांछित आरोपी गिरफ्तार, भारी बरामदगी

शाह टाइम्स

**रामपुर।** थाना सिविल लाइन में पंजीकृत आईटी एक्ट के मुकदमे में थाना साइबर क्राइम व साइबर सेल रामपुर की संयुक्त टीम ने साइबर ठगी गैंग के वांछित आरोपी आदित्य मिश्रा पुत्र सुशील मिश्रा, निवासी कौशलपुरी दर्शनपुरवा, थाना नजीराबाद, जनपद कानपुर को उसके आवास से गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, डिजिटल लॉकर, आईपैड, मिनी मैकबुक, 8 चेकबुक, 2 वॉकी-टॉकी, एटीएम कार्ड, सुपर कार्ड, क्रिप्टो हार्डवेयर वॉलेट तथा 4,24,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार अभियुक्त




ऑनलाइन ट्रेडिंग, गेमिंग व क्रिप्टो ट्रेडिंग ऐप बनाकर म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी की रकम को क्रिप्टो करेंसी में बदलकर विदेशी खातों में ट्रांसफर करता था। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली संयुक्त टीम में निरीक्षक अजयवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल रणवीर सिंह, उप निरीक्षक माजिद अली, मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार, देवेन्द्र कुमार, लोकेन्द्र कुमार, आरक्षी विशान्त कुमार, कुलदीप सिद्धू, राहुल गिल एवं विशाल सरोहा शामिल रहे।

## आरोपी बाबू बोला पहले उन्होंने मारा, छीना-झपटी में चली गोली

### आरोपी बाबू का एक और वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

शाह टाइम्स

**रामपुर।** अधिवक्ता की हत्या के मामले में आरोपी जिला पंचायत में तैनात बाबू असगर अली का एक और वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में आरोपी घायल अवस्था में जिला अस्पताल में मौजूद दिखाई दे रहा है। वीडियो में बाबू असगर अली कुछ लोगों के सामने यह कहते हुए नजर आ रहा है कि पहले अधिवक्ता ने आते ही गालियां बकते हुए उसके साथ मारपीट की। उसने दावा किया कि डराने के लिए उसने अपनी पिस्टल निकाली थी, लेकिन इसी दौरान अधिवक्ता से छीना-झपटी हो गई, जिसमें गोली चल गई। आरोपी बाबू का यह भी कहना है कि छीना-झपटी के दौरान उसे भी गोली लगी थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस दावे को भी अपनी जांच में शामिल कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की अलग-अलग एंगल से जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि फिलहाल आरोपी बाबू असगर अली का इलाज मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच कराई जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर व्यापारियों की बैठक



शाह टाइम्स

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से तिलक नगर कॉलोनी कार्यालय पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि रामपुर जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज न होने से वर्षों से नागरिकों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। लोगों को इलाज के लिए बरेली और ऋषिकेश जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक व मानसिक परेशानी बढ़ती है। उन्होंने 100 बेड का मेडिकल कॉलेज शुरू करने की मांग की। बैठक में जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, मेराज हुसैन, बाबू खान टायर वाले, साजिद खान, गोपाल शर्मा, कमल वर्मा, शरीफ आलम, हरिओम सैनी, नजाकत हुसैन, पवन कुमार, शाहिद मामू, सरदार मंजीत सिंह सिंपल, दिलशाद हुसैन, शादाब खान, शाहिद खुसरो, नासिर खान, राजू सुमन, यासीन सहित सैकड़ों व्यापारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार के प्रयास से गरीब मरीजों को राहत

## रामपुर डायलिसिस यूनिट के 7 साल पूरे मनाई खुशियां सीएमओ ने भी देखी व्यवस्था

शाह टाइम्स

**रामपुर।** जिला अस्पताल रामपुर स्थित डायलिसिस यूनिट के सात वर्ष पूर्ण होने पर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने डायलिसिस सेंटर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और उपचाररत मरीजों से संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में स्टेट एडमिनिस्ट्रेटर डायलिसिस देवाशीष चंद्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहल से डायलिसिस जैसी महंगी चिकित्सा सेवा आज गरीब और



जरूरतमंद मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हो रही है, जिससे हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि यह सेवा ए२ˮ रंल्ल्लीा५ंल्ल द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के साथ पीपीपी मॉडल पर संचालित की जा रही है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। देवाशीष चंद्रा के अनुसार प्रदेश के 16 जनपदों–रामपुर, बिजनौर, बुलंदशहर, बागपत, शामली, सम्भल, गौतम बुद्ध नगर,



उन्नाव, बाराबंकी, अमेठी, कौशांबी, फतेहपुर, चित्रकूट, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती–में डायलिसिस यूनिट स्थापित की गई हैं, जहां हर माह 900 से अधिक मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है। सभी केंद्रों पर प्रशिक्षित डॉक्टर, स्टाफ नर्स, तकनीशियन और हाउसकीपिंग स्टाफ द्वारा लगातार सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी मरीजों के लिए सेवाएं और बेहतर की जाएंगी। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने कहा कि डायलिसिस यूनिट की सेवाएं मरीजों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो रही हैं और शासन का संकल्प है कि हर जरूरतमंद को समय पर गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. बी.सी. सक्सैना, स्टाफ नर्स प्रियंका, टेक्नीशियन इंचार्ज गुलवेज सहित अन्य चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा। मरीजों ने भी डायलिसिस सेंटर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे सरकार की सराहनीय पहल बताया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचले दो सगे भाई, दर्दनाक हादसे में दोनों की मौत

शाह टाइम्स

रामपुर। सिविल लाइंस क्षेत्र में नैनीताल रोड पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को रौंद दिया, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। पहाड़ी गांव निवासी दिनेश (27) और रिंकू (23) आपस में सगे भाई थे। दोनों पिलिंग मशीन में काम करते थे और शाम को एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे नैनीताल रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से आई ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, हादसे के बाद पनवड़िया के पास से ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अधिवक्ता हत्याकांड : हाईवे जाम के बाद धरना स्थगित दो दिन का दिया गया समय

शाह टाइम्स

**रामपुर।** साथी अधिवक्ता की दिनदहाड़े हत्या से आक्रोशित वकीलों का गुस्सा शुक्रवार को सड़कों पर फूट पड़ा। बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने कलेक्ट्रेट से आंबेडकर पार्क तक जुलूस निकाला और इसके बाद हाईवे पर जाम लगाकर छह घंटे से अधिक समय तक धरना-प्रदर्शन किया।

वकील सिविल लाइंस इंस्पेक्टर के निलंबन और मामले में दूसरे आरोपी जिला पंचायत के अपर मुख्याधिकारी नीरज रस्तोगी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। पुलिस-प्रशासन की ओर से आश्वासन दिए जाते रहे, लेकिन अधिवक्ताओं ने लिखित में कार्रवाई का भरोसा मांगा।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर करीब 12:30 बजे आंबेडकर पार्क पहुंचे वकीलों ने हाईवे जाम कर धरना शुरू किया। सूचना पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर भी मौके पर पहुंचे, जहां वकीलों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। मांगों को लेकर अधिकारियों और वकीलों के बीच काफी देर तक बहस होती रही।

शाम के समय जिला जज की अध्यक्षता में डीएम-एसपी और बार एसोसिएशन के शिष्टमंडल के बीच बैठक हुई, जिसमें वकीलों की मांगों पर कार्रवाई के लिए दो दिन का समय मांगा गया। इसके बाद वकीलों ने शुक्रवार का धरना स्थगित करने की घोषणा की, लेकिन आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता फारुख अहमद की दो दिन पहले जिला पंचायत कार्यालय में हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद से अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। वकीलों का शिष्टमंडल शनिवार को एडीजी बरेली जोन से मुलाकात करेगा, जबकि सोमवार को फिर से जीरो प्वाइंट पर हाईवे जाम कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## दुकान के बाहर बैठे युवक पर जली हुई बॉल(गेंद)फेंकी, जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बैरूआ में दबंगों द्वारा एक युवक पर जली हुई बॉल(गेंद)फेंकने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार ग्राम बैरूआ निवासी सलीम पुत्र शहादत ने थाना में दी गई



तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उसका बेटा हस्सान अपनी दुकान के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही अनस पुत्र उस्मान उर्फ पप्पू व उस्मान उर्फ पप्पू पुत्र अबरार वहां पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने बॉल(गेंद) में आग लगाकर हस्सान के ऊपर फेंक दी, जिससे वह बाल-बाल बच गया।पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के लोग हैं और भविष्य में उसके बेटे की जान को खतरा बना हुआ है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक गौवंश से टकराई, एक युवक गंभीर घायल,रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता / जहीर खान

**शाहबाद।** शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बाइक सड़क पर घूम रहे गौवंश से टकरा गई। सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, मिलक थाना क्षेत्र के पेगुपुरा निवासी विनोद पुत्र नन्हे बदायूं जिले के आसफपुर स्थित अपनी रिश्तेदारी से वापस अपने गांव लौट रहा था। शाहबाद थाना क्षेत्र के बन्दार के पास सड़क पर उसकी बाइक गौवंश से टकरा गई।हादसे के बाद विनोद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के पायलट मोहम्मद आसिफ और ईएमटी मुनेश यादव ने घायल विनोद को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया।सीएचसी शाहबाद में डॉक्टरों ने विनोद को प्राथमिक उपचार दिया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए, उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को हराया

# जिम्बाब्वे ने किया बड़ा उलटफेर




● दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर किया

**कोलम्बो, वार्ता।** ब्लेसिग मुजारबानी (17 रन पर चार विकेट) और ब्रेड इवांस (23 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को शुक्रवार को 23 रन से हराकर टी 20 विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। उन्होंने 2007 टी-20 विश्व कप में ताकतवर ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया था और अब 2026 में उन्हें एक बार फिर हराया है। ब्लेसिग मुजारबानी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम जिम्बाब्वे के खुश चेहरों से भरा हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलियाई सपोर्टर्स समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी टीम यह गेम कैसे हार गई। उन्हें बैटिंग करने के लिए कहा गया, उन्होंने 2 विकेट पर 169 रन बनाए और यह स्कोर उन्हें 23 रन से जीतने के लिए काफी था। ब्लेसिग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने नई बॉल से शानदार प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया के टॉप-ऑर्डर को चकनाचूर कर दिया। इंगलिस डीप में कैच आउट हुए, ग्रीन और टिम डेविस डक आउट हुए और ट्रैविस हेड बोल्ड हुए, जिससे टीम का स्कोर 29 रन पर 4 विकेट रह गया। ग्लेन मैक्सवेल (31) और मैट रेनशॉ (65) ने 5वें विकेट के लिए 77 रन जोड़कर अपनी टीम को गेम में वापस ला दिया। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा क्रैम्प्स के कारण आउट हो गए और ऐसा लगा कि यह पल हाथ से निकल गया। लेकिन रयान बर्ल एक ओवर करने आए और उन्होंने मैक्सवेल को आउट किया, स्टोइनिस - जो दिन में पहले चोटिल हो गए थे - सस्ते में आउट हो गए और लोअर-ऑर्डर बिखर गया, जबकि जरूरी रन रेट बढ़ गया था। रेनशॉ लड़ते रहे, लेकिन इवांस और मुजारबानी ने वापसी करके मैच को फिनिशिग टच दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के इतिहास में यह एक मशहूर दिन था, उन्होंने हालात को बेहतर ढंग से समझा, उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और दो पॉइंट्स लेकर चले गए। इससे पहले जिम्बाब्वे की पारी में ब्रायन बेनेट ने सर्वाधिक नाबाद 64 रन बनाए।

# आईसीसी ने आयरलैंड, जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दी



● आयरलैंड ने पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम ऑपिंग को शामिल किया जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड और जिम्बाब्वे टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को शामिल किया गया, जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया गया। 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर करन को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है। विश्व कप की इवेंट टेक्निकल कमिटी में वसीम खान (चेयर, आईसीसी जनरल मैनेजर - क्रिकेट), गौरव सक्सेना (आईसीसी जनरल मैनेजर - इवेंट्स और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, आईबीसी रिप्रेजेंटेटिव), हेमांग अमीन (टूर्नामेंट डायरेक्टर, होस्ट रिप्रेजेंटेटिव) और शॉन पोलक (इंडिपेंडेंट नॉमिनी) शामिल हैं।

## टॉपिंग टी-20 वर्ल्ड कप के लिए आयरलैंड टीम में स्टर्लिंग की जगह लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिग को शामिल करने की मंजूरी दे दी। 11 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड के मैच के दौरान फील्डिंग करते समय घुटने के लिगामेंट में चोट लगने के कारण स्टर्लिंग के बाहर होने के बाद टॉपिग को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आई-लीग का नाम बदलकर इंडियन फुटबॉल लीग किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) के तौर पर रीब्रांड किया गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक घोषणा में कहा कि एआईएफएफ एग्जीक्यूटिव कमेटी ने 12 फरवरी, 2026 को हुई अपनी मीटिंग में, 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग के तौर पर रीब्रांड करने को मंजूरी दे दी है। बयान में आगे कहा गया कि कमेटी ने इंडियन सुपर लीग और इंडियन फुटबॉल लीग की गवर्निंग काउंसिल के चार्टर को और मंजूरी दी। यह कदम जनवरी में हुई चर्चा के बाद उठाया गया है।

### मेरी व धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी: हर्ष ठाकर

**नई दिल्ली, वार्ता।** कनाडा के मध्यम क्रम के बल्लेबाज हर्ष ठाकर ने शुक्रवार को कहा कि मेरी और नवनीत धालीवाल की योजना 10 ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का भी यहीं मैसेज था। कनाडा के बल्लेबाज ठाकर ने पहली पारी के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हमारा स्कोर बराबर है, यहां 150 बुरा नहीं है। जब आप बैक ऑफ लेंथ गेंदबाजी करते हैं, तो गेंद थोड़ी रुकती है और थोड़ी टू-पेस खेलती है। मेरी और धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का यही मैसेज था। जाहिर है, एक टी-20 मैच में, आपको पॉजिटिव रहना होता है। मैंने अपनी पहली कुछ गेंदों पर थोड़ा समय लिया, लेकिन एक बार जब मैं जम गया, तो मैं और अधिक आक्रामक तरीके से खेल पाया। उन्होंने कहा कि जब आप पर दबाव में होते है तो आपको शांत बनाए रखना होता हैं।

# हनी बैसोया ने जीता डीपी विश्व प्लेयर्स चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** हनी बैसोया ने नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1.5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आखिरी दिन शुक्रवार को पांच-अंडर 65 के स्कोर के साथ तीन शॉट की जीत दर्ज करते हुए हफ्ता शानदार तरीके से खत्म किया। हनी बैसोया (63-65-64-65), जो रात भर पांच शॉट से आगे चल रहे थे, ने चौथे राउंड में एक बोगी के मुक. ाबले छह बर्डी बनाकर बढ़त हासिल की और हफ्ते का कुल स्कोर 23-अंडर 257 कर लिया और इस तरह टाइटल के लिए उनका पांच साल का इंतजार खत्म हो गया। यह 29 साल के हनी की आठवीं प्रोफेशनल जीत थी।



बैसोया ने 22,50,000 रुपये का विनिग चेक जीता, और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान से पहले स्थान पर पहुंच गए। क्षितिज नवीद कौल (62-71-65-62), जो रात भर तीसरे स्थान पर थे और लीड से छह शॉट पीछे थे, ने इस हफ्ते दूसरी बार 62 का स्कोर किया, जो पिछले दिन का सबसे कम स्कोर था, जिससे वे एक स्थान ऊपर उठे और टूर्नामेंट का अंत 20-अंडर 260 के साथ रनर-अप के तौर पर किया। वीर अहलावत (65-67-66-65) ने अपने चौथे राउंड में 65 के स्कोर के बाद 17-अंडर 263 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हनी ने जीत के बाद कहा, ष्इतने लंबे समय के बाद विनर सर्कल में वापस आकर मैं बहुत खुश हूं। आज कोर्स पर मेरा दिन बहुत अच्छा रहा। भले ही, मैंने ओवरनाइट पांच शॉट की लीड ली थी, मुझे पता था कि मुझे फाइनल राउंड में बहुत अच्छा खेलना होगा, क्योंकि वीर और क्षितिज, जो मेरा पीछा कर रहे थे, अपने दिन बहुत कम स्कोर करने में सक्षम हैं और उन्हें कभी भी कम नहीं आंका जा सकता।

# पाक के खिलाफ खेल सकते हैं अभिषेक: वरुण



पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के महत्वपूर्ण मैच में अभिषेक शर्मा वापसी कर सकते हैं। पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। इससे पहले दिल्ली पहुंचने पर जांच के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ा था। हालांकि बाद में वह डिस्चार्ज भी हो गए और नामीबिया के खलिाफ मैच से पहले मैदान में भी थे। वहीं विश्व कप में उनका डेब्यू कुछ खास नहीं था था और वह अमेरिका के खलिाफ पहले मैच में शून्य पर आउट हो गए थे। वरुण ने कहा कि मुझे लगता है वह अगला मैच खेलेंगे।

मैं पक्का नहीं कह सकता, लेकिन जितनी मेरी उनसे बात हुई है, वह ठीक लग रहे हैं। उन्होंने आज थोड़ा अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि वह वापसी की राह पर हैं। यह भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव के टॉस के समय दिए गए बयान से ज्यादा सकारात्मक संकेत था। उन्होंने कहा था। उन्हें एक-दो मैच लग सकते हैं, मुझे नहीं पता। मैच के बाद अर्शदीप सिंह के एक सोशल मीडिया वीडियो में भी अभिषेक दिखे, जिसमें उन्हें कहते सुना गया कि वह ठीक हैं, लेकिन उनका वजन थोड़ा कम हो गया है।

अभिषेक की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन ने पारी की शुरुआत की और आठ गेंदों पर 22 रन बनाते हुए तीन छक्के जड़े। हालांकि, दूसरे ओपनर इशान किशन ने विकेटकीपिग की जिम्मेदारी संभाली, जिससे संकेत मिलता है कि फिलहाल सैमसन बैक-अप ओपनर ही हैं। किशन ने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए अपनी जगह मजबूती से पक्की कर ली है।

# नामीबिया के खिलाफ भारत के ऑलराउंड प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए सूर्यकुमार यादव



● कहा: शिवम-हार्दिक पांड्या के बीच पार्टनरशिप काबिल-ए-तारीफ

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को टी-20 वर्ल्ड कप ग्रुप ए मुकाबले में नामीबिया पर 93 रन की जीत के बाद अपनी टीम के लचीलेपन और गेंदबाजी की गहराई की तारीफ की। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि सभी के लिए काफी अच्छा खेल था। मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था, लेकिन जिस तरह से ईशान और संजू ने शुरुआत की, ऐसा लग रहा था कि यह एक आसान विकेट है।

उन्होंने आगे कहा कि फिर शिवम और हार्दिक के बीच पार्टनरशिप, जिस तरह से उन्होंने दो या तीन जल्दी विकेट खोने के बाद बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि यह बहुत तारीफ के काबिल था। गेंद थोड़ी रुक रही थी, लेकिन मैं नामीबिया के गेंदबाजों से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, जोश के साथ मैदान में उतरे और अपने प्लान को पूरा किया। भारत ने इशान के 24 गेंदों में 61 रन और हार्दिक पांड्या के 28 गेंदों में 52 रन की मदद से नौ विकेट पर 209 रन बनाए, जबकि नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने चार विकेट लिए। नामीबिया ने पावरप्ले में अच्छा जवाब दिया और एक विकेट पर 57 रन बना लिए। हालांकि, भारत के स्पिनरों और सीमरों ने मिलकर कंट्रोल वापस पा लिया।

वरुण चक्रवर्ती (दो ओवर में 3/7), अक्षर पटेल (तीन ओवर में 2/20) और हार्दिक (चार ओवर में 2/21) ने नामीबिया को 18-2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया। सूर्यकुमार ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को अपने पूरे चार ओवर फेंकते देखना एक बड़ा प्लस पॉइंट था। उनका टीम में वापस आना अच्छा है। वह अगले मैच के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने स्पिन कॉम्बिनेशन की भी तारीफ की। जिस तरह से वरुण अक्षर के साथ पार्टनरशिप में बॉलिंग करते हैं, मुझे लगता है कि यह कॉम्बिनेशन खेलना मुश्किल है। टीम के अब तक के कैंपेन पर बात करते हुए, कप्तान ने कहा कि ठीक वही जो आप आगे बढ़ने के लिए देख रहे हैं। हर गेम जरूरी है। हमने थोड़ी खराब शुरुआत की, लेकिन मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं। दो मैचों में दो जीत के साथ, भारत ग्रुप ए में टॉप पर है, नेट रन रेट पर पाकिस्तान से आगे।

# डी मिनौर ने फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की




**रोटर्डम, वार्ता।** टॉप-सीडेड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने गुरुवार को इनडोर हार्ड-कोर्ट इवेंट में 2015 के चैंपियन स्टेन वावरिका को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार पांचवें साल क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई और तीन बार के चैंपियन रोजर फेडरर के उस स्टेज पर लगातार पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी 500 के पिछले दो एडिशन के फाइनलिस्ट, डी मिनौर ने इस साल के फील्ड में किसी से भी ज्यादा जीत (15) हासिल की हैं। स्विस वाइल्ड कार्ड वावरिका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए, एटीपी रैंकिग में नंबर 8 खिलाड़ी ने अपनी लगातार बॉलस्ट्राइकिग से 40 साल के खिलाड़ी को गलतियां करने पर मजबूर किया, जिससे दोनों की हेड2हेड सीरीज में स्कोर 2-0 हो गया। डी मिनौर ने 2023 की शुरुआत से अब तक एटीपी 500 इवेंट्स में 50 जीत दर्ज की हैं, जिसमें अकापुल्को (2023, 2024) और वाशिगटन (2025) में उस लेवल पर ट्रॉफी जीती हैं। रोटर्डम में अपना टाइटल जीतने का मौका खत्म करने के मकसद से, वह अगला मैच बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से खेलेंगे। डचमैन वैन डे जैंड्सचुल्प ने 2022 के फाइनलिस्ट सितसिपास को 6-4, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोटर्डम में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। वह एटीपी 500 में आखिरी आठ में पहुंचने वाले चौथे एक्टिव डचमैन हैं।

दूसरे सीड और वर्ल्ड नंबर 6 फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे अपने साथी टॉप 10 स्टार डी मिनौर के साथ रोटर्डम में आखिरी आठ में शामिल हुए, उन्होंने हमाद मेडजेडोविच के खिलाफ एक मुश्किल दूसरे राउंड को पार किया। ऑगर-अलियासिमे, जिन्होंने रविवार को मोंटपेलियर में एक इनडोर एटीपी 250 ट्रॉफी जीती थी, ने 6-4, 6-4 से जीत हासिल की व अपनी जीत का सिलसिला छह मैचों तक बढ़ाया।

## शेल्टन क्वार्टरफाइनल में, डिफेंडिग चैंपियन शापोवालोव भी आगे बढ़े

**डलास, वार्ता।** बेन शेल्टन ने गुरुवार को नेक्सो डलास ओपन में फ्रेंच लेफ्टी एड्रियन मानेरिनो के कड़े मुकाबले का सामना किया और जीत हासिल कर अपने 25वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। एटीपी रैंकिंग में नंबर 9 के खिलाड़ी शेल्टन ने शानदार शॉटमेकिग से भरे एक उतार-चढ़ाव वाले मुकाबले में मानेरिनो को 7-6(2), 6-7(4), 6-3 से हराया। पिछले हफ्ते मोंटपेलियर में फाइनलिस्ट मानेरिनो ने शेल्टन की फायरपावर को अच्छे से झेला, जिसका सबसे अच्छा प्रदर्शन पहले सेट के टाई-ब्रेक के शुरुआती पॉइंट पर 29-शॉट की रैली के दौरान हुआ, लेकिन दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने दो घंटे और 40 मिनट के बाद आगे बढ़ने के लिए जरूरी मौकों पर अपना लेवल बढ़ाया। शेल्टन का अगला मुकाबला सर्बिया के मिओमिर केकमानोविच से होगा, जिन्होंने दिन के आखिरी मैच में पांचवीं सीड टॉमी पॉल को हराया था। केकमनोविच ने पॉल के खिलाफ 5-7, 6-4, 6-4 से जीत के साथ सीरीज में 4-2 की बढ़त बना ली।

# न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका मैच में होगी दिग्गजों की टक्कर

ग्रुप डी के इस मुकाबले में दोनों टीमें बिना हारे पहुंची है, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं




**अहमदाबाद, वार्ता।** रिकॉर्ड दांव पर लगे हैं, लेकिन न हारने वाली बड़ी टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर होगी, और बैटिंग के स्वर्ग में ओस के नीचे लक्ष्य का पीछा करने का ड्रामा होगा।

शनिवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फैंस को यही इंतजार रहेगा, जब न्यूजीलैंड विश्व कप के ग्रुप डी के एक बड़े मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। दोनों टीमें बिना हारे पहुंची हैं, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं, जिससे टॉप स्पॉट की रेस में यह एक अहम मुकाबला बन गया है। न्यूजीलैंड इस मैच में जबरदस्त फॉर्म में है, फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच ऐतिहासिक ओपनिग पार्टनरशिप की बदौलत। यूएई के खिलाफ, दोनों ने नाबाद 175 रन की पार्टनरशिप की, जो टी-20 क्रिकेट इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है, और टीम ने सिर्फ 15-2 ओवर में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। एलन, जो बिग बैश लीग 2025-26 के रन चार्ट में 11 मैचों में 466 रन बनाकर टॉप पर थे, ने 168 के स्ट्राइक रेट से 50 गेंदों में 84 रन बनाकर अपनी खतरनाक फॉर्म जारी रखी है, जबकि सीफर्ट ने 211-9 की स्ट्राइक रेट से 42 गेंदों में 89 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिशेल की लीडरशिप में मिडिल ऑर्डर में गहराई और अग्रेसन है, जो मोमेंटम बनाए रखने और गेम को अधिकार के साथ खत्म करने में सक्षम है।

न्यूजीलैंड का बॉलिंग अटैक एक बैलेंस्ड यूनिट है, जिसमें मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन और जैकब डफी पेस की अगुआई करते हैं, जबकि स्पिनर मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र बीच के ओवरों में ब्रेकथ्रू दिलाते हैं। कीवी टीम टॉप पर विस्फोटक बैटिंग के साथ भरोसेमंद बॉलिंग को जोड़ती है, जो उन्हें इस टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार बनाती है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ड्रामे से अनजान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ एक रोमांचक मुक. ाबले में, प्रोटियाज ने दबाव में जबरदस्त धैर्य दिखाते हुए डबल सुपर ओवर में भी जीत हासिल की। क्विटन डी कॉक ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन मैचों में 149 रन बनाकर टॉप पर लीड किया है, जबकि रयान रिकेल्टन अफगानिस्तान के खलिाफ 28 गें. दों पर 61 रन बनाकर अग्रेसिव और फॉर्म में रहे हैं। एडेन मार्करम और डेविड मिलर बीच में स्टेबिलिटी देते हैं, लेकिन प्रोटियाज का मिडिल ऑर्डर अभी भी कमजोर नजर आता है।

बॉलिंग की कमान लुंगी एनगिडी के हाथ में है, जिन्होंने दो मैचों में सात विकेट लिए हैं, उनका साथ मार्को यानसन और कगिसो रबाडा दे रहे हैं। स्पिन ऑप्शन केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे का पिच पर कम असर पड़ा है, जिससे टर्न बहुत कम मिलता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बैटिंग के लिए स्वर्ग है, जो फ्लैट है, जिसमें सही बाउंस और तेज आउटफील्ड है। 200 से ज्यादा के हाई स्कोर आम हैं, खासकर लाइट्स में, जबकि शाम को ओस चेज करने वाली टीम के लिए फायदेमंद होती है, जिससे टॉस एक जरूरी फैक्टर बन जाता है। साफ आसमान, 22 सेल्सियस और 33सेल्सियस के बीच टेम्परेचर और हल्की हवाओं के साथ, हाई-ऑक्टेन मुकाबले के लिए कंडीशन आइडियल हैं। इस मैच में धमाकेदार ओपनर, मजबूत मिडिल ऑर्डर और स्ट्राइक बॉलर लाइट्स में भिड़ेंगे। रिकॉर्ड टूट सकते हैं, टेंशन बढ़ सकती है, और एक टीम टूर्नामेंट में शुरू में ही साइकोलॉजिकल बढ़त हासिल कर लेगी। स्ट्रोक बनाने के लिए बनी पिच पर और ओस के साथ जो टीम बाद में बैटिंग करती है, न्यूजीलैंड की फायरपावर उन्हें दो अजेय हैवीवेट टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले में थोड़ी बढ़त दिलाती है।

### 72 द लीग के लिए 170 प्रोफेशनल गोल्फर नीलाम होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के टॉप 170 प्रोफेशनल गोल्फर भारत में प्रोफेशनल गोल्फ में अपनी तरह के पहले ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, पीजीटीआई की 72 द लीग ने आज यह घोषणा की। 11 अलग-अलग देशों के जाने-माने प्रोफेशनल सोमवार, 16 फरवरी को राजधानी में नीलाम होंगे, जिसमें 72 द लीग के पहले एडिशन के लिए जबरदस्त एक्शन होने की उम्मीद है। लीग में गोल्फर्स के लिए कुल 60 जगहें होंगी, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीमों के लिए 10-10 गोल्फर्स चुनेंगी, जिससे कुल 6 करोड़ रुपये की नीलामी होगी। भारत की पहली एक्सक्लूसिव नेशनल प्रोफेशनल गोल्फ लीग - 72 द लीग - 21 फरवरी 2026 को शुरू होगी। इस लीग को पीजीटीआई ने गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्सके साथ पार्टनरशिप में लॉन्च किया है, जिसका फाइनल 6 मार्च 2026 को होगा।

# रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बने

**जयपुर, वार्ता।** रियान पराग को आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स का कप्तान बनाया गया है, जो संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स में जाने के बाद फ्रेंचाइजी के लिए एक नए युग की शुरुआत है। पराग, जिन्होंने 2019 में आईपीएल में डेब्यू किया था, ने अपने सभी सात सीजन रॉयल्स के साथ बिताए हैं। पिछले साल जब सैमसन चोट के कारण बाहर थे, तो उन्होंने आठ मैचों में टीम की कप्तानी की थी, जिसमें दो जीत और छह हार मिली थीं, जिससे टीम नौवें स्थान पर रही थी। हालांकि यह समय मुश्किल साबित हुआ, पराग ने बल्ले से प्रभावित किया, उन मैचों में 38-57 का औसत बनाया, जिसमें ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करियर की सबसे अच्छी 95 रन की पारी भी शामिल है। कुल मिलाकर, पराग ने 84 आईपीएल मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें उन्होंने 141-84 के स्ट्राइक रेट से 1566 रन बनाए हैं।



उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2024 में आया, जब उन्होंने 149-21 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए। हालांकि पिछले सीजन में उन्होंने और भी तेज 166-52 की औसत से रन बनाए थे, लेकिन उनका कुल स्कोर घटकर 393 रह गया, जिसमें सिर्फ एक हाफ-सेंचुरी शामिल थी। 2025 सीजन के बाद राहुल द्रविड़ के भी हेड कोच के तौर पर जाने के साथ, रॉयल्स आईपीएल 2026 में एक नई लीडरशिप जोड़ी के साथ उतरेगी, क्योंकि कुमार संगकारा पराग के साथ कमान संभालेंगे, जो फ्रेंचाइजी के लिए एक नया अध्याय होने का वादा करता है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 14 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# चर्चाओं में ट्रेड डील

शुक्रवार को संसद सत्र की कार्रवाई 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 13 दिनों तक चली लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई अधिक समय तक बाधित ही रही और बजट सत्र का 13वां दिन भी अन्य दिनों से इतर नहीं रहा और लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्रवाई जहां करीब दस मिनट तक चल पाई तो वहीं राज्यसभा की कार्रवाई दो घंटे तक चल पाई। वैसे भी अब लोग यह देखने के लिए आदि हो चले हैं। अब संसद में चर्चाएं कम, शोर-शराबा अधिक होता है और इस प्रवृत्ति में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। यह भी समझना मुश्किल है कि आखिर हमारे माननीय चर्चाओं से क्यों बचते हैं। सरकार अपने कार्यों का बखान करती नहीं थकती और विपक्षी दलों को चूका हुआ बताती है। वहीं विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर जनहित कार्यों से मुंह मोड़ने का आरोप लगाते रहते हैं। जब ये दोनों बातें अगर सही हैं तो फिर चर्चाओं से क्या भागना। माना कि चर्चा संसद में कार्रवाई सुचारू रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी दोनों पक्षों की होती है, लेकिन सरकार को यह मानना ही पड़ेगा कि यह जिम्मेदारी उसके हिस्से में ज्यादा आती है। अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है, निश्चित रूप से वह बेहद महत्वपूर्ण समझौता है और सरकार उसकी तारीफ भी कर रही है और बता रही है कि इस समझौते से देश में रोजगार के द्वार खुलेंगे, विशेषकर किसानों को बहुत फायदा होगा, जबकि विपक्ष ऐसा नहीं मानता। सबसे बड़ी बात यह है कि किसान भी ऐसा नहीं मानते। इस ट्रेड डील को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद व संसद से बाहर भी तकरार जारी है। शुक्रवार को भी दो बयान सामने आए हैं। इसमें एक बयान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का है, जो अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते को किसानों के हित में बता रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर किसानों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया। गोयल के अनुसार अमेरिका से समझौता देश के किसानों को फायदा देगा। खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उत्पादों की मांग बढ़ेगी, जिससे किसानों में ज्यादा खुशहाली आएगी। तो वहीं लोकसभा के परिसर में किसान संगठनों के अनेक नेताओं ने राहुल गांधी से बात की। बताया जा रहा है कि बातचीत में भारत अमेरिका अंतिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने पर चर्चा हुई। किसान नेताओं का कहना था कि मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी रोटी पर इससे प्रभाव पड़ेगा। बड़ी बात यह है कि अभी तक सरकार की तरफ से भी यह स्पष्ट रूप से सामने नहीं आया कि वास्तव में यह डील किस तरह हुई है। केवल प्रशंसा ही सामने आ रही है। जाहिर है इससे भ्रम की स्थिति बनेगी, जोकि बन भी रही है और लगता है कि यह ट्रेड डील भारतीय राजनीति में काफी उथल पुथल मचाएगी।

## चंद हाथों की जागीर बन चुका था कानून



आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है, 2017 से पहले सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे, अपराधी, अपराधी होता है, हमारी सरकार ने पहले दिन जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है, पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे, पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी, आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है, 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है, महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है, 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री , उप्र**

# नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि

**एम. इमरान**



हाल के वर्षों में समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक अद्भुत उपलब्धि सामने आई है, जब प्रशांत महासागर की गहराइयों का अन्वेषण कर रहे शोधकर्ताओं ने लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया। यह खोज केवल वैज्ञानिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की विविधता और उसकी जटिलता को समझने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है और इसका अधिकांश हिस्सा महासागरों से बना है। इनमें भी प्रशांत महासागर, जो विश्व का सबसे बड़ा और सबसे गहरा महासागर है, अपनी रहस्यमई गहराइयों के कारण लंबे समय से वैज्ञानिकों को आकर्षित करता रहा है। अब जब आधुनिक तकनीक, गहरे समुद्र में उतरने वाले स्वचालित यंत्र और उन्नत कैमरों की सहायता से इन गहराइयों तक पहुंचना संभव हुआ है, तब समुद्री जीवन के अनदेखे संसार की परतें खुलनी शुरू हुई हैं।

प्रशांत महासागर की गहराइयों में स्थित समुद्री तल, जिसे सीबेड कहा जाता है, अत्यंत कठोर और चुनौतीपूर्ण वातावरण प्रस्तुत करता है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और जल का दबाव इतना अधिक होता है कि सामान्य जीवों का वहां जीवित रह पाना लगभग असंभव प्रतीत होता है। फिर भी जीवन ने इन विषम परिस्थितियों में भी अपने लिए स्थान बना लिया है। शोधकर्ताओं ने जिन 800 नई प्रजातियों को दर्ज किया है, उनमें विभिन्न प्रकार के स्पंज, कोरल, केंचुए जैसे जीव, अजीब आकार की मछलियां, सूक्ष्म जीव, समुद्री तारे, झींगा और कई प्रकार के अकशेरुकी जीव शामिल हैं। इन जीवों की बनावट, रंग और व्यवहार इतने अनोखे हैं कि वे मानो किसी दूसरे ग्रह से आए हुए प्रतीत होते हैं।

यह खोज मुख्य रूप से गहरे समुद्र में खनिज संसाधनों की संभावित खोज के दौरान किए गए सर्वेक्षणों के माध्यम से सामने आई। जब वैज्ञानिकों ने समुद्री तल का मानचित्रण करना प्रारंभ किया, तब उन्हें वहां जीवन की अप्रत्याशित विविधता देखने को मिली। इन अभियानों में स्वचालित पनडुब्बियों, रोबोटिक आर्म से युक्त रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स और उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरों का उपयोग किया गया। इन उपकरणों ने हजारों मीटर की गहराई में जाकर तस्वीरें और नमूने एकत्र किए। बाद में प्रयोगशालाओं में इन नमूनों का विश्लेषण कर यह पाया गया कि इनमें से सैकड़ों जीव विज्ञान के लिए पूर्णत: नए हैं।




नई प्रजातियों की खोज का महत्व केवल इस बात में नहीं है कि हमने पृथ्वी पर जीवन के नए रूप देखे हैं, बल्कि इस तथ्य में भी है कि ए प्रजातियां समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गहरे समुद्र के जीव कार्बन चक्र, पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण और समुद्री खाद्य श्रंखला में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि इन क्षेत्रों में बिना पर्याप्त अध्ययन के खनन या अन्य औद्योगिक गतिविधियां आरंभ की जाती हैं, तो इससे इन नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इसीलिए वैज्ञानिक समुदाय अब यह आग्रह कर रहा है कि गहरे समुद्र में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि से पहले व्यापक पर्यावरणीय आकलन किया जाए।

इन खोजों ने यह भी सिद्ध किया है कि पृथ्वी पर जैव विविधता का एक विशाल हिस्सा अभी भी हमारे ज्ञान से परे है। वैज्ञानिक अनुमान लगाते हैं कि समुद्र की गहराइयों में लाखों प्रजातियां ऐसी हो सकती हैं, जिनका अभी तक कोई रिकॉर्ड नहीं है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल पर पाए गए जीवों की अनुकूलन क्षमता अद्भुत है। कुछ जीवों के शरीर पारदर्शी हैं, ताकि वे अंधेरे में छिपे रह सकें। कुछ के शरीर पर ऐसे रासायनिक यौगिक होते हैं, जो उन्हें अत्यधिक दबाव और कम तापमान में जीवित रहने में सहायता करते हैं। कई जीव जैव-दीप्ति का उपयोग करते हैं, जिससे वे स्वयं प्रकाश उत्पन्न कर सकते हैं। यह प्रकाश उन्हें शिकार आकर्षित करने, साथी को पहचानने या शत्रुओं से बचने में मदद करता है।

समुद्री तल पर पाए गए नए कोरल और स्पंज की प्रजातियां विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। कोरल संरचनाएं समुद्री जीवन के लिए आश्रय स्थल का कार्य करती हैं। हालांकि अधिकांश लोग कोरल को उथले जल में पनपते हुए देखते हैं, परंतु गहरे समुद्र में भी ठंडे पानी के कोरल पाए जाते हैं, जो हजारों वर्षों तक जीवित रह सकते हैं। ए कोरल संरचनाएं अत्यंत धीमी गति से बढ़ती हैं, इसलिए यदि इन्हें कोई क्षति पहुंचती है तो उनका पुनर्निर्माण बहुत लंबा समय लेता है। नई प्रजातियों की खोज ने यह स्पष्ट किया है कि गहरे समुद्र का पारिस्थितिकी तंत्र उतना ही समृद्ध और जटिल है जितना कि स्थल पर स्थित वर्षावन। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू औषधीय अनुसंधान से भी जुड़ा है। समुद्री जीवों में पाए जाने वाले रासायनिक यौगिक कई बार औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। पहले भी समुद्री स्पंज और अन्य जीवों से कैंसर रोधी तथा संक्रमण-रोधी दवाओं के लिए प्रेरणा मिली है। अब जब सैकड़ों नई प्रजातियां सामने आई हैं, तो संभावना है कि इनमें से कुछ भविष्य की दवाओं के विकास में सहायक सिद्ध हों। इस प्रकार समुद्री जैव विविधता का संरक्षण मानव स्वास्थ्य के लिए भी अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण है।

वैज्ञानिकों ने यह भी रेखांकित किया है कि समुद्र की गहराइयों का अध्ययन जलवायु परिवर्तन को समझने में सहायक हो सकता है। समुद्री तल पर जमा अवसाद और वहां रहने वाले सूक्ष्म जीव पृथ्वी के जलवायु इतिहास का रिकॉर्ड संजोए रखते हैं। इनके अध्ययन से यह जाना जा सकता है कि अतीत में पृथ्वी का तापमान कैसे बदलता रहा और समुद्री जीवन ने उन परिवर्तनों के साथ कैसे अनुकूलन किया। यह ज्ञान भविष्य में संभावित जलवायु परिवर्तनों की भविष्यवाणी करने में सहायक हो सकता है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल की यह खोज हमें यह भी याद दिलाती है कि मानव ज्ञान अभी भी सीमित है। अंतरिक्ष की खोज जितनी रोमांचक है, उतनी ही रहस्यमई हमारे अपने ग्रह की गहराइयां भी हैं।

समुद्र की अंधेरी, ठंडी और उच्च-दबाव वाली दुनिया में जीवन की इतनी विविधता का मिलना इस बात का प्रमाण है कि प्रकृति कितनी सृजनशील और अनुकूलनशील है। यह खोज वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और आम जनता सभी के लिए एक संदेश है कि हमें महासागरों के संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज जब विश्वभर में समुद्री संसाधनों के दोहन की होड़ लगी हुई है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करें। यदि गहरे समुद्र में खनन की अनुमति दी जाती है, तो उससे पहले वहां के जैव विविधता का विस्तृत अध्ययन और संरक्षण रणनीतियों का निर्माण अनिवार्य होना चाहिए। लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण इस दिशा में पहला कदम है, परंतु यह यात्रा अभी लंबी है। आने वाले वर्षों में और भी अनगिनत खोजें सामने आ सकती हैं, जो हमें जीवन के मूलभूत प्रश्नों के उत्तर खो. जने में सहायता करेंगी। अंतत: प्रशांत महासागर की गहराइयों में हुई यह खोज मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक समर्पण का परिणाम है। यह हमें सिखाती है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, जीवन अपना रास्ता खोज लेता है। यह खोज न केवल विज्ञान की जीत है, बल्कि प्रकृति की अदम्य शक्ति और विविधता का उत्सव भी है। महासागरों के संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में यह उपलब्धि एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी बनेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इनसेक्ट्स के लिए घातक हर वक्त रोशनी

**कीटों का प्रकाश की ओर आकर्षण अब तक एक रहस्य है किंतु हमें समझना होगा कि कीट-पतंगे मिट्टी को उपजाऊ बनाने में, परागण में व खाद्य उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मल एवं लाशों का सफाया करने में भी कीटों का बड़ा योगदान है। हम कई मामलों में इनकी 9 लाख प्रजातियों पर निर्भर हैं। इसलिए इन्हें बचाने के लिए हमें कृत्रिम प्रकाश का उपयोग कम करके अन्य विकल्प खोजने होंगे।**

जंतु जगत के संघ आर्थोपोडा के वर्ग इंसेक्टा में विचित्र प्रकार के कीट शामिल हैं और उनके क्रियाकलाप भी विचित्र होते हैं। इसलिए इन कीटों का अध्ययन, शोध और इनके रहस्यमय जीवन की जानकारियां पाना अत्यधिक रूचिकर व मजेदार होता है। सामान्यत: जंतु और पौधे प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया देते हैं। पौधों में प्रकाशानुवर्तन और गुरुत्वानुवर्तन के गुण विद्यमान हैं। कीटों में भी प्रकाशानुवर्तन होता है। प्रकाशानुवर्तन में कीट प्रकाश स्रोत की ओर गमन करते हैं। यह प्रवृत्ति धनात्मक प्रकाशानुवर्तन कहलाती है। कीटों का प्रकाश के प्रति आकर्षण भिन्न-भिन्न होता है। कॉकरोच Periplaneta americana रोशनी से दूर अंधेरे की तरफ भागते हैं। इस प्रवृत्ति को ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन कहते हैं। कई कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत से आकर्षित होकर इनके करीब आते हैं। उदाहरण के लिए, बारिश के मौसम में जलते हुए बल्ब के चारों तरफ हमें ढेरों कीट-पतंगों के झुंड देखने को मिलते हैं। कीट-पतंगे रोशनी के स्रोत के इर्द-गिर्द भिनभिनाते रहते हैं और अंत में प्रकाश स्रोत से टकराकर उसकी गर्मी से मर जाते हैं।

वैज्ञानिकों ने इनकी इस प्रवृत्ति पर कई शोध किए हैं और तर्क, अवधारणाएं व सिद्धांत दिए हैं किंतु पूरी तरह से सटीक रूप से आज भी इसका जवाब विवादास्पद है। बायोलोजिकल कंजर्वेशन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 30 में से 10 कीट बल्ब को चांद समझकर रात भर बल्ब के चक्कर लगाते हैं व सुबह तक मर जाते हैं। एक प्रसिद्ध परिकल्पना के अनुसार जब पूर्व में कृत्रिम प्रकाश स्रोत नहीं थे, तब कीट पतंगे चांद का अनुगमन किया करते होंगे ताकि वे अपनी दिशा का निर्धारण कर सकें। चूंकि चांद से इनकी दूरी बहुत अधिक है इसलिए इनके द्वारा गति करने पर बनाया गया कोण हमेशा ही एक समान बना रहेगा, लेकिन अब कृत्रिम प्रकाश स्रोत के होने से उन्हें यह आभास होने लगा कि चांद धरती पर आ गया है। इस परिकल्पना के मुताबिक वे अपने और कृत्रिम प्रकाश स्रोत (जिसे वे चांद समझ रहे हैं) के बीच समान कोण बनाए रखना चाहते हैं, किंतु प्रकाश स्रोत करीब होने से ऐसा संभव नहीं हो पाता और वे उसी से टकराकर मर जाते हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि केवल नर कीट ही प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं जबकि मादा नहीं। ज्ञात हुआ है कि नर कीट-पतंगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मादा कीट-पतंगे विशेष प्रकार की गंध छोड़ते हैं। यह गंध वैसी ही होती है जैसी गंध जलते हुए प्रकाश स्रोत से निकलती है। इस कारण से नर कीट को आभास होता है कि वहां कोई मादा है और वह उसकी खोज में प्रकाश के करीब पहुंच जाते हैं एवं प्रकाश स्रोत से टकराकर मर जाते हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार 60 प्रतिशत कीटों को कृत्रिम प्रकाश में दिखना भी बंद हो जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि कीट-पतंगे रोशनी के संपर्क में आने के बाद जब उससे दूर होते हैं तब इन्हें करीब आधे घंटे तक कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस वजह से अंधेपन से बचने के लिए वे प्रकाश स्रोत के चारों ओर मंडराते रहते हैं। जब अचानक से ये स्रोत के बहुत करीब पहुंचकर उससे टकराते हैं तब उसकी गर्मी से इनकी मौत हो जाती है। परीक्षणों द्वारा यह भी पता चला है कि कुछ मादा पतंगे अपने शरीर से अवरक्त प्रकाश (इंफ्रारेड) उत्पन्न करती हैं जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। ठीक उसी तरह का अवरक्त प्रकाश आग या जलती हुई चीजों से उत्पन्न होता है जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। यही कारण है की कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत के आसपास मंडराते रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक जर्मनी में गाड़ियों की हेडलाइट से सालाना करीब 120 करोड़ से ज्यादा कीट मारे जाते हैं। रात में कीट सफेद व पीले रंग के कपड़ों में चिपकने लगते हैं क्योंकि इन्हें पराबैंगनी प्रकाश और कम तरंग दैर्घ्य के रंग अत्यधिक आकर्षित करते हैं। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदी होते हैं। स्पष्ट है कि अब तक कीटों के प्रकाश के प्रति आकर्षण के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा कोई ठोस व एकमेव सिद्धांत नहीं दिया गया है।



**...साभार**

# वर्ल्ड रेडियो डे : एक दौर था जब रेडियो का हर कोई दीवाना था

**राधा नामदेव**



राधा नामदेव के नाम से मुझे रेडियो से पहचान मिली है और मैं एक व्यवसाई महिला हूं और रेडियो मेरा जीवन साथी 1985 से मैं 8 साल की उम्र से रेडियो सुनती आ रही हूं या यूं कहें मेरी जिंदगी में एक अहम भूमिका रेडियो ने निभाई है। विश्व रेडियो दिवस के विषय में बहुत लिखने का मन है, रेडियो दिवस की अधिकारिक घोषणा 2011 में की गई थी और 2012में 13 फरवरी को पहली बार विश्व रेडियो दिवस मनाया गया, तब से हम रेडियो प्रेमी हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाते आ रहे हैं, रेडियो दिवस हमारे लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है।

रेडियो का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है हम सभी रेडियो प्रेमी एक परिवार की तरह रहते हैं। रेडियो 90के दशकों में जितना दुर्लभ था। आज के टाइम में उतना ही आसान है। वो वक्त था जब हम रेडियो सिर्फ घर में ही सुन सकते थे आज के टाइम में हम रेडियो हर वक्त अपनी जेब में रखते हैं और कोई प्रोग्राम नहीं छूटता। बड़ा ही सरल है आज के टाइम में रेडियो सुनना महत्वपूर्ण जानकारियां, समाचार गीत संगीत का एक ऐसा भंडार जो आज भी लोगों के दिलों पर राज करता है। एक बार फिर से विश्व रेडियो दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



## सितारों ने रूपहले पर्दे पर दी रेडियो को आवाज



**मुंबई।** बॉलीवुड के कई सितारों ने रूपहले पर्दे पर रेडियो को आवाज़ दी है। हर साल 13 फरवरी को वर्ल्ड रेडियो डे मनाया जाता है। रेडियो आज भी ऐसा माध्यम है जो दूरियों को मिटाता है, लोगों को जोड़ता है और भावनाओं को आवाज़ देता है। पॉडकास्ट और डिजिटल प्लेटफॉर्म से बहुत पहले, रेडियो ही बातचीत, संगीत और खबरों का सबसे भरोसेमंद ज़रिया था। बॉलीवुड ने रेडियो को हमेशा सिर्फ़ एक पेशे के रूप में नही, बल्कि लोगों को जोड़ने वाले एक भावनात्मक सहारे के रूप में दिखाया है। सिर्फ यही नही, हिदी फिल्मों ने रेडियो के इस असर को कई यादगार किरदारों के ज़रिए भी दिखाया है। सलाम नमस्ते 2005 में प्रीति जिंटा ने रेडियो जॉकी अम्बर एम्बी मल्होत्रा का किरदार निभाया था। यह किरदार आत्मनिर्भर, बेबाक और मॉडर्न था। उस समय जब एफएम रेडियो युवाओं में लोकप्रिय हो रहा था, एम्बी ने दिखाया कि आरजे सिर्फ़ गाने नहीं बजाते, बल्कि श्रोताओं के दोस्त भी होते हैं। लगे रहो मुन्नाभाई 2006 में विद्या बालन यानी जान्हवी एक रेडियो शो होस्ट थी, जो अपने शो के ज़रिए गांधीजी के विचार आम लोगों तक पहुंचाती हैं। इस फिल्म ने दिखाया था कि रेडियो कैसे समाज में सकारात्मक सोच और बदलाव ला सकता है। लगे रहो मुन्नाभाई में संजय दत्त का किरदार रेडियो जॉकी नहीं था, लेकिन रेडियो की भूमिका कहानी में बहुत अहम थी। रेडियो के ज़रिए गांधीगिरी लोगों तक पहुंची और यह साबित हुआ कि यह माध्यम किसी की भी सोच को प्रभावित करने की जबरदस्त ताक़त रखता है। गुजारिश 2010 ऋतिक रोशन ने ईथन मैस्करेनहास का किरदार निभाया था, जो हादसे के बाद रेडियो जॉकी बन जाता है। उनका लेट-नाइट शो भावनाओं और शायरी से भरा होता है। यह किरदार दिखाता है कि रेडियो आवाज़ के ज़रिए दिलों से कैसे जुड़ता है। तुम्हारी सुलु 2017 में विद्या बालन एक साधारण गृहिणी सुलु के रूप में नज़र आती हैं, जो लेट-नाइट रेडियो जॉकी बन जाती है। उनका किरदार रेडियो की सादगी और अपनापन दिखाता है, जहां श्रोता खुलकर अपनी बातें साझा करते हैं।



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा व अन्य विपक्षी सांसद।

## दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय में गोलीबारी, दो की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय के परिसर में हुई गोलीबारी की एक घटना में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। 'फॉक्स न्यूज' ने शुक्रवार को यह जानक. ारी साझा की। यह घटना गुरुवार शाम 'ह्यूजाइन सूट्स' छात्र आवासीय परिसर में हुई। घटना के बाद विश्वविद्यालय ने परिसर में 'लॉकडाउन' लागू कर दिया है। दक्षिण कैरोलिना कानून अनुपालन विभाग इस मामले की जांच कर रहा है।

## भारतीय वायुसेना ने थाईलैंड वायु सेना के साथ अभ्यास में साझा किए रणकौशल के गुर

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में थाईलैंड की वायु सेना रॉयल थाई वायुसेना के साथ तीन दिन तक एक अभ्यास में हिस्सा लिया जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ हुआ और पारस्परिक समझ में वृद्धि हुई। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 9 से 12 फरवरी तक हुए इस युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास में द्विपक्षीय सहभागिता पर जोर दिया गया। अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 बहुउद्देश्ईय लड़ाकू विमान और रॉयल थाई वायुसेना के साब ग्रिपेन जेट ने अपने रण कौशल का प्रदर्शन किया। समुद्री क्षेत्र के उपर वायु सेना के विमानों की विस्तारित दूरी की उड़ानों के लिए आईएल-78 आकाश में ईंधन भरने वाले टैंकरों द्वारा सहायता प्रदान की गई।

# इमरान की एक आंख की 85 प्रतिशत रोशनी खत्म

### कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच, पूर्व पाक पीएम इमरान बोले: प्राइवेट इलाज की इजाजत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85 प्रतिशत रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे।

अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डाक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15 प्रतिशत रोशनी बची है। वहीं इमरान का कहना है उन्हें निजी डाक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है। इमरान खान को अगस्त 2023 में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वे तब

■ अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई



से जेल में बंद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 से इमरान खान को अडियाला जेल में लगातार अलग-थलग रखा गया है। उनके वकील ने मुलाकात के बाद बताया कि वो काफी परेशान और मानसिक रूप से दबाव में नजर आए। 73 साल के इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें अपने निजी डाक्टरों से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उनका रेगुलर ब्लड टेस्ट भी नहीं हुआ। यहां तक कि दो साल में उन्हें दांतों के डाक्टर के पास भी नहीं ले जाया गया, जबकि उन्होंने कई बार इसकी मांग की थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनके परिवार और वकीलों से मिलने पर भी पाबंदियां लगाई गईं। अदालत के आदेश के बावजूद उनकी बहनों को नियमित रूप से मिलने नहीं दिया गया। हालांकि हाल ही में जेल प्रशासन बदलने के बाद अब उन्हें अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार 30 मिनट मिलने की इजाजत मिली है। उनके बेटों कासिम और सुल. ेमान से 2025 में सिर्फ दो बार फोन पर बात करने दी गई। पिछले पांच महीनों से उन्हें अपने मुख्य वकील और कानूनी टीम से भी मिलने नहीं दिया गया। रिपोर्ट के अंत में चेतावनी दी गई है कि अगर तुरंत बेहतर मेडिकल जांच, साथ ही परिवार और वकीलों से मिलने की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो उनकी सेहत को और गंभीर खतरा हो सकता है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने पिछले महीने बताया था कि इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्लूजन (सीआरवीओ) नाम की बीमारी पाई गई है। पार्टी ने कहा था कि मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय में सही इलाज नहीं मिलने पर इमरान की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है।

# बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत

## बीएनपी + गठबंधन ने 299 में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए 150 के आंकड़े को पार किया

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार

■ जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक की गणना में 77 सीटें मिली हैं

■ हिंदू वोट बीएनपी को मिले बीएनपी ने मोदी को धन्यवाद कहा रिश्ते मजबूत करने की उम्मीद जताई



गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के वोट खासकर हिंदू वोटर बीएनपी में शिफ्ट हो गए। बीएनपी को अवामी लीग के गढ़ रहे गोपालगंज के अलावा खुलना, सिलहट, चटगांव, ठाकुरगंज में जीत मिली है।

जमात का अतीत आड़े आ गया, लोगों को याद रहा कि उसने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का विरोध किया था। जमात इस दाग को नहीं धो पाई। स्टूडेंट्स की नेशनल सिटीजन पार्टी को आपसी फूट और जमात से गठबंधन करना भारी पड़ा। उन्हें लोगों ने पूरी तरह खारिज कर दिया। बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। बीएनपी ने पीएम मोदी के बधाई पोस्ट का जवाब दिया। बीएनपी के चुनाव प्रबंधन कमिटी के चेयरमैन नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि हम भी मोदी जी का धन्यवाद देते हैं। हमारा मानना है कि तारिक रहमान के नेतृत्व में दोनों देशों के रिश्ते और लोगों के बीच का बंधन और मजबूत होगा। चीन ने बांग्लादेश में हुए सफल और शांतिपूर्ण आम चुनाव की तारीफ की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव ठीक तरह से हुए और बीएनपी को बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि चीन, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक फैसलों का समर्थन करता है और ढाका के साथ मिलकर चीन-बांग्लादेश रणनीतिक सहयोग साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इससे पहले मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने चीन के साथ रिश्ते मजबूत करने और ज्यादा निवेश लाने की कोशिश की थी। अब बीएनपी की सरकार से भी उम्मीद है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखेगी, क्योंकि चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। देश के इतिहास में चौथे जनमत संग्रह में 60.26 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 48074429 वोट हां के पक्ष में पड़े, जबकि 22565627 वोट नहीं के पक्ष में पड़े। गुरुवार को 13वें संसदीय चुनाव के साथ आयोजित जनमत संग्रह में कुल 70640056 लोगों ने मतदान किया। यह परिणाम जुलाई के राष्ट्रीय चार्टर में शामिल संवैधानिक सुधार के 48 बिंदुओं को लागू करने के लिए जनता की सहमति को दर्शाता है।

### बांग्लादेश के साथ मिलकर काम करने का उत्सुक: शहबाज

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को प्रचंड बहुमत मिला है। 300 सीटों में 200 से ज्यादा सीटें जीतकर बीएनपी सत्ता में आ रही है। ऐसे में तारिक रहमान प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। इस बीच भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी बीएनपी की जीत पर बधाई दी है। पाकिस्तान के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने शुक्रवार को बीएनपी और पार्टी नेता तारिक रहमान को संसदीय चुनावों में भारी बहुमत हासिल करने पर बधाई दी। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने एक बयान में बांग्लादेश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के लिए इस्लामाबाद के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान व्यापार, रक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ढाका में नया राजनीतिक वातावरण पूरे क्षेत्र में अधिक संतुलित, स्वतंत्र और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक जुड़ाव में योगदान देगा। इसी के साथ बांग्लादेश की निरंतर स्थिरता, प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी बीएनपी को 'शानदार जीत' दिलाने पर तारिक रहमान को बधाई भी दी।

## ढाका-3 से अल्पसंख्यक हिंदू नेता गायेश्वर राय जीते

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आने वाले गायेश्वर चंद्र राय ने ढाका-3 संसदीय सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की है।

राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को परा. जित किया। शाहिनुर इस्लाम जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार थे। यह जीत 1971 में स्वतंत्रता के बाद ढाका से चुने गए पहले हिंदू सांसद के रूप में दर्ज की गई है। राय की जीत ऐसे समय में आई है जब देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित हमलों

■ राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया

और उत्पीड़न की खबरें सामने आती रही हैं। दिसंबर में कट्टरपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद कई स्थानों पर तनाव की स्थिति बनी थी। भारत ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। ऐसे माहौल में एक हिंदू नेता का राजधानी क्षेत्र से जीतना राजनीतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बदलाव की संभावना का प्रतिनिधित्व करते तारिक रहमान

**नई दिल्ली।** लंदन में 17 साल के स्व-निर्वासन से लौटने के लगभग दो महीने बाद सभी उम्मीदों को धता बताते हुए तारिक रहमान ने बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को एक निर्णायक जीत दिलाई है। इस शानदार जीत में बीएनपी ने दो-तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा किया और अवामी लीग पर लगे विवादास्पद प्रतिबंध के बाद बने शून्य को भर दिया। इस जीत ने शासन का कोई पिछला अनुभव न रखने वाले व्यक्ति को 17 करोड़ लोगों के राष्ट्र के प्रमुख के पद पर पहुंचा दिया है। विरासत की राजनीति के अभ्यस्त इस देश में, रहमान का उत्थान अपरिहार्य और असंभव दोनों ही महसूस हुआ। वह जियाउर रहमान के सबसे बड़े बेटे हैं, वही पूर्व सैन्य अधिकारी जिन्होंने 1971 में बंगलादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की थी।

## भारत जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं: डा. जितेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिह ने जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नई गति देने के उद्देश्य से एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाच. ार पहल के तहत दो हजार करोड़ रुपये के बीआईआरएसी-आरडीआई फंड की पहली राष्ट्रीय घोषणा की। डॉ. जितेंद्र सिह ने आज यहां इसकी घोषणा करते हुए कहा कि भारत अब जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ चुका है। यह पहल विज्ञान-आधारित विकास की दिशा में भारत के दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला से उद्योग तक के अंतर को पाटने के लिए यह फंड एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

## सोवियत युग के आलोचक राय मेदवेदेव का निधन

**मास्को।** सोवियत युग के प्रमुख आलोचक और लेखक राय मेदवेदेव का शुक्रवार को 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया, इसकी जानकारी रूस के राज्य मीडिया ने दी। मेदवेदेव स्टालिन और बाद के सोवियत नेताओं की नीतियों के आलोचक के रूप में जाने जाते थे।

मेदवेदेव ने सोवियत युनियन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएसयू) द्वारा अपनाई गई मार्क्सवादी नीतियों की आलोचना की। उनके किताब 'लेट हिस्ट्री जज' के पश्चिम में प्रकाशित होने के बाद उन्हें 1969 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उनके पिता अलेक्जेंडर, जो रेड आर्मी में कमिसर थे, स्टालिन की शुद्धिकरण नीतियों के दौरान गिरफ्तार हुए और जीयूएलएजी श्रम शिविर में मृत्यु हो गई। मेडवेदेव का नाम उनके पिता ने भारतीय कम्युनिस्ट नेता एम एन राय के नाम पर रखा था। 1960 के दशक में सोवियत बुद्धिजीवियों में उदित हुए सुधारवादी समाजवाद के विचारों को उनके कार्यों में देखा जा सकता है। 1970 में, उन्होंने एंड्रेई सखारोव और अन्य के साथ मिलकर सोवियत नेतृत्व को खुला पत्र लिखा। मेदवेदेव ने अपने जुड़वां भाई झोरेस के साथ मिलकर लिखी किताब 'ए क्वेश्चन आफ मैडनेस' में झोरेस के कालुगा मनोवैज्ञानिक अस्पताल में अनैच्छिक बंदीकरण का वर्णन किया। 1989 में, मिखाइल गोर्बाचेव की पेरिस्ट्रोइका और ग्लासनास्ट सुधारों के दौरान मेदवेदेव ने कम्युनिस्ट पार्टी में फिर से प्रवेश किया।

## मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित चार प्रांतों को आपदा क्षेत्र किया घोषित

**काहिरा।** मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम (32.79 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निक. ाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार बारिश और बाढ़ से 110000 हेक्टेयर से अधिक का क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

## चीनी प्रभुत्व को रोकने को मजबूत भारत जरूरी: कपूर

### दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान टिप्पणी की

**वाशिंगटन।** दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है।

मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाए रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला



■ सुनवाई के दौरान व्यापार कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे


कैसे करना चाहिए और दक्षिण एवं मध्य एशिया में तेजी से बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए। सत्र की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष और प्रतिनिधि बिल हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया उपसमिति की कार्यवाही शुरू की जाती है। इस सुनवाई का उद्देश्य दक्षिण मध्य एशिया में अमेरिका की विदेश नीति की जांच करना है। उन्होंने इस क्षेत्र को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक बताया और कहा कि वहां अमेरिकी रणनीति अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और हमारी वैश्विक उपस्थिति की कुंजी है। हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया लगभग दो अरब लोगों, गतिशील अर्थव्यवस्थाओं और रणनीतिक जलमार्गों का घर है जो भारत-प्रशांत में शक्ति संतुलन को आकार देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि हमारा जुड़ाव आने वाले दशकों के लिए एशिया में अमेरिका की भूमिका को परिभाषित करेगा। अध्यक्ष ने आगाह किया कि चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड' पहल के माध्यम से अपने सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के लिए 'दमनकारी ऋण' देता है और छोटे देशों को कर्ज के जाल में फंसाता है।' उन्होंने यह भी कहा कि चीन ने अपनी सैन्य आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करते हुए भारत, नेपाल और भूटान के साथ अपनी सीमाओं को मजबूत किया है।

# ट्रम्प ने दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा

### ईरान से तनाव के बीच अमेरिका की बड़ी तैयारी, नए फैसले ने दोनों देशों के बीच कड़वाहट बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक नए फैसले ने दोनों देशों के बीच इस कड़वाहट को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

दरअसल ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत 'यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड' को कैरेबियन सागर से हटाकर मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) भेजने का आदेश दिया है। यह मिडिल ईस्ट में तैनात होने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा विमानवाहक पोत होगा। इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। इस खबर को सबसे पहले द



■ इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है

न्यूयार्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया था। ट्रम्प के इस फैसले के बाद अब मध्य पूर्व के इलाके में अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत और उनके साथ चलने वाले वारशिप इस इलाके में पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन इस कदम के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाना चाहता है। सैन्य गति. विधियों की जानकारी देने वाले व्यक्ति ने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह बातें साझा की हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन और तीन मिसाइल वाले विध्वंसक जहाज (डिस्ट्रायर) दो हफ्ते पहले ही मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। यूएसएस फोर्ड के लिए यह एक अचानक बदलाव है। पिछले साल अक्टूबर में ट्रम्प ने इसे भूमध्य सागर से कैरेबियन भेजा था। उस समय वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए वहां बड़ी सैन्य मौजूदगी तैयार की गई थी। यह कदम ट्रम्प की उस सुरक्षा रणनीति से अलग नजर आता है, जिसमें उन्होंने दुनिया के दूसरे हिस्सों के बजाय पश्चिमी गोलार्ध पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही थी। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रम्प ने एक्सियोस को बताया था कि वह मध्य पूर्व में एक और युद्धपोत भेजने के बारे में सोच रहे हैं। फिलहाल व्हाइट हाउस ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा, स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14. 208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।

